दैनिक
# सत्ता सुधार
जनता के साथ जनता की आवाज
सागर ■ मंगलवार 01 जुलाई 2025 ■ वर्ष -02 ■ अंक-244 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹04

**सुविचार**
जो अप्राप्त वस्तु के लिए चिंता नहीं करता और प्राप्त वस्तु के लिए सम रहता है, वह संतुष्ट कहा जा सकता है। -महोपनिषद

### 90 दिन चले जल गंगा संवर्धन अभियान का सीएम ने किया समापन, कहा-
# पीएम मोदी वर्तमान युग के भागीरथ

पीएम के नेतृत्व और दृष्टि ने जल-संरक्षण को राष्ट्रीय चेतना में बदला

डॉ. यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान बना जन-आंदोलन

### नदियों-कुओं-तालाबों व बावड़ियों के संरक्षण की रही है परंपरा, एक बगिया मां के नाम अभियान का शुभारंभ, 1568 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमि-पूजन

- जावर माइक्रो सिंचाई परियोजना समेत चार परियोजनाओं का लोकार्पण
- जीर्णोद्धार की गई 74 जल संरचनाओं का लोकार्पण
- खंडवा बायपास समेत सड़कों के लिए 174 करोड़ की घोषणा
- जल गंगा संवर्धन अभियान में जल योद्धा हुए सम्मानित





**एकात्म धाम को करेंगे विकसित**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ 2028 से पहले ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम को उज्जैन के बाबा महाकाल लोक की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। ओंकारेश्वर तक ट्रेन कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए ट्रैक का विस्तार किया जा रहा है। यहां आने वाले पर्यटकों के लिए जल्द ही हेलीकॉप्टर सेवा की भी शुरुआत होगी। प्रदेश को 18 हजार 500 करोड़ रुपए की लागत से इन्दौर-मनवाड रेल लाइन की सौगात मिली है।

**4 जुलाई को मेधावी छात्रों को मिलेंगे लैपटॉप**

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना की पात्र हितग्राहियों को रक्षाबंधन से पहले अतिरिक्त 250 रुपए शगुन के रूप में मिलेंगे। दीपावली के बाद भाई-दूज से लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए दिए जाएंगे। राज्य सरकार संकल्प पूरा करते हुए आगामी चुनाव तक 3000 रुपए बहनों के खातों में भेजेगी। वहां 4 जुलाई को मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूटी की राशि वितरित की जाएगी। शासकीय स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों को किताब-कॉपी के साथ साइकिलें भी बांटी जा रही हैं।

**सरकार सोलर पंप के लिए दे रही अनुदान**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पंप दिए जा रहे हैं। प्रदेश के शासकीय अधिकारियों-कर्मचारी की 9 साल से अटकी पदोन्नति की प्रक्रिया को शुरू करने की मंजूरी दी गई है। राज्य सरकार ने सड़क हादसे में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वालों को 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की योजना शुरू की है। प्रदेश के गरीब-जरूरतमंदों को बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा दी जा रही है।

सत्ता सुधार ■ भोपाल

जल गंगा संवर्धन अभियान का सोमवार को खण्डवा में समारोहपूर्वक समापन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में 1568 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास के तहत पंचायतों में हुए 578 करोड़ लागत के 57207 कार्यों का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने वॉटर-शेड विकास घटक के अंतर्गत प्रदेशभर के 888 जल संरक्षण कार्यों का लोकार्पण और खण्डवा जिले की जावर माइक्रो सिंचाई परियोजना एवं 3 अन्य सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान प्रदेश की जीर्णोद्धार की गई 74 जल संरचनाओं का लोकार्पण भी हुआ। समारोह में पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा भेजे गये संदेश का वाचन पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि पीएम मोदी ने मध्यप्रदेश को एक नहीं, तीन राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजनाओं की सौगात दी है, जो भविष्य में देश-प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन की नई दिशा तय करेंगी। उन्होंने पीएम मोदी को वर्तमान युग का भागीरथ बताया। उनके नेतृत्व और दृष्टि ने जल संरक्षण को राष्ट्रीय चेतना में बदल दिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में गुड़ी पड़वा 30 मार्च से 30 जून तक सभी जिलों में जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए नवाचार किए गए। अभियान में मनरेगा योजना के अंतर्गत खेत तालाब, अमृत सरोवर और कूप रिचार्ज पिट का निर्माण एवं जल संरचाओं का जीर्णोद्धार किया गया। जल स्त्रोतों के संरक्षण में 2 लाख 39 हजार जलदूतों का सहयोग मिला, वे जल संवर्धन के संवाहक बने हैं। कुल 38 हजार नए खेत तालाब बनाए गए हैं। अकेले खंडवा जिले में 254 करोड़ की लागत से 1 लाख से अधिक कुएं रिचार्ज किए गए। इसके लिए खंडवा को देश में प्रथम स्थान मिला है। आज इंदौर संभाग स्वच्छता और जल संरक्षण में नंबर-एक है। प्रदेशभर में 70 हजार कुओं, बावड़ियों, नदियों और तालाबों का संरक्षण किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 57 से ज्यादा नदियों में मिलने वाले 140 बड़े नालों को चिह्नित किया गया है। प्रदेश के 36 जिलों में 91 वाटर-शेड परियोजनाएं विकसित हो चुकी हैं। खेतों की सिंचाई के लिए 9 हजार जल रचनाएं तैयार की गई हैं। आज 1568 करोड़ के लोकार्पण और भूमि-पूजन किए गए हैं। खंडवा में 4 सिंचाई परियोजनाओं की शुरुआत की गई है। बुंदेलखंड को केन-बेतवा लिंक नदी जोड़ो परियोजना, मालवा-चंबल क्षेत्र को पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) और निमाड़ को तापी मेगा रिचार्ज परियोजना का लाभ मिलेगा। आगामी वर्षों में प्रदेश का सिंचाई क्षेत्र 55 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 100 लाख हेक्टेयर करेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि आज से जल गंगा संरक्षण अभियान नए रूप में शुरू होगा। प्रदेशभर में एक पेड़ मां के नाम का शुभारंभ हुआ है। उद्यानिकी विभाग के सहयोग से 30 जून से 15 अगस्त तक शासकीय भूमि पर पौधारोपण किया जाएगा। इसके बाद 15 अगस्त से 15 सितंबर तक निजी भूमि पर पौधारोपण कार्य होगा। इस प्रकार आगामी 3 वर्ष में प्रदेश की 30 हजार एकड़ जमीन पर एक बगिया मां के नाम तैयार होंगी। इस अभियान में राज्य सरकार पर कुल 900 करोड़ रुपए का व्यय भार आएगा। कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, जनजातीय कार्य विभाग मंत्री कुंवर विजय शाह, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, प्रभारी मंत्री खण्डवा एवं संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास राज्यमंत्री धर्मेन्द्र लोधी, पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राधा सिंह, सांसद खंडवा श्री ज्ञानेश्वर पटेल, बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनीस, संत दादा गुरु सहित क्षेत्र के नगरीय निकायों और पंचायतों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पीएम ने दी सफलता पर बधाई



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी टीम के जल संवर्धन और संचयन के कार्यों से जल गंगा संवर्धन अभियान को जन-आंदोलन बनते देखना सुखद अनुभूति है। पीएम मोदी ने मध्यप्रदेश के लाखों लोगों के परिश्रम, समर्पण और आस्था से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर प्रेषित अपने संदेश में प्रदेशवासियों, विशेषतः जलदूतों, स्व-सहायता समूह की महिलाओं और किसानों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश के लाखों लोगों के परिश्रम, समर्पण और आस्था से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर जारी अपने संदेश में यह बात कही। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित प्रदेशवासियों को इस सफलता के लिये बधाई भी दी।

---

### ब्रीफ न्यूज

**मणिपुर में चार लोगों की हत्या, इलाके में तनाव**

**इंफाल।** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में पिछले साल से जारी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में सोमवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। मरने वालों में एक 60 वर्षीय महिला भी शामिल है। हमला चुराचांदपुर जिले के मोंगजंग गांव के पास दोपहर करीब 2 बजे हुआ। जब पीड़ित कार में यात्रा कर रहे थे। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार पीड़ितों को नजदीक से गोली मारी गई। सोमवार शाम को जारी एक बयान में यूनाइटेड कुकी नेशनल लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी ली।

**एआईएमआईएम बनाएगी तीसरा मोर्चा**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले एनडीए के लिए अच्छी खबर आई है। तेजस्वी के नेतृत्व वाले महागठबंधन से अलायंस की खुली कोशिश में जुटी असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने अब कहा है कि वो तीसरा मोर्चा बनाने की कवायद शुरू कर रही है। पार्टी के विधायक अख्तरुल ईमान ने मोर्चा बनाने का ऐलान कर दिया है। ईमान ने कहा था कि भाजपा और एनडीए को हराने के लिए एआईएमआईएम राजद, कांग्रेस, लेफ्ट और वीआईपी महागठबंधन से हाथ मिलाने को तैयार है जिससे वोट ना बंटे।

**ललित को झटका, जुर्माना भरने वाली याचिका खारिज**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ललित मोदी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने फेमा के उल्लंघन के लिए ईडी द्वारा उनके ऊपर लगाया गया 10.65 करोड़ रुपए का जुर्माना बीसीसीआई को अदा करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। हालांकि, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि ललित मोदी को कानून के अनुसार उपलब्ध उपायों का लाभ प्राप्त करने का अधिकार होगा।

## तेलंगाना की केमिकल फैक्टरी में विस्फोट, 12 की मौत, दर्जनों घायल

### एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचा

एजेंसी ■ हैदराबाद

तेलंगाना के संगारेड्डी में सोमवार को एक फार्मा प्लांट में हुए संदिग्ध विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई। हादसे में करीब 34 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि पशम्यलारम औद्योगिक एस्टेट में सिगाची फार्मा कंपनी में जहां विस्फोट हुआ, वहां कई श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। उन्हें बचाने के प्रयास जारी हैं।

अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि हादसे में 12 लोगों की मौत हुई है, जबकि 34 लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है और उनका इलाज जारी है। उनकी हालत के बारे में तत्काल पता नहीं चल पाया है, क्योंकि बचाव अभियान अभी भी जारी है। आग बुझाने के लिए दमकल गाड़ियों को लगाया गया। मल्टी जोन-2 के महानिरीक्षक वी सत्यनारायण ने बताया कि पशम्यलारम में रासायनिक उत्पादन फैक्ट्री सिगाची फार्मा में विस्फोट हुआ। यह घटना सुबह 8.15 से 9.35 बजे के बीच हुई। घटना में कुल 12 लोगों की मौत हो चुकी है। 34 अन्य घायल हैं। छह शव बरामद किए गए हैं।



**मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने घटना पर जताया दुख**

यह पूछे जाने पर कि क्या यह विस्फोट था या फिर कोई अन्य दुर्घटना? एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि यह विस्फोट था। आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख जताया है और अधिकारियों को फंसे हुए श्रमिकों को बचाने और उन्हें सबसे अच्छा इलाज मुहैया कराने के लिए सभी कदम उठाने का निर्देश दिया।

**पीएम मोदी ने किया सहायता राशि का ऐलान**

पीएम नरेंद्र मोदी ने घटना में लोगों की मौत पर जताया। उन्होंने कहा कि घटना से दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

चंदा नगर में इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। हम 20 मिनट में ही घटनास्थल पर पहुंच गए थे। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य बचाव दल 10 दमकल गाड़ियों के साथ घटनास्थल पर हैं।

स्थानीय लोगों के मुताबिक हादसे के समय कई कर्मचारी रिएक्टर के पास काम कर रहे थे। वहीं, धमाके के बाद आग पूरी फैक्ट्री में फैल गई, जिससे कई लोग अंदर ही फंस गए। इस फैक्ट्री में उत्तर प्रदेश और ओडिशा समेत कई राज्यों के कर्मचारी मौजूद थे। आग लगने के बाद ज्यादातर कर्मचारी बाहर निकलने में कामयाब रहे। हालांकि, इस दौरान कई लोग आग की लपटों में बुरी तरह झुलस गए हैं।

**पीएम मोदी आज जाएंगे घाना**

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के जल्द घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया का दौरा करने वाले हैं। सचिव दम्मू रवि ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री 2 से 3 जुलाई को घाना का दौरा करेंगे। यह यात्रा 30 साल बाद हो रही है। राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने हाल ही में भारी जीत के बाद पदभार संभाला है। भारत और घाना के बीच ऐतिहासिक संबंध हैं। उन्होंने कहा, दोनों देश अपने आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करेंगे। आर्थिक मुद्दे वार्ता का मुख्य विषय होंगे।

## आग्रह : कोलकाता दुष्कर्म मामले का संज्ञान लेकर सीबीआई को सौंपी जाए जांच

**पत्र के जरिए भेजी याचिका सीजेआई गवई से की मांग**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई बीआर गवई को पत्र के जरिए एक याचिका भेजी गई है, जिसमें आग्रह किया गया है कि वह कोलकाता के एक लॉ कॉलेज में हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले का संज्ञान लें। यह मामला कस्बा क्षेत्र में स्थित साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज का है, जहां 25 जून को एक प्रथम वर्ष की छात्रा के साथ कथित तौर पर कॉलेज परिसर के अंदर ही तीन लोगों ने मिलकर दुष्कर्म किया। आरोपियों का संबंध टीएमसी की छात्र इकाई तृणमूल छात्र परिषद से बताया जा रहा है।



याचिका में सीजेआई से अनुरोध किया गया है कि वह इस मामले में संज्ञान लेकर तत्काल और निष्पक्ष जांच का आदेश दें। इसके साथ ही यह मांग भी की गई है कि इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी जाए और जांच को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया जाए। यह याचिका वकील सत्यम सिंह की ओर से दाखिल की गई है। इसमें पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि पीड़िता को 50 लाख रुपए की अंतरिम मुआवजा राशि दी जाए।

### आरएसएस के होसबाले के बयान पर खड़गे ने दी प्रतिक्रिया, कहा-
## अगर संविधान के किसी भी शब्द को छुआ गया तो...

एजेंसी ■ बंग्लुरु

आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने बीते दिनों संविधान की प्रस्तावना से समाजिकता और धर्मनिरपेक्षता शब्द को हटाने की बात कही। हासबाले के इस बयान के बाद देश में सियासी गर्माहट तेज होती दिख रही है। ऐसे में अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अगर संविधान के किसी भी शब्द को छुआ गया तो कांग्रेस उसका कड़ा विरोध करेगी और वह अंतिम दम तक लड़ाई लड़ेगी। बंग्लुरु में पत्रकारों से



बातचीत के दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे होसबाले को मनुस्मृति का समर्थक बताया। उन्होंने कहा कि वे गरीबों और कमजोर वर्ग को आगे बढ़ने नहीं देना चाहते। वे हजारों साल पुरानी व्यवस्था को बनाए रखना चाहते हैं। इसलिए वे समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और संविधान के मुख्य सिद्धांतों को पसंद नहीं करते। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ होसबाले की सोच नहीं, बल्कि पूरी आरएसएस की विचारधारा है। खड़गे ने पूरे आरएसएस को कमजोर समुदायों के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि आरएसएस गरीब, दलित, पिछड़े वर्गों और अन्य कमजोर समुदायों के खिलाफ है। अगर वे सचमुच हिंदू धर्म के रक्षक हैं तो पहले छुआछूत जैसी कुरीतियों को खत्म करें। खड़गे ने आरएसएस के पास इतना संसाधन और सदस्य हैं, उन्हें छुआछूत खत्म करने के लिए काम करना चाहिए, न कि केवल बातें बनाकर देश में भ्रम फैलाना।

**खड़गे ने संघ से की अपील**

राज्यसभा में विपक्ष के नेता खड़गे ने कहा कि देश में साम्प्रदायिक सौहार्द और एकता बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने आरएसएस से अपील की कि वे केवल बयानबाजी न करें बल्कि काम करें। उन्होंने कहा कि हम संविधान के किसी भी शब्द को छूने नहीं देंगे। यह हमारे देश की आत्मा है और हम इसकी रक्षा के लिए पूरी ताकत से लड़ेंगे।

**सियासत** | तेलंगाना में रामचंद्र का प्रदेश अध्यक्ष बना तय, चुनाव को लेकर नाराज थे बीजेपी विधायक

## भाजपा को झटका, टी राजा ने पार्टी से दिया इस्तीफा

एजेंसी ■ हैदराबाद

अक्सर अपने बयानों के चलते चर्चा में रहने वाले भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। टी राजा सिंह तेलंगाना की गोशामहल विधानसभा सीट से भाजपा के विधायक हैं। टी राजा ने अपना इस्तीफा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जी किशन रेड्डी को भेजा है। उनके इस्तीफे के पीछे की वजह नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति को माना जा रहा है। बता दें कि रामचंद्र राव को तेलंगाना के लिए भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया जाना है। टी राजा ने अपने इस्तीफे में



लिखा-मैं यह पत्र भारी मन और गहरी चिंता के साथ लिख रहा हूं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रामचंद्र राव को तेलंगाना के लिए भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया जाना तय है। यह निर्णय न केवल मेरे लिए बल्कि लाखों कार्यकर्ताओं, नेताओं और मतदाताओं के लिए भी एक झटका और निराशा की तरह आया है, जो हर उतार-चढ़ाव में पार्टी के साथ खड़े रहे हैं। ऐसे समय में जब भाजपा तेलंगाना में अपनी पहली सरकार बनाने की दहलीज पर खड़ी है, इस तरह का चुनाव हमारी दिशा के बारे में गंभीर संदेह पैदा करता है।

**कुछ व्यक्तियों ने केंद्रीय नेतृत्व को किया गुमराह**

टी राजा ने आगे लिखा- हमारे राज्य में कई योग्य वरिष्ठ नेता, विधायक और सांसद हैं जिन्होंने भाजपा के विकास के लिए अथक काम किया है और जिनके पास पार्टी को आगे ले जाने के लिए ताकत, विश्वसनीयता और संपर्क है। दुर्भाग्य से, ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ व्यक्तियों ने, निजी हितों से प्रेरित होकर, केंद्रीय नेतृत्व को गुमराह किया है और पर्दे के पीछे से शो चलाकर निर्णय लिए हैं। यह न केवल जमीनी कार्यकर्ताओं के बलिदान को कमतर आंकता है बल्कि पार्टी को टाले जा सकने वाले झटकों में धकेलने का जोखिम भी पैदा करता है। उन्होंने कहा मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, अमित शाह और बीएल संतोष से भी विनम्रतापूर्वक अपील करता हूं कि वे इस निर्णय पर पुनर्विचार करें।

### विपक्षी दलों के आरोप पर चुनाव आयोग बोला
## मतदाता सूची की समय-समय पर समीक्षा करना अनिवार्य

एजेंसी ■ नई दिल्ली

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा को लेकर विपक्षी दलों की आपत्ति के बीच चुनाव आयोग ने सोमवार को स्पष्ट किया कि मतदाता सूची एक गतिशील सूची है, जिसमें समय-समय पर बदलाव होते रहते हैं, इसलिए इसकी नियमित समीक्षा अनिवार्य है। चुनाव आयोग ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 326 यह तय करता है कि केवल भारतीय नागरिक, जो 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं और निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य निवासी हैं, वोटर के रूप में पंजीकृत हो सकते हैं।

चुनाव आयोग ने बताया कि मतदाता सूची में निरंतर बदलाव होते हैं क्योंकि कई मतदाताओं की मृत्यु हो जाती है। कुछ लोग एक जगह से दूसरी जगह स्थानांतरित हो जाते हैं और नए युवा मतदाता 18 साल पूरे करके वोटर बनने के योग्य हो जाते हैं। इन्हीं कारणों से मतदाता सूची को समय-समय पर अद्यतन करना जरूरी होता है, ताकि कोई अपात्र व्यक्ति उसमें दर्ज न हो और कोई पात्र नागरिक छूटे नहीं।

## ब्रीफ न्यूज

### तीन अतिथि विद्वानों का आमंत्रण निरस्त

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने रीवा जिले के हनुमना स्थित शासकीय महाविद्यालय में आमंत्रित अतिथि विद्वान जानकी शरण शुक्ला व डॉ. गीता पटेल के आमंत्रण को साथ ही सीधी जिले के खड्डी स्थित शासकीय महाविद्यालय में आमंत्रित अतिथि विद्वान अभिनंदन पांडे के आमंत्रण को तत्काल निरस्त करने के संबंध में भी निर्देश जारी किए हैं। उक्त तीनों अतिथि विद्वान संस्थान में न होकर अन्यत्र स्थान से अमर्यादित व अनुचित रूप से सार्थक ऐप पर फर्जी उपस्थिति लगाकर अनुशासनहीनता करते पाए गए हैं।

### फील्ड अफसर को दिन में एक बार लगानी होगी हाजिरी

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने मैदानी अधिकारियों के लिए सैल्फी अटेंडेंस को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब फील्ड अधिकारियों जिनमें जेई व उससे ऊपर के अधिकारी शामिल हैं, को दो बार उपस्थिति दर्ज करने के स्थान पर दिन में कार्यालयीन समय में एक बार उपस्थिति दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कंपनी ने कहा है कि बढ़ती चुनौतियों व कार्य आवश्यकताओं को देखते हुए यह पाया गया है कि फील्ड अधिकारी अक्सर रखरखाव, विद्युत आपूर्ति और अधोसंरचना संबंधी कार्यों के लिए मैदानी भ्रमण पर रहते हैं, जिससे वे उपस्थिति समय-सारणी का पालन नहीं कर पाते हैं। ऐसे में मैदानी आवश्यकता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

### ऊर्जा विभाग में रिक्त पदों के लिए आवेदन आंमत्रित

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि ऊर्जा विभाग के अंतर्गत मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी में विभिन्न श्रेणियों के 633 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आंमत्रित किए गए हैं। रिक्त पदों में सहायक अभियंता, विधि अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, ट्रांसमिशन लाइन परिचारक, उपकेन्द्र परिचारक, सर्वेयर परिचारक के पद शामिल हैं। इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 अगस्त है।

पोषण ट्रेकर ऐप और कुपोषण पर कार्यशाल में मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा-

# निचले अमले को दें पोषण ट्रेकर ऐप की ट्रेनिंग, अफसर करें मॉनिटरिंग

सत्ता सुधार ■ भोपाल

प्रदेश में पोषण ट्रेकर एप के जरिए आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत बच्चों के शारीरिक माप जैसे ऊंचाई, वजन व आयु के अनुपात में पोषण स्थिति से संबंधित आंकड़ों का सतत विश्लेषण किया जा रहा है। इन आकड़ों के आधार पर राज्य में पोषण स्तर में सुधार के लिए त्वरित एवं क्षेत्र विशेष की आवश्यकता अनुसार कार्ययोजना बनाई जा रही है यह बात महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने एक दिवसीय कार्यशाला में कही।

मंत्री भूरिया ने कहा कि पोषण ट्रेकर ऐप न केवल बच्चों के शारीरिक माप बल्कि बच्चों के कुपोषण की स्थिति में बोनापन, कम वजन की पहचान में भी सहायक है। इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि निचले स्तर के अमले इस ऐप का उपयोग सही तरीके से कर रहे है अथवा नहीं। इसके लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, सुपरवाइजर सभी को तकनीकी ट्रेनिंग भी दी जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय करनी होगी। उन्होंने कहा कि निरंतर मॉनिटरिंग करने से त्रुटि को पकड़ा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह झाबुआ जिले में मोटी आई के कन्सेप्ट से कुपोषण में कमी हुई है। इसी तरह अधिकारियों को नवाचार



करना चाहिए। हर बच्चे का रिकार्ड रखें, उनकी निगरानी करें और अधिक कमजोर बच्चों को चिकित्सीय सहयोग उपलब्ध कराएं। कार्यशाल में अपर मुख्य सचिव महिला बाल विकास रश्मि अरूण शमी ने कहा कि पोषण ट्रेकर ऐप के आंकड़े और वास्तविक आंकड़ों मे फर्क इसलिए दिखता है क्योंकि हम सही मॉनिटरिंग नहीं कर रहे है। हर स्तर पर डेटा की मॉनिटरिंग होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पहला राज्य है जहां बालिकाओं के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना शुरू कि गई, महिलाओं को हर महीने लाड़ली बहना के तहत निश्चित राशि अंतरित की जा रही है, पर इस बात की मॉनिटरिंग भी होनी चाहिए कि महिलाएं इस राशि का उपयोग कर अपने बच्चों के पोषण पर ध्यान रख रही है अथवा नहीं।

### अधिकारी को हो एनआरसी की जानकारी : वली

वहीं आयुक्त महिला बाल विकास सूफिया फारूकी वली ने कहा कि कुपोषण एक बड़ी समस्या है जिसके अनेक कारण है। जिस क्षेत्र में कुपोषण के आंकडे बड़े हुए है, वहां पर संबंधित अधिकारी को हर स्तर पर इसकी जांच करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी को एनआरसी की पूरी जानकारी होना चाहिए कि उसमें कितने बेड खाली है, डॉक्टर्स से निरंतर बात कर बच्चों की जानकारी लें। कुपोषण को दूर करने लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रेकर ऐप में सही उपयोग से कुपोषण की पहचान करना, समय पर हस्तक्षेप करना और कुपोषण को कम करना संभव है।

# आज भरे जाएंगे नामांकन, कल होगा मतदान, अध्यक्ष का होगा ऐलान

## मध्यप्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद का चुनाव कार्यक्रम घोषित

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए औपचारिक चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। पार्टी के संविधान और केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के निर्देशों के अनुसार यह प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। राज्य निर्वाचन अधिकारी विवेक शेजवलकर ने सोमवार को यह अधिसूचना जारी की गई। जारी कार्यक्रम के मुताबिक 1 जुलाई को शाम 4.30 बजे से 6.30 बजे तक नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। इसके तुरंत बाद, 6.30 बजे से 7.30 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच और 7.30 बजे से 8.00 बजे तक नामांकन वापसी की प्रक्रिया होगी। उसी दिन 8.30 बजे रात को नामांकन पत्रों की अंतिम सूची घोषित की जाएगी।

2 जुलाई को सुबह 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक मतदान कराया जाएगा और मतदान की समाप्ति के तुरंत बाद मतगणना एवं परिणामों की घोषणा की



जाएगी। शेजवलकर ने बताया कि आवश्यक होने पर प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए दो जुलाई को सुबह 11 बजे से 2 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतों की गिनती के बाद दोपहर 2 बजे चुनाव परिणाम की घोषणा की जाएगी। राष्ट्रीय परिषद के 44 सदस्यों की निर्वाचन प्रक्रिया भी पूर्ण की जाएगी। भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए पहले ही 345 सदस्यीय प्रदेश परिषद का गठन कर लिया है। दो विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर एक क्लस्टर बनाया गया है, जिसके आधार पर ये सदस्य चुने गए हैं। आरक्षित वर्गो के लिए सीटों के अनुरूप उन्हीं वर्गो से परिषद सदस्य बनाए गए हैं। इसके अलावा महिलाओं और ओबीसी वर्ग को भी उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है। प्रदेश भाजपा में अधिकांश बार अध्यक्ष का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ है। अब तक केवल दो बार ही मतदान की नौबत आई है- एक बार 1990 में लखीराम अग्रवाल और कैलाश जोशी के बीच, और दूसरी बार 2000 में शिवराज सिंह चौहान और विक्रम वर्मा के बीच, जिसमें वर्मा ने जीत हासिल की थी।

### आदिवासी चेहरा प्रमुख विकल्प

भाजपा आदिवासी समाज को साधने के लिए ट्राइबल नेता को अध्यक्ष बना सकती है। इस विकल्प में केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, खरगोन सांसद गजेन्द्र पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते और राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी के नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं।

### आधा दर्जन से ज्यादा दावेदार

**प्रदेश अध्यक्ष की रेस में कई वरिष्ठ नेता और सांसद सक्रिय हैं। मौजूदा अध्यक्ष वीडी शर्मा भी फिर से दावेदारी में हैं। इनके अलावा पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, सांसद सुधीर गुप्ता और अरविंद भदौरिया के नाम चर्चा में हैं। अगर महिला अध्यक्ष की संभावना बनती है तो अर्चना चिटनीस, कविता पाटीदार, लता वानखेड़े और सावित्री ठाकुर जैसे नाम चर्चा में हैं। अनुसूचित जाति वर्ग से अध्यक्ष बनाए जाने की स्थिति में लाल सिंह आर्य और विधायक प्रदीप लारिया को प्रमुख दावेदार माना जा रहा है।**

# अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में प्रदेश की भागीदारी बढ़ाना है लक्ष्य

### मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ की बैठक को वर्चुअली किया संबोधित

सत्ता सुधार ■ भोपाल



अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में मध्यप्रदेश की भागीदारी और उपलब्धियां बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग दे रही है। 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक सहित सभी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में मध्यप्रदेश के खिलाड़ी अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और बड़ी संख्या में पदक लाएं, इस लक्ष्य के साथ प्रदेश में खेल गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ की जबलपुर में आयोजित वार्षिक बैठक को वर्चुअली संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेल अधोसंरचना विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है, खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण के साथ-साथ अन्य सहायता व प्रोत्साहन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। राज्य शासन मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ को हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी वर्चुअली शामिल हुए। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा व अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवक कल्याण मनु श्रीवास्तव भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ वर्ष 1952 से अर्थात् 73 साल से खेल के क्षेत्र में लगातार कार्यरत है। मध्यप्रदेश का 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा और प्रदेश ने पहली बार तीसरा स्थान प्राप्त किया। मध्यप्रदेश में खेलों का इंफ्रास्ट्रक्चर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश में 22 से ज्यादा हॉकी के एस्ट्रोटर्फ हैं और 15 एथलेटिक ट्रैक हैं, जो कि देश में किसी भी प्रदेश में नहीं है। मध्यप्रदेश में 18 एक्सीलेंस एकेडमी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओलंपिक संघ के सभी पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# सरकार एफआईआर दर्ज करा कर मेरा सम्मान कर रही हैः पटवारी

## सात दिनों में एफआईआर रद्द करने की मांग, 8 को नेता देंगे गिरफ्तारी

सत्ता सुधार ■ भोपाल

अशोकनगर जिले के एक मामले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने से प्रदेश की सियासत गमाई हुई है। कांग्रेस ने सरकार से 7 दिनों में एफआईआर रद्द करने की मांग की है और यदि ऐसा नहीं हुआ तो कांग्रेस 8 जुलाई को अशोक नगर में गिरफ्तारी देगी। उधर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि मैं जब भी बताता हूं कि यह अराजकता है, तो सरकार डर कर एफआईआर दर्ज करा देती है। जीतू पटवारी ने कहा कि मुझे अच्छा लगता है कि सरकार एफआईआर दर्ज करा कर मेरा सम्मान कर रही है कि हम अच्छा काम कर रहे हैं।

पटवारी ने कहा कि मुंगावली थाना क्षेत्र के गांव के जिस युवक की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है उसको मैं जानता भी नहीं हूं।



पहले उससे कभी नहीं मिला, जो भी बात हुई वह सार्वजनिक रूप से सबके सामने हुई। यदि सरकार साबित कर दे कि लोधी को मैं एक तरफ ले गया और उससे बात की। इस तरह का एक भी सबूत मिल जाए तो मैं अपने अध्यक्ष पक्ष से इस्तीफा दे दूंगा। सरकार ने जो किया वह अलोकतांत्रित है। उन्होंने कहा कि अधिकारी बिना दबाव के काम नहीं कर सकते। अधिकारियों को चेताना चाहता हूं कि एफआईआर लिखते जाओ और लिखते जाओ कि आपने क्या पाप किया है। लिखते जाओ कि आपके पाप की सजा आपको मिलेगी, कोई भी नहीं बचेगा, जिसने जहां-जहां कांग्रेस कार्यकर्ता के खिलाफ गलत एफआईआर कर उन्हें परेशान किया, तो 3 साल निकल जाएंगे, लेकिन इसके बाद उनके क्या स्थिति होगी, वह भी याद रखें।

### जो आवाज उठाता है उस पर कार्रवाई होती हैः सिंह

पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने कहा कि जो भी घटनाक्रम हुई, वह सार्वजनिक थी। पीड़ित ही प्रदेश अध्यक्ष के पास पहुंचा था, लेकिन सरकार ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने के स्थान पर पटवारी के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया। सरकार के खिलाफ जो आवाज उठाता है, उस पर कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने यदि एफआईआर वापस नहीं ली तो 8 जुलाई को पूरी कांग्रेस अशोकनगर में गिरफ्तारी देगी।


# 55 दिन में खाक हुआ भोपाल गैस त्रासदी का नामोनिशान

### 337 मीट्रिक टन जहर स्वाहा हाईकोर्ट में पेश होगी रिपोर्ट

सत्ता सुधार ■ भोपाल/इंदौर

दुनिया की सबसे बड़ी औद्योगिक त्रासदी के अवशेष के रूप में मौजूद यूनियन कार्बाइड के कचरा का अध्याय आखिरकार समाप्त हो चुका है। पीथमपुर के रामकी संयंत्र में नष्ट कर दिया गया है। 337 मीट्रिक टन कचरे को कई चरणों में लगातार जला दिया गया है। कचरा जलाए जाने की पूरी रिपोर्ट मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में पेश की जाएगी। बता दें प्रदूषण नियंत्रण मंडल की निगरानी में पूरा कचरा जलाया गया है।

दरअसल, दिसंबर 2024 में जबलपुर हाईकोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार को फटकार लगाते हुए कचरा जलाने के आदेश दिए थे। हाईकोर्ट ने कहा था कि राज्य सरकार की तरफ से मार्च 2024 में पेश की गई योजना के मुताबिक न्यूनतम अवधि 185 और



अधिकतम अवधि 377 दिनों में जहरीले कचरे को जलाने की थी। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के निर्देश के बाद भी यह कचरा क्यों नहीं जलाया गया। कोर्ट ने फटकार लगाते हुए 4 हफ्तों में कचरा हटाने के निर्देश दिए थे।

हालांकि पीथमपुर के रामकी संयंत्र में इसे जलाने की सतत प्रक्रिया के फलस्वरुप 29 जून की देर रात को ही बचा हुआ 270 किलोग्राम कचरा भी जलाकर भस्म कर दिया गया। इस कचरे से जो अवशिष्ट और राख प्राप्त हुई है। उस राख या अवशेषों को बोरों में सुरक्षित तरीके से भरकर सयंत्र के लीक प्रूफ स्टोरेज शेड में रखा जाएगा यानि की पर्यावरण आधारित उपाय के साथ उसका निष्पादन किया जाएगा।

# नर्सिंग संवर्ग के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया जल्द पूरी करें

## मेडिकल कॉलेज में मैनपॉवर की व्यवस्था के लिए तैयार करें प्रस्ताव

सत्ता सुधार ■ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि नर्सिंग संवर्ग के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए भर्ती नियमों में आवश्यक संशोधन कर कर्मचारी चयन मण्डल को त्वरित रूप से मांग पत्र प्रेषित किए जाएं। फार्मासिस्ट ग्रेड-2, नेत्र सहायक तथा ओटी टेक्नीशियन के पदों की पूर्ति के लिये भी भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के भी निर्देश दिए गए। मेडिकल कॉलेजों में आउटसोर्स से नियुक्ति संबंधी वर्तमान व्यवस्था में केवल अकुशल पदों की स्वीकृति है, जबकि विभागीय समिति द्वारा कुशल पदों की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है।

शुक्ल ने ग्वालियर मेडिकल कॉलेज में कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग की स्थापना के लिये प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे हृदय रोगों



विशेष रूप से बायपास सर्जरी की सुविधा ग्वालियर संभाग में सुलभ हो सके। इसी प्रकार इंदौर मेडिकल कॉलेज में नवजात एवं बाल चिकित्सा विभाग की स्थापना की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पूर्व की निवेश नीति के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिये। बंधपत्रधारी चिकित्सकों की जिला स्तर पर कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की उपस्थिति में अभिमुखीकरण (ओरिएंटेशन) करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने एचआरपी केंद्रों पर धात्री महिलाओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं एक ही कक्ष में उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिससे उनकी देखभाल सहज, सुरक्षित और समेकित रूप में संभव हो सके। उन्होंने फार्मेसी काउंसिल में पंजीयन एवं नियामक प्रक्रियाओं को सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिए नियमों में आवश्यक परिवर्तन की कार्यवाही की समीक्षा की और शीघ्र प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## राजनीति

अध्यक्ष अनुप्रिया व प्रभारी पटेल प्रदेशभर में करेंगे दौरे

# मध्यप्रदेश में अपनी भागीदारी बढ़ा रहा 'अपना दल'

सत्ता सुधार ■ भोपाल/ग्वालियर

मध्यप्रदेश में अपना दल भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिये अब जोरदारी से प्रयास कर रहा है। अपना दल ने मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले व संभाग मुख्यालयों पर अपनी विचारधारा के प्रति समर्पित लोगों को जोड़ने के लिये कमर कस ली है। जल्दी ही मध्यप्रदेश में अपना दल अपनी प्रादेशिक व जिला इकाईयां गठित कर सकता हैं। बीते दिवस भोपाल में आई अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के दौरे में कार्यकर्ताओं की जिस तरह से भीड़ उमड़ी उससे लगता है कि अपना दल उत्तर प्रदेश की भांति ही जल्द ही मध्यप्रदेश में भी सक्रियता बढ़ा सकता हैं। हालांकि यहां यह स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश में अपना दल भाजपा से तालमेल कर कुछ सीटों पर चुनाव लड़ी थी और अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल पीएम नरेन्द्र मोदी की सरकार में मंत्री भी लगातार दूसरी बार है। इसी कारण अपना दल के कार्यकर्ता मध्यप्रदेश में सत्ता की भागीदारी चाहते हैं। इसी वजह से अब कहा जाता है कि केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल व अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव मध्यप्रदेश के प्रभारी आरबी सिंह पटेल ने मध्यप्रदेश में अपनी सक्रियता बढ़ा दी हैं। अपना दल के प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह पटेल ने विगत दिवस अपनी पार्टी की सुप्रीमो व केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के आगमन से पहले भोपाल में डेरा डाल दिया था और कार्यकर्ता व समर्थकों का फौजफाटा लेकर उनके साथ भी घूमे। उन्होंने कुछ पार्टियों के नाराज चल रहे प्रमुख नेताओं से भी संपर्क साधा। सूत्रों के मुताबिक अपना दल प्रभारी आरबी सिंह पटेल ने लगातार कुछेक नेताओं से बंद कमरे में चर्चा की। ऐसा माना जा रहा है कि जल्दी ही मध्यप्रदेश में वह अपना दल के कुछ पदाधिकारी नियुक्त कर सकते हैं। इसके साथ ही प्रदेशभर में वह अपना दल के कुछ पदाधिकारी नियुक्त कर सकते हैं। इसके साथ ही प्रदेशभर में सभी जिलों में वह पार्टी के जिला संयोजक भी बना सकते हैं।



### मध्यप्रदेश में बहुत संभावना : पटेल

मध्यप्रदेश में अपना दल के प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह पटेल ने इस प्रतिनिधि से चर्चा में कहा कि मध्यप्रदेश में हम अपना दल की प्रादेशिक इकाई के साथ जिला इकाईयों के गठन पर भी ध्यान दे रहे हैं। स्वयं पार्टी अध्यक्ष अनुप्रिया जी भी मप्र में पार्टी का विस्तार चाहती हैं, इसीलिये उन्होंने मध्यप्रदेश की जिम्मेदारी उन्हें सौंपी हैं। पटेल ने कहा कि वह अपनी नेता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिये मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले व लक्ष्य तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों में अपना दल की नीतियों व सिद्धांतों को लेकर अपार उत्साह है और लोग लगातार हमारे कारवां में शामिल हो रहे हैं।

### बसपा, सपा, कांग्रेस के नाराज नेताओं पर नजर

अपना दल के नेताओं की मध्यप्रदेश में बसपा, सपा और कांग्रेस के उन नेताओं पर भी नजर है, जो काफी समय से पार्टी में अपनी उपेक्षा से घर बैठे हैं। अपना दल इन नेताओं पर भी डोरे डाल सकती हैं। वहीं पिछड़े वर्ग के युवा नेताओं से भी अपना दल नेता संपर्क में है।

# लोक निर्माण विभाग का वृहद वृक्षारोपण अभियान आज से

सत्ता सुधार ■ भोपाल

हरित मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में लोक निर्माण विभाग द्वारा मंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक पहल के तहत एक जुलाई को पूरे प्रदेश में एक साथ एक लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। अभियान का शुभारंभ भोपाल के लिंक रोड क्रमांक-एक स्थित चिनार उद्यान में सुबह 10 बजे लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह द्वारा पौधारोपण कर होगी। उन्होंने कहा है कि 'हरित मध्यप्रदेश' की कल्पना को साकार करने के लिए



लोक निर्माण विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एक दिन में एक लाख पौधे लगाकर हम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करने जा रहे हैं। यह सिर्फ पौधरोपण नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य देने का संकल्प है।

## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम का नगर निगम में लाइव प्रसारण देखाव सुना

**सागर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह खंडवा में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का लाईव प्रसारण नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री की उपस्थिति में निगम सभाकक्ष में किया गया जिसमें मान.मु मुख्यमंत्री जी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में दिए गए उद्बोधन को देखा व सुना गया।इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री विजय दुबे, सहायक यंत्री संजय तिवारी कार्यालय अधीक्षक मनोज अग्रवाल, लेखापाल अभिषेक तिवारी, गौरव सिंह राजपूत, राजेंद्र सेन , विक्रम जैन, अरविंद सोनी प्रसन्न तिवारी सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के 8 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**सागर।** नगर निगम की विभिन्न शाखों में पदस्थ 8 कर्मचारी 30 जून को सेवानिवृत हो गये।सभी 8 कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार,आयुक्त राजकुमार खत्री, एम आईं सी सदस्य धमेंद्र खटीक, पार्षद देवेंद्र अहिरवार, कैलाश हसानी ने नगर निगम सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में स्वास्थ विभाग के मिट्ठू गणेश, मालती / राजकुमार, सावित्री /सुखदेव, अनीता/ प्यारेलाल, रामाधार /लोकमन एवं सहायक राजस्व निरीक्षक जगदीश प्रसाद साहू, का कामता चढार लाइनमैन, मनोज सोनी का शाल श्रीफल एवं पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार,निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं पार्षदों ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी तथा उनके द्वारा नगर निगम में दी गई सेवाओं की सराहना की ।

### प्रशासन ने बेरीकेट लगाकर पठारी सड़क बंद किया, वाहन दानखेड़ी होते हुए जाएंगे

# नदिया उफान पर, राहतगढ़- पठारी मार्ग बंद, वाहनों की लगी लंबी कतारें

**सत्ता सुधार ■ खुरई(सागर)**

लगातार दो दिनों रिमझिम बारिश हो रही है जिससे नदी नाले उफान पर चल रहे हैं। राहतगढ़ क्षेत्र ब बीना नदी के ऊपरी क्षेत्र में अधिक बारिश होने के चलते नदी उफान पर है। खुरई राहतगढ़ रोड पर ग्राम बरोदिया नोनगर के पास स्थित बीना नदी के माला घाट पर पानी पुल के ऊपर से बह रहा है । आसपास के क्षेत्र में पानी ही पानी दिखाई दे रहा, यह रास्ता बंद रहा कुछ लोग जान जोखिम में डालकर भी निकल रहे थे। खुरई पठारी मार्ग के दलपतपुर घाट पर पानी पुल के से ऊपर बह रहा है। जिससे आवागमन बंद रहा। बीना नदी किनारे बने दांनखेड़ी घाट के नीचे पुल के ऊपर से भी पानी बह रहा था लेकिन ओवरब्रिज चालू होने से आवागमन बंद नहीं हो पाया। प्रशासन ने बेटीकेट लगाकर और आगे जगहों पर जेसीबी से मिट्टी डालकर पठारी मार्ग पूरी तरह से बंद कर दिया। पठारी जाने वाले वाहन अब दानखेड़ी घाट पर से गए । मंडी बामोरा रोड पर माने तो और ओडामल के





पास भी पानी रिपटा के ऊपर बह रहा था। अगर दिन और रात पानी गिरा तो यह रास्ता भी बंद हो जाएगा। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी नदी नाले उफान पर दिखाई दे है। नदी के उफान पर होने से वाहनों की कतारें दिखाई दे रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि ऊपरी क्षेत्र में पानी अधिक गिरने से माला घाट पर रात में ही नदी उफान पर आ गई थी जिससे रास्ता बंद हो गया दोनों ओर वाहनों की कतारें लगी हुई हैं। पानी ज्यादा होने से कोई नहीं निकल पा रहा है कुछ लोगों ने शुरू में कोशिश की लेकिन रात में ज्यादा पानी गिरने के कारण सुबह से रास्ते बंद हो गए। इसके अलावा खुरई की नरेन नदी में भी पानी का वहाव तेज़ होने से खुरई रजवांस रोड कुछ समय के लिए बंद रहा।प्रशासन ने तो अलर्ट घोषित कर दिया है, लोगों से भी अपील है कि वो नाले या नदी पार करते वक्त सावधानी बरतें। इनके नजदीक बच्चों और मवेशियों को न जाने दें। खुद भी इसका बचाव करें।

# संघर्ष करने के बाद ही मिलती है सफलता : डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत

### मां की जिद, संघर्ष और जुनून ने बनाया कलेक्टर-सेवानिवृत्त कमिश्नर डा. वीरेन्द्र सिंह रावत

**सत्ता सुधार ■ सागर**

सेवानिवृत्त कमिश्नर सागर संभाग डा. वीरेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि निरंतर संघर्ष करने के बाद ही सफलता मिलती है। उन्होंने कहा है कि मनुष्य को निरंतर अपने लक्ष्य के प्रति संघर्ष करना चाहिए तथा अपने बच्चों, परिजनों को भी कड़े परिश्रम कर आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा है कि मां की जिद सर्घष और जुनून और प्रेरित करने के कारण मैंने अच्छी शिक्षा गृहण की और कलेक्टर और कमिश्नर के पद को सुशोभित किया। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयासों से और कडे परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आगे बढना है तो सतत् प्रयास करना होगा। प्रयासों के साथ-साथ परिश्रम भी करना होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा दें और उन्हें आगे बढने के लिए निरंतर प्रेरित करते रहे, आपको सफलता जरूर मिलेगी।सेवानिवृत्त कमिश्नर सागर डा. वीरेन्द्र सिंह रावत आज



अर्धवार्षिकी सेवानिवृत्ति पर कमिश्नर को दी गई भावभीनी विदाई

कमिश्नर कार्यालय में आयोजित सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। सेवानिवृत्त कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में मैं विभिन्न पदों पर तीन बार पदस्थ रहा। यहां के लोगों ने मुझे बहुत सम्मान दिया, इसके लिए मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा। सागर संभाग के लोग मुझे सदैव याद रहेंगे। उन्होंने कहा कि सेवा काल में मेरे कारण किसी भी व्यक्ति को कोई दुखः पहुंचा हो, तो मैं इसके लिए क्षमा प्रार्थी हूं। उन्होंने कहा कि सागर संभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और गणमान्य नागरिकों ने मुझे बहुत सहयोग दिया मैं उनका भी आभार व्यक्त करता हूं।विदाई सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए अपर कमिश्नर पवन जैन ने सेवानिवृत्त कमिश्नर डा. रावत की सेवाओं का स्मरण करते हुए कहा कि सेवा निवृत्त कमिश्नर डा. रावत की सहजता, संवेदनशीलता और शालीनता सागर संभाग के लोग सदैव याद करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं प्रयास करूंगा कि मैं भी सेवानिवृत्त कमिश्नर डा. रावत की शालीनता, संवेदनशीलता और सहजता को दैनिक जीवन में लाउं। उन्होंने कहा कि डा. रावत का सागर में निर्मित सहज, सरल और पारिवारिक वातावरण सदैव स्मृतियों में आबाद रहेगा।अपर कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में सेवा निवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके स्वामित्वों का शीघ्र भुगतान करने की पहल सेवा निवृत्ति के दिन ही पी.पी.ओ. जारी करने की, अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण की पहल के और विकास कार्यो का प्रभावी कियान्वयन सुनिश्चित कराने के लिए सदैव याद किए जाएंगे। अपर कमिश्नर ने कहा कि सेवा निवृत्ति के बाद आप सदैव खुशहाल रहे, स्वास्थ्य रहे, सक्रिय रहे यही हम ईश्वर से कामना करते है। विदाई सम्मान समारोह में संयुक्त कमिश्नर राकेश शुक्ला, संयुक्त कमिश्नर विनय द्विवेदी, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ अनुराग पटेरिया ने भी संबोधित किया। विदाई सम्मान समारोह में कमिश्नर कार्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त संभागायुक्त सागर संभाग डा. वीरेन्द्र सिंह रावत द्वारा दी गई सेवाओं के सम्मान पत्र का भी वाचन किया गया, वही सेवानिवृत्त कमिश्नर डा. रावत को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। समारोह का संचालन धीरेन्द्र मिश्रा ने किया वही आभार प्रदर्शन कार्यालय अधीक्षक प्रेम नारायण चढार ने माना।

## चालक की लापरवाही से पूर्व पीएम राजीव गांधी के स्मारक पर चढ़ी मिक्चर मशीन, कांग्रेसी मौके पर पहुंचे



**सत्ता सुधार ■ खुरई(सागर)**

नगर में पुरानी गल्ला मंडी के पास पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के स्मारक पर लापरवाही पूर्वक बडी मिक्कर मशीन ने टक्कर मार दी। इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय कांग्रेसी नेता मौके पर पहुंच गए। मिली जानकारी अनुसार सोमवार की शाम करीब 5 बजे बंसल ग्रुप कंपनी की बडी मिक्कर मशीन जा रही थी। चालक की लापरवाही के चलते मशीन पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाधी के स्मारक पर चड गई। जिससे कुछ हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। मशीन बीच रास्ते पर होने से दोनो तरफ जाम की स्थिती बन गई। सूचना मिलते ही मौके पर शहर थाना पुलिस पहुच गई और मशीन को हटाकर थाने ले गई। मौके पर पहुंचे काग्रेस ब्लाक अध्यक्ष शाकिर खान ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह सोची समझी साजिश तहत किया गया है। हमने कई बार सीएमओ नगरपालिका को स्मारक का जीर्णोद्धार कराने हेतु आवेदन दिए लेकिन कुछ नही किया गया। रंग रोगन कराने की बजाए मशीनो से स्मारक को टक्कर मारी जा रही है। खान ने यह भी बताया कि नगर में सीवरेज लाइन डालने का काम चल रहा है। कंपनी ने जगह जगह गड्ढे खुद कर रख दिए, ठीक से मरम्मत भा नहीं की जा रही है।

## विकासखंड से चार शिक्षक हुये सेवानिवृत्त, एक मंच पर आयोजित हुआ विदाई समारोह



**सत्ता सुधार ■ शाहगढ़(सागर)**

30 जून को विकासखंड क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में कार्यरत शाहगढ़ नगर के चार शिक्षक सेवानिवृत्त हो गये।शाहगढ़ नगर के अलग अलग वार्डो के निवासी शिक्षकों का विदाई समारोह नगर के दीपक मैरिज हाल से क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ जहा एक मंच पर चारो शिक्षकों को उनकी अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर विदाई दी गई।कार्यक्रम में दीपप्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना की गई बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत उसके बाद सेवानिवृत्त हुये शिक्षको का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया एवं सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षको द्वारा विकासखंड क्षेत्र के सेवानिवृत्त शिक्षको का सम्मान किया गया।सेवानिवृत्त हुये शिक्षकों में अशोक जैन जो शासकीय कन्या शाला में प्रधानाध्यापक थे।पुरुषोत्तम लाल राठौर जो नवीन प्राथमिक शाला हनुमानटोरा में कार्यरत थे,किशोरीलाल सोनी जो शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में कार्यरत थे एवं रामभरोसे प्रजापति जो शासकीय प्राथमिक शाला नारायणपुरा में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे चारो शिक्षकों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी अशोक तिवारी की अध्यक्षता में विकासखंड क्षेत्र के शिक्षको ने शाल श्रीफल भेंट कर अधिवार्षिकी पूर्ण करने पर ससम्मान विदाई दी गई।कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि लखन सिंह लोधी,मंडल अध्यक्ष योगेश दुबे, महेंद्र सिंह लोधी महुना,दलपतपुर मंडल अध्यक्ष भैयाराम लोधी,पार्षद जग्गी साहू सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मंच संचालन मुकेश भल्ला सेवानिवृत्त शिक्षक एवं निधि जैन द्वारा किया गया।









# मप्र के सहकारिता मंत्री ने साझा किए प्रदेश के नवाचार और दिए सुझाव

## केंद्रीय मंत्री शाह की अध्यक्षता में हुई सहकारिता मंत्रियों की मंथन बैठक

सत्ता सुधार ■ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की 'मंथन बैठक' हुई। बैठक में सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने मध्यप्रदेश की सहकारिता से जुड़ी उपलब्धियों, नवाचारों और सहकारिता के क्षेत्र में भविष्य की दिशा पर केंद्र सरकार को सुझाव दिये। इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर एवं श्री मुरलीधर मोहोल, सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) को बहुद्देशीय इकाइयों के रूप में विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार को उल्लेखनीय सफलता मिली है। इस पहल के अंतर्गत प्रदेश में प्रत्येक पैक्स को उनके संचालन के लिये वार्षिक 3 लाख 24 हजार रुपये की वित्तीय सहायता तथा जनजातीय क्षेत्रों में 3 लाख 48 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि नई पैक्स की स्थापना और उनके आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अनुदान प्रदान किया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता आधारित सेवाओं का विस्तार और सशक्तीकरण संभव हो सके।

### तकनीकी सहयोग की जरूरत

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को ध्यान में रखते हुए सहकारी संस्थाओं की पंजीयन से लेकर परिसमापन तक की प्रक्रिया को सरल और डिजिटल बनाया गया है, जिससे संस्थाओं की कार्य-क्षमता में सुधार आया है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि वित्तीय रूप से कमजोर सहकारी बैंकों को सशक्त करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से तकनीकी और विशेषज्ञ सहयोग दिया जाए, ताकि वे भी मुख्यधारा से जुड़ सकें और ग्रामीण वित्तीय ढांचे को मजबूती दे सकें।



### बीज क्षेत्र में नवाचार चीता ब्रांड

मध्यप्रदेश में बीज संघ को सशक्त करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए राजय के सहकारिता मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा चीता ब्रांड बीजों की शुरुआत की गई है, जिनमें उच्च गुणवत्ता वाले हाइब्रिड बीज लगभग आधी कीमत पर किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह पहल कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है।

### केंद्रीय एजेंसी का गठन जरूरी

मंत्री सारंग ने सहकारिता संस्थाओं में पदों की भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और एकरूप बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि जिस प्रकार बैंकिंग क्षेत्र में आईबीपीएस जैसी संस्था के माध्यम से भर्ती होती है, उसी प्रकार पंचायत एवं ग्रामीण स्तर की सहकारी संस्थाओं के लिए एक केंद्रीयकृत भर्ती बोर्ड/एजेंसी का गठन किया जाए, जिससे सहकारी आंदोलन को दक्ष मानव संसाधन मिल सके।

### फंड डिपॉजिट का दिया सुझाव

केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों को सहकारिता संबंधी योजनाओं के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली निधि को जिला सहकारी बैंकों के माध्यम से डिपॉजिट किया जाए, जिससे इन बैंकों की क्रेडिट क्षमता और बिजनेस वॉल्यूम बढ़ सके, इससे सहकारी बैंकिंग तंत्र और अधिक मजबूत होगा।

# लापरवाह अधिकारीयों पर होगी सख्त कार्यवाही : राज्यमंत्री गौर

## मंत्री ने गोविंदपुरा क्षेत्र के वार्ड 66 में जनसंपर्क के दौरान जनता की सुनी समस्याएं

सत्ता सुधार ■ भोपाल

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा कि समय पर काम नहीं करने वाले लापरवाह अधिकारियों कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही होगी। राज्यमंत्री गौर सोमवार को गोविंदपुरा क्षेत्र के वार्ड 66 में जनसंपर्क के दौरान जनता की समस्याओं को सुन रही थी। उन्होंने गोविंदपुरा क्षेत्र में जेके रोड स्थित गोयल अपार्टमेंट क्षेत्र के रहवासियों द्वारा नाली सफाई, जर्जर सर्विस रोड और रात्रि के समय अंधेरे के कारण उत्पन्न हो रही समस्याओं के तत्काल निराकरण के लिए निर्देश दिए। राज्यमंत्री गौर ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इंद्रपुरी -ए- सेक्टर में जनसंपर्क के दौरान पार्क की स्वच्छता, घास की कटाई एवं सौंदर्यीकरण के लिये आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही नाली में जमा कचरे की शीघ्र सफाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। छत्तीसगढ़ लेबर कॉलोनी का निरीक्षण कर रहवासियों से संवाद किया। स्थानीय समस्याओं विशेषकर नाली सफाई, नाली निर्माण और सीवेज लाइन से संबंधित प्रकरणों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



### नाले पर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

छत्रसाल नगर फेस-1 के रहवासियों ने बताया कि आसपास की कॉलोनियों में जल भराव हो जाता है। सड़के जर्जर हो चुकी हैं, पेयजल की भी समस्या है। राज्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को सड़क बनाने और पानी की टंकी का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। रविदास नगर के पार्क में पौधरोपण किया और रहवासियों की मांग पर गणेश उत्सव के पहले शेड निर्माण, पेपर ब्लॉक व फ्लोरिंग कार्य कराए जाने के लिये निर्देश दिए।

नर्मदा जल के लिए बल्क कनेक्शन दिए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। भारत नगर में जर्जर हो गई सड़कों के निर्माण, पार्क की बाउंड्री वॉल और सौंदर्यकरण के निर्देश दिए। नैनागिरी आजाद पार्क में नाले पर से अतिक्रमण हटाने और नाले की सफाई के निर्देश दिए। बार-बार बिजली जाने और वोल्टेज कम होने की शिकायत को दूर करने अधिकारियों को निर्देशित किया। छत्रसाल नगर फेज -2 में शहीद मनोज सोनी स्मृति पार्क के सौंदर्यकरण, हाईमास्ट लगाने और पेड़ों की छटाई के निर्देश दिए। कॉलोनियों की नालियां चौक हो गई है, उन्हें साफ करने, सीवेज लाइन की मरम्मत और जर्जर सड़कों को बनाने के निर्देश भी दिए। कर्मवीर नगर पार्क में नवनिर्मित कम्युनिटी हॉल का निरीक्षण कर अधूरे कार्य को जल्द पूरा करने के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान पार्षद शिरोमणि शर्मा, उर्मिला मोर्य, लवकुश यादव, सुभाष पगारे, भीकम सिंह बघेल और अधिकारी मौजूद रहे।

# समृद्ध भारत की शिक्षित पहचान कौशल विकास : मंत्री टेटवाल

## शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था की लैब का किया उद्घाटन

सत्ता सुधार ■ भोपाल

कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने उज्जैन स्थित शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सीमेंस कम्पनी के सीएसआर फण्ड से निर्मित अत्याधुनिक लैब का उद्घाटन किया। इस दौरान जॉइंट डारेक्टर सुनील कुमार ललावत, आईएमसी चेयरमैन राजेश गर्ग, विधायक श्री अनिल जैन सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि मे विद्यार्थी जीवन मैं आईटीआई करके भविष्य निर्माण के बारे में सोचता था, आज सभी के बीच आकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मेरी पहचान आईटीआई से है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

मंत्री टेटवाल ने कहा कि आईटीआई के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सभी अत्याधुनिक ट्रेड के प्रशिक्षण दिए जाएंगे, जिससे विद्यार्थी स्वरोजगार स्थापित कर, समर्थ भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकें। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आईटीआई के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। समृद्ध भारत की शिक्षित पहचान के तहत सभी छात्र-छात्राओं को



सशक्त बनाने के लिए आईटीआई के माध्यम से प्रयोगशालाओं का निर्माण कर उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। जिससे अधिक से अधिक रोजगार स्थापित हो सके।

आईटीआई के जरिए सभी छात्र-छात्राओं को पारंपरिक एवं अत्याधुनिक ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छात्रों को अत्याधुनिक ट्रेड्स में प्रशिक्षण मिले इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। सरकार किसी भी प्रकार के प्रशिक्षण में कोई कमी नहीं छोड़ेगी।

### युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना लक्ष्य

मंत्री टेटवाल ने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना मध्यप्रदेश सरकार का लक्ष्य है। कौशल विकास के तहत यह अत्याधुनिक प्रयोगशाला युवाओं को सशक्त बनाने में कारगर साबित होगी। युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने कौशल विकास के क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध संस्थान ग्लोबल स्किल पार्क का निर्माण भोपाल में कराया है, जिसमें छात्र कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मेक्ट्रोनिक्स एआरवीआर, इंडस्ट्री 4.0, रोबोटीक, ड्रोन टेक्नोलॉजी सहित कई अत्याधुनिक प्रशिक्षण दिए जाएंगे। जिसका सभी को लाभ मिलेगा। ग्लोबल स्किल पार्क में शत प्रतिशत प्लेसमेंट तो होगा ही साथ ही व्यक्ति अपना स्वरोजगार भी स्थापित कर सकेगा। प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाना सरकार का सर्वोपरि उद्देश्य है।

### बेटियां हर क्षेत्र में लहरा रही परचम

मध्यप्रदेश सरकार हर वर्ग को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। साथ ही बेटियों को भी सशक्त बनाने में अहम योगदान निभा रही है। इसी के चलते प्रदेश में बेटियों को 35 प्रतिशत का आरक्षण दिया जा रहा है। भारत के बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहराते हुए प्रदेश ही नही वल्कि पूरे देश में अपना नाम रोशन कर रहीं हैं।

### नगरीय प्रशासन विभाग में प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू

**भोपाल।** नगरीय प्रशासन विभाग में प्रमोशन प्रक्रिया के तहत 25 जुलाई को विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी ) की बैठक आयोजित की जायेगी। इससे पहले 4 जुलाई को नगर निगम, नगरपालिका और नगर परिषद स्तर पर वरिष्ठता सूची तैयार की जायेगी। प्रदेश में 22 जुलाई को वरिष्ठता सूची प्रकाशित की जायेगी, जिसके आधार पर 25 जुलाई को अंतिम प्रमोशन बैठक आयोजित की जायेगी।

### राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की कक्षा-10वीं और 12वीं के लिये संचालित रुक जाना नहीं और आ लौट चलें योजना, ओपन स्कूल परम्परागत, आईटीआई कक्षा-12वीं परीक्षा, सीबीएसई ऑन डिमांड कक्षा-12वीं एवं कक्षा-5वीं, 8वीं की परीक्षाओं के परिणाम सोमवार को भोपाल में जारी कर दिये गये हैं। परीक्षा में 32 हजार 749 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। यह परीक्षाएं 2 से 20 जून तक प्रदेश में आयोजित की गयी थीं। परीक्षा परिणाम मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते हैं।


**कार्यालय नगर पालिक निगम सागर**

क्र. लोककर्म/न.नि./2025/12 — सागर दिनांक 30.06.25

**:: ऑनलाईन निविदा सूचना ::**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम. डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_433887_1 01.07.2025 | इतवारी वार्ड में स्थित भगवान नीलकंठेश्वर सामुदायिक भवन का प्रवेश द्वार एवं बाउन्ड्रीवॉल निर्माण कार्य | 20,00,000 03 माह | 5,000-00 15,000-00 | 30.07.2025 शाम 05:30 तक |
| 2 | 2025_UAD_433888_1 01.07.2025 | शिवाजी नगर वार्ड में श्रीदेव मोक्षधाम मंदिर जाने हेतु सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 19,60,629 02 माह | 2,000-00 14,705-00 | 30.07.2025 शाम 05:30 तक |
| 3 | 2025_UAD_433889_1 01.07.2025 | गोपालगंज वार्ड श्रीराम कालोनी में विद्याभूषण तिवारी घर के पास नाली निर्माण कार्य | 2,83,248 02 माह | 2,000-00 2,833-00 | 15.07.2025 शाम 05:30 तक |
| 4 | 2025_UAD_433891_1 01.07.2025 | सुभेदार वार्ड स्थित ठाकुर बाबा मंदिर प्रांगण के पास बाउन्ड्रीवाल, गेट निर्माण, कुँआ ऊँचाई सहित जाल आदि कार्य | 5,09,000 02 माह | 2,000-00 5,090-00 | 15.07.2025 शाम 05:30 तक |
| 5 | 2025_UAD_433980_1 01.07.2025 | शिवाजी नगर वार्ड में पुराने आर.टी.ओ. के पास स्थित हनुमान मंदिर परिसर में चबूतरा, फ्लोरिंग एवं फिनिशिंग कार्य | 4,70,349 02 माह | 2,000-00 4,704-00 | 15.07.2025 शाम 05:30 तक |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
सागर



**कार्यालय नगर पालिका परिषद बीना इटावा जिला सागर (म.प्र.)**

**//निविदा सूचना//**

क्रमांक / 2150/2025 — बीना इटावा, दिनांक 30.06.2025

निम्न लिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईड http://www.mptenders.gov.in पर देखे जा सकते है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_434141_1 01-07-2025 | Construction of CC Road, BT Road, Drain and Park at different Places in Nagar Palika Parishad BINA under CM Nagriye Kshetra Adhosanrachna Nirman Yojna. (Third Call) | 1.) 12 माह 2.) 419.71/- | 1.) 15000/- 2.) 210000/- | 16-07-2025 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बीना


# पीएम-अभीम समेत 15वें वित्त आयोग के कार्यों को समय-सीमा में करें पूरा : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

सत्ता सुधार ■ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि विकास कार्यों की नियमित और समयबद्ध मॉनिटरिंग की जाए और उपलब्ध बजट का पूर्णतः पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार विकास कार्यों के लिए बजट की कमी नहीं होने देगी, आवश्यकता इस बात की है कि मूलभूत स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार समयसीमा में हो। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में विभागीय अधोसंरचना विकास कार्यों की वृहद समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-अभीम) एवं 15वें वित्त आयोग अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की एजेंसी-वार गहन समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सिंगरौली एवं बुधनी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग**
**भोपाल (म.प्र.)**
**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 11/भ.ले.नि./2025-26 — भोपाल, दिनांक 27.06.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रु.लाख में) | अमानत राशि |
| 1 | 2025_PWDRB_431328_1 | आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-15 के सी टाइप के अन्य शासकीय आवास गृहों में ए.आर./एम.आर./अनुरक्षण/सीवेज कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 50.00 | 50000.00 |
| 2 | 2025_PWDRB_431329_1 | आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-16 के एफ टाइप शासकीय आवास गृहों में ए.आर./एम.आर./अनुरक्षण/सीवेज कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 48.00 | 50000.00 |
| 3 | 2025_PWDRB_431330_1 | आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-17 के आई टाइप शासकीय आवास गृहों में ए.आर./एम.आर./अनुरक्षण/सीवेज कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 49.00 | 50000.00 |
| 4 | 2025_PWDRB_431331_1 | आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-19 के एच टाइप शासकीय आवास गृहों में ए.आर./एम.आर./अनुरक्षण/सीवेज कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 48.00 | 50000.00 |
| 5 | 2025_PWDRB_431333_1 | आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-20 के ई टाइप शासकीय आवास गृहों में ए.आर./एम.आर./अनुरक्षण/सीवेज कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 49.00 | 50000.00 |
| 6 | 2025_PWDRB_431335_1 | आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत विभिन्न शासकीय आवास गृहों में लघुपुल गैंग/ए.आर./एम.आर./अनुरक्षण/सीवेज कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 55.00 | 55000.00 |
| 7 | 2025_PWDRB_431336_1 | आर.टी.सी. उपसंभाग,लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-16 के सी-13 विभिन्न शासकीय आवास गृहों में ए.आर./एम.आर./अनुरक्षण/सीवेज कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 60.00 | 60000.00 |
| 8 | 2025_PWDRB_431337_1 | आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत शासकीय आवास गृहों में लघुपुल गैंग/ए.आर./एम.आर./अनुरक्षण/सीवेज कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 60.00 | 60000.00 |
| 9 | 2025_PWDRB_431338_1 | आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-15, 18 एवं 20 के सी टाइप शासकीय आवास गृहों के छत पर जल अवरोधक का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 35.00 | 50000.00 |
| 10 | 2025_PWDRB_431339_1 | आर.टी.सी. उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-17 एवं 19 के शासकीय आवास गृहों के छत पर जल अवरोधक का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 25.00 | 50000.00 |
| 11 | 2025_PWDRB_431340_1 | आर.टी.सी.उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-15 18 एवं 20 के शासकीय आवास गृहों में रंगाई- पुताई एवं पेंटिंग का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 35.00 | 50000.00 |
| 12 | 2025_PWDRB_431342_1 | आर.टी.सी.उपसंभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-17 एवं 19 के शासकीय आवास गृहों में रंगाई- पुताई एवं पेंटिंग का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 25.00 | 50000.00 |
| 13 | 2025_PWDRB_431343_1 | आर.टी.सी.उपसंभाग,लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-21 के शासकीय आवास गृहों में लघुपुल गैंग/ए.आर./एम.आर./अनुरक्षण/सीवेज कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 40.00 | 50000.00 |
| 14 | 2025_PWDRB_431344_1 | उपसंभाग क्र.-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-26 एवं 27 में वार्षिक रखरखाव अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर रोड मार्किंग तथा अन्य सौन्दर्यीकरण कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 35.00 | 50000.00 |
| 15 | 2025_PWDRB_431590_1 | उपसंभाग क्र.-2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत दीमक अवरोधक कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 30.00 | 50000.00 |
| 16 | 2025_PWDRB_431591_1 | उपसंभाग क्र.-2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत चेम्बर सिवर लाईन मरम्मत का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 30.00 | 50000.00 |
| 17 | 2025_PWDRB_431592_1 | उपसंभाग क्र.-2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों के पानी की टंकी की सफाई का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 15.00 | 30000.00 |
| 18 | 2025_PWDRB_431593_1 | उपसंभाग क्र.-2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत शासकीय आवास एवं गैर आवासीय भवनों में जल अवरोधक का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 30.00 | 50000.00 |
| | | योग- | | 719.00 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 18.07.2025 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी.एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

G-14979/25

कार्यपालन यंत्री
नया भोपाल संभाग लो.नि.वि.

## ब्रीफ न्यूज

### अमेरिका में आग बुझाने गए फायरफाइटर्स पर स्नाइपर ने किया हमला, दो की मौत

**वाशिंगटन।** कूर्टेने काउंटी के कनफील्ड माउंटेन पर जब दमकलकर्मी एक जंगल में लगी आग बुझाने पहुंचे, तभी उन पर घात लगाए स्नाइपर ने हमला कर दिया। इस हमले में कम से कम दो फायर ब्रिगेड कर्मियों की जान चली गई। घटना स्थानीय समय के मुताबिक रविवार करीब दोपहर 1-30 बजे की है, जब कनफील्ड माउंटेन पर आग लगने की सूचना मिली थी। लेकिन आग बुझाने पहुंचे कर्मियों पर आधे घंटे बाद ही गोलियों की बौछार शुरू हो गई। अमेरिका के उत्तरी इडाहो राज्य की यह घटना कल्पना कल्पना से परे है। शेरिफ बॉब नॉरिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि फिलहाल स्नाइपर पहाड़ी इलाके में कहीं छिपा है और उसके पास हाई-पावर राइफल है। उन्होंने कहा, 'हमारे डिप्टी उस पर जवाबी कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन वह सरेंडर के कोई संकेत नहीं दे रहा।' उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक यह साफ नहीं है कि कितने हमलावर हैं और पहाड़ पर कितने लोग फंसे हैं।

### सर्बिया में लोकतंत्र की मांग को लेकर सड़कों पर उतरी जनता

**बेलग्रेड।** बेलग्रेड की सड़कों पर हजारों प्रदर्शनकारी एक बार फिर लोकतंत्र की मांग को लेकर उतरे। ये छात्र-नेतृत्व वाला प्रदर्शन आठ महीने पहले हुए उस दर्दनाक हादसे की गूंज है, जिसमें नोवी साद में एक सरकारी प्रोजेक्ट के तहत बनी रेल स्टेशन की छत गिरने से 16 लोगों की जान गई थी। इस घटना को लेकर नागरिकों में सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार को लेकर गुस्सा है। अब राष्ट्रपति एलेक्ज़ेंडर वूचिच के 12 साल के लंबे शासन को खत्म करने की मांग बुलंद हो रही है।

### बांग्लादेश में घर में घुसकर हिंदू महिला से दुष्कर्म

**ढाका।** बांग्लादेश के कुमिल्ला जिले में मुरादनगर इलाके में रथ यात्रा के दिन 25 साल की एक महिला के साथ दुष्कर्म की घटना ने देश भर को हिला दिया। इसके साथ ही इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार आने के बाद कट्टरपंथियों का बोलबाला हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय लोगों के मुताबिक जब हिंदू परिवार अपने धार्मिक कार्यक्रम में व्यस्त था, उसी वक्त पड़ोस के घर में ये जघन्य अपराध हुआ। इस मामले में आरोपी बांग्लादेश नेशनल पार्टी से जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### ट्रंप से इजरायलियों ने उठाई एक बड़ी मांग, बोले- आगे बढ़ें हम हैं आपके साथ

**तेलअवीव।** बीते 20 महीने से गाजा में इजरायल और हमास के बीच जंग जारी है, जहां अब तक 50 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। हमास के 7 अक्टूबर वाले हमले के बाद भड़की जंग की आग को रोकने के लिए अब इजरायलियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से गुहार लगाई है। हमास की कैद में अब भी फंसे दर्जनों बंधकों की रिहाई को लेकर उनके परिजनों ने ट्रंप से मदद मांगी है। इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा है कि ईरान के साथ हुए सीजफायर के बाद बंधकों की रिहाई का रास्ता भी खुल गया है।

### कॉल लीक को लेकर मांग रहे इस्तीफा, पीएम देश की दुश्मन जैसे लगा रहे नारे

# थाईलैंड की पीएम शिनावात्रा के खिलाफ हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे




**एजेंसी ■ बैंकॉक**

थाईलैंड की पीएम पेतोंगटार्न शिनावात्रा और कंबोडिया के पूर्व पीएम हुन सेन के बीच हुई फोन कॉल लीक होने के बाद देश में राजनीतिक बवाल मचा है। बैंकॉक की सड़कों पर हजारों प्रदर्शनकारी उतर आए और पीएम के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। लीक हुई इस कॉल में थाई पीएम शिनावात्रा ने हुन सेन को अंकल कहकर संबोधित किया और थाई सैन्य कमांडर पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ कूल दिखने के लिए ऐसे बयान दिए जो किसी काम के नहीं थे।

इस बयान से जनता भड़क उठी और शिनावात्रा के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ गठबंधन की सहयोगी पार्टी ने भी समर्थन वापस ले लिया है। पीएम ने इस पर सफाई दी और माफी भी मांगी। बाढ़ प्रभावित उत्तरी थाईलैंड के दौरे पर रवाना होने से पहले उन्होंने कहा कि लोगों का शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करना अधिकार है। प्रदर्शनकारियों की भारी भीड़ बैंकॉक के विक्टरी मॉन्यूमेंट वॉर मेमोरियल के पास इकट्ठा हुई है, जहां वे झंडे लहराते और पीएम देश की दुश्मन हैं जैसे नारे लिखे पोस्टर हाथ में लिए नजर आए। भीड़ ने मूसलाधार बारिश के बावजूद प्रदर्शन जारी रखा।

यह 2023 में फ्यू थाई पार्टी की सत्ता में वापसी के बाद सबसे बड़ा प्रदर्शन है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पार्नथेप पूरपोंगपान ने कहा कि पीएम को इस्तीफा देना चाहिए, क्योंकि समस्या की जड़ वही हैं। उन्होंने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यपालिका और संसद लोकतंत्र और संवैधानिक राजतंत्र के हित में काम नहीं कर रही हैं। इस पूरे विवाद के बीच थाईलैंड की संवैधानिक अदालत मंगलवार को यह फैसला करेगी कि क्या वह पीएम शिनावात्रा को हटाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगी या नहीं। यह याचिका सीनेटरों द्वारा पेश की गई है, जिसमें पीएम पर गैर-पेशेवर व्यवहार का आरोप लगाया गया है। इस बीच हुन सेन ने खुलासा किया कि उन्होंने यह ऑडियो 80 राजनेताओं के साथ साझा किया था और उन्हीं में से किसी ने इसे लीक किया है। बाद में उन्होंने पूरी 17 मिनट की बातचीत को अपने फेसबुक पेज पर अपलोड किया। इस कॉल में थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हालिया सीमा विवाद पर चर्चा की गई थी।

# हिंदू महिला से रेप: पूरे बांग्लादेश में आक्रोश, यूनुस के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन

### दुष्कर्म का मामला अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के गले की हड्डी बनता जा रहा है

**एजेंसी ■ ढाका**

बांग्लादेश में एक हिंदू महिला के साथ हुए दुष्कर्म का मामला अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस के गले की हड्डी बनता जा रहा है। आम जनता में आक्रोष है और उनके खिलाफ हजारों लोग सड़क पर उतर आए हैं। जगह जगह प्रदर्शन हो रहे हैं और सरकार विरोधी नारे लग रहे हैं। ऐसे में बैकफुट पर आई बांग्लादेश की अंतरिम सरकार लोगों का गुस्सा कम नहीं कर पा रही है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद ढाका विश्वविद्यालय के छात्र विरोध प्रदर्शन करने लगे। विश्वविद्यालय के जगन्नाथ छात्रावास के छात्रों ने जुलूस निकाले। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी के हासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और सजा की मांग की है। बांग्लादेश के एक हाई कोर्ट ने प्रशासन से कहा है कि तत्काल वीडियो को सोशल मीडिया से हटवाया जाए। दो जजों की बेंच ने सरकार से कहा है कि




पीड़िता को सुरक्षा दिलवाई जाए और उसका इलाज करवाया जाए। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि वीडियो वायरल होने और बवाल के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। रिपोर्ट के मुताबिक पहले आसपास के लोगों ने आरोपी की पिटाई की और फिर उसे अस्पताल ले गए। वहां से आरोपी भाग निकला। उन लोगों ने आरोपी को पुलिस के हवाले नहीं किया था। बताया गया कि पीड़िता अपने मायके आई थी। वहीं आरोपी जबरन उसके घर में घुस गए और रेप किया। शेख हसीना के बेटे सजीब अहमद ने आरोप लगाया है कि मोहम्मद यूनुस की सरकार में भीड़ के हमले और रेप और हत्याएं की घटनाएं बहुत बढ़ गई है। उन्होने कहा कि बांग्लादेश में इस समय अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं। बता दें कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार आम बात हो गई है। बांग्लादेश के कूमिला में हिंदू महिला के साथ रेप की घटना के बाद भी प्रशासन कानों में उंगली डाले रहा। इसके बाद महिला के यौन उत्पीड़न का वीडियो वायरल होने लगा। विरोध प्रदर्शनो और बवाल के बाद प्रशासन ने इस मामले में कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है कि रेप के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### यपालिका और राजनीतिक प्रतिक्रिया

बांग्लादेश उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को आदेश दिया कि वायरल वीडियो को सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्मों से हटाया जाए और पीड़िता को तत्काल सुरक्षा और इलाज मुहैया कराई जाए. बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की, वहीं पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे साजिब वाजेद ने यूनुस प्रशासन को पिछले 11 महीनों में बढ़ी हिंसा का दोषी ठहराया. 2024 में अगस्त महीने में शेख हसीना की अवामी लीग सरकार को छात्रों के आंदोलन के कारण इस्तीफा देना पड़ा था. इसके बाद नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार की बागडोर संभाली थी, लेकिन तब से अब तक बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं. अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर अत्याचार का यह ताजा मामला केवल एक घटना नहीं, बल्कि एक सामाजिक संकट का संकेत है।

## चीन से 3.7 अरब डॉलर का नया कर्ज लेकर पाकिस्तान ने बढ़ाई कर्ज-जाल की मुश्किलें



**एजेंसी ■ बीजिंग/इस्लामाबाद**

पाकिस्तान ने चीन के साथ 3.7 अरब डॉलर के वाणिज्यिक ऋण समझौतों को अंतिम रूप दिया है, जिससे उसकी विदेशी मुद्रा स्थिति में थोड़ी राहत तो मिलेगी, लेकिन कर्ज-जाल का संकट और गहराने की आशंका बढ़ गई है। चीन से यह रकम मिलने के बाद पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार 8.9 अरब डॉलर से बढ़कर लगभग 12.4 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। पिछले हफ्ते इसका भंडार खतरनाक रूप से गिर जाने के कारण देश के सामने दिवालिया होने का खतरा मंडरा रहा था। रिपोर्टों के मुताबिक, इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल बैंक ऑफ चाइना और बैंक ऑफ चाइना ने शुक्रवार को 1.6 अरब डॉलर के कर्ज सौदे पर दस्तखत किए। यह राशि पाकिस्तान को आईएमएफ की शर्तें पूरी करने में मदद करेगी ताकि वह वित्त वर्ष के अंत तक 14 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार जुटा सके। लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि यह राहत अस्थायी है क्योंकि पाकिस्तान को इस कर्ज पर औसतन 7.5 प्रतिशत की ऊंची फ्लोटिंग ब्याज दर चुकानी होगी।

चीन पहले भी पाकिस्तान को कई बार कर्ज और जमा राशि देकर संकट से उबारता रहा है। रिपोर्टों के मुताबिक, चीन ने 4 अरब डॉलर की नकद जमा, 5.4 अरब डॉलर के व्यावसायिक ऋण और 4.3 अरब डॉलर की व्यापार वित्त सुविधा के रूप में पाकिस्तान को लगातार कर्ज दिया है। चीन बार-बार इन कर्जों को 'रोल ओवर' करता रहा है, जिससे असली समस्या हल नहीं होती और पाकिस्तान पुराने कर्ज उतारने के लिए नया कर्ज लेने को मजबूर होता जा रहा है।

# सैन्य अफसरों की अंतिम विदाई में लाखों लोगों के हाथों में दिखी खामेनेई की तस्वीर

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

स्ट्रीट पर जुटकर इन राष्ट्रनायकों को विदाई दी। इस दौरान लोग खामेनेई की तस्वीर हाथों में ले रखे थे और एकजुटता का प्रदर्शन कर रहे थे। जनाजे के दौरान भीड़ ने ईरान के शत्रुओं के खिलाफ नाराजगी जताई। लोग ईरानी ध्वज लहराते हुए और नारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। इस दौरान अमेरिका-इजरायल मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। सरकारी कार्यालयों को बंद कर कर्मचारियों को अंतिम संस्कार में भाग लेने की अनुमति दी गई।

इजरायल ने 13 जून को युद्ध की शुरुआत में ईरान के शीर्ष सैन्य और परमाणु नेतृत्व को निशाना बनाकर हवाई हमले किए, जिसमें जनरल सलामी और हाजीजादेह की मौत हो गई। इजरायल ने दावा किया कि उसने इस ऑपरेशन के जरिए ईरान के परमाणु कार्यक्रम को खत्म करने की कोशिश की। ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की सार्वजनिक



मौजूदगी नजर नहीं आई, हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि उन्होंने बंद कमरे में विशेष नवाज पढ़ी होगी। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची, कुद्स फोर्स प्रमुख जनरल इस्माइल कानी और वरिष्ठ सलाहकार जनरल अली शामखानी जैसे कई शीर्ष अधिकारी अंतिम संस्कार में शामिल हुए। शामखानी पहले हमले में घायल हुए थे, लाठी के सहारे सार्वजनिक रूप से दिखाई दिए।

इजरायल ने दावा किया कि युद्ध में 30 ईरानी सैन्य कमांडर और 11 परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं। 8 परमाणु स्थलों और 720 सैन्य ढांचों पर हमला किया गया। 1,000 से अधिक लोग मारे गए। वहीं, ईरान ने 550 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें इजरायल पर दागीं, जिनमें से अधिकांश को इंटरसेप्ट कर लिया गया, लेकिन कुछ मिसाइलों ने इजरायल में जानमाल का नुकसान किया और 28 लोगों की मौत हुई। राज्य टेलीविजन के अनुसार, यह अंतिम संस्कार 60 लोगों के लिए था, जिनमें चार महिलाएं और चार बच्चे शामिल थे। कई शहीदों को उनके पैतृक स्थानों में दफनाया जाएगा, जबकि सेना प्रमुख जनरल मोहम्मद बाघेरी को कब्रिस्तान में उनके शहीद भाई के पास दफनाया जाएगा।

### नई चाल से पश्चिम में खलबली: येलोकेक के बदले यूरेनियम देने को राजी ईरान!

**तेहरान।** भले ही ईरान और इजरायल के बीच सीजफायर हो गया है लेकिन पश्चिम में अभी भी खलबली महसूस की जा रही है। वजह ये है कि संयुक्त राष्ट्र में ईरान ने कहा है कि तेहरान अब संभावित परमाणु समझौते के लिए तैयार है। जिसमें देश से अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के अपने भंडार को स्थानांतरित करना शामिल होगा। बदले में ईरान को परमाणु ईंधन उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले केंद्रित यूरेनियम पाउडर येलोकेक की खेप मिलेगी। अल-मॉनीटर के साथ एक लिखित इंटरव्यू में राजदूत आमिर सईद इरावानी ने ये बात कही है। बता दें कि येलोकेक परमाणु ऊर्जा उत्पादन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसका उपयोग परमाणु रिएक्टरों के लिए ईंधन की छड़ों में किया जा सकता है, विशेष रूप से उन रिएक्टरों में जो प्राकृतिक या गैर-समृद्ध यूरेनियम पर चलते हैं।

# द. कोरिया में अब कुत्ता पालन हुआ अवैध

### कई सारे कुत्ते पालने से जुड़े कारोबारी परेशान

**एजेंसी ■ सियोल**

रेवरेंड जू योंग-बोंग एक व्यापारी हैं, वे एक व्यवसाय के लिए कुत्ते पालते हैं जो अब द.कोरिया में अवैध हो गया है। 60 वर्षीय जू ने कहा कि बीती गर्मियों से हम अपने कुत्तों को बेचने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन व्यापारी कुत्तों को लेने से आनकानी कर रहे हैं। बता दें, द. कोरिया में 2024 में कुत्ते के मांस पर प्रतिबंध लगाने के बाद साल 2027 तक काम को पूरी तरह से बंद करने का समय दिया गया है। लेकिन छूट अवधि के आधे समय में ही जू जैसे किसान फंस गए हैं। उनके कुत्ते बिक नहीं रहे हैं और वे जीवित रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा, हम कर्ज में डूबे हुए हैं, इस कर्ज को चुका नहीं सकते। कुछ लोग नया काम ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन काम नहीं मिल रहा है। यह एक निराशाजनक स्थिति है। साउथ कोरिया के एक और व्यक्ति 33



वर्षीय चान-वू को भी इसी वास्तविकता का सामना करना पड़ रहा है।

उसके पास 600 कुत्ते हैं और उन्हें ब्रिकी के लिए सिर्फ 18 महीने हैं। उन्होंने आरोप लगाकर कहा कि अधिकारियों ने बिना किसी वास्तविक योजना के कानून को पारित कर दिया और अब वे कह रहे हैं कि वे कुत्तों को नहीं ले जा सकते हैं। ह्यूमन वर्ल्ड फॉर एनिमल्स कोरिया के प्रमुख भी इस बात से सहमत हैं कि समस्या है। उन्होंने कहा कि कुत्ते के मांस पर प्रतिबंध पारित हो गया है, लेकिन सरकार और नागरिक समूह अभी भी इस बात से जूझ रहे हैं कि बचे हुए कुत्तों को कैसे बचाया जाए। सरकार का दावा है कि स्थानीय अधिकारी आत्मसमर्पण करने वाले कुत्तों को आश्रय स्थल ले जाएंगे। लेकिन उन्हें फिर से घर देना मुश्किल साबित हो रहा है। फार्मों में मांस के लिए टोसा-इनू जैसी बड़ी नस्लों को पाला जाता है, जिन्हें अक्सर साउथ कोरियाई कानून के तहत खतरनाक करार दिया जाता है।

## जेम्स वेब टेलीस्कोप ने पहली बार ली 110 मिलियन प्रकाशवर्ष दूर की सीधी तस्वीर

**एजेंसी ■ पेरिस**


धरती से 110 मिलियन प्रकाशवर्ष दूर एक नई और ऐतिहासिक खगोलीय खोज ने वैज्ञानिकों को चौंका दिया है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने पहली बार किसी एक्सोप्लैनेट की सीधी तस्वीर खींची है। यह ग्रह टीडब्ल्यूए 7 बी नाम की एक युवा तारकीय प्रणाली का हिस्सा है, जो महज 60 लाख साल पुरानी है। यह पहली बार है जब किसी नवजात एक्सोप्लैनेट को सीधे कैमरे में कैद किया गया है, वह भी ऐसे समय में जब आज तक खोजे गए करीब 6000 एक्सोप्लैनेट्स को वैज्ञानिकों ने केवल अप्रत्यक्ष तरीकों से खोजा था। जानकारी के मुताबिक ज्यादातर मामलों में किसी तारे के सामने ग्रह के गुजरने से उसकी रोशनी में आने वाली कमी या स्पेक्ट्रोस्कोपिक डेटा के जरिए ही ग्रहों की मौजूदगी का अनुमान लगाया जाता था। ऐसे में यह उपलब्धि एक बहुत बड़ी छलांग के रूप में देखी जा रही है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि की अगुवाई पेरिस ऑब्जर्वेटरी की एस्ट्रोफिजिसिस्ट डॉ. ऐनी-मैरी लाग्रांज ने की।

**शोध** वैज्ञानिकों ने बच्चों में मस्तिष्क के विकास से जुड़े एक दुर्लभ (जेनेटिक) वजह की पहचान की है

# जेनेटिक परिवर्तन और बीमारी के बीच गहरा संबंध

**एजेंसी ■ वैलिंग्टन**

**वैज्ञानिकों ने बच्चों में मस्तिष्क के विकास से जुड़े एक दुर्लभ विकार की नई आनुवंशिक (जेनेटिक) वजह की पहचान की है। हाल ही में एक अंतरराष्ट्रीय शोध में शोधकर्ताओं की टीम ने पाया कि सीआरएनकेएल1 नामक जीन में हुए खास बदलाव के कारण बच्चों में गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्याएं पैदा हो सकती हैं।**



इनमें माइक्रोसेफली (सिर का सामान्य से छोटा आकार), ब्रेन स्टैम और सेरेबेलम का अविकसित रह जाना (पोंटोसेरेबेलर हाइपोप्लासिया), दौरे और गहरी बौद्धिक अक्षमता शामिल हैं। यह डिसऑर्डर बच्चों को जन्म से पहले और बाद में समान रूप से प्रभावित कर सकता है। शोध की मुख्य लेखिका डॉ. संकालिता रे दास ने कहा कि यह खोज न सिर्फ इस दुर्लभ रोग की स्पष्ट वजह बताती है, बल्कि यह भी समझने में मदद करती है कि मानव जीन मस्तिष्क के विकास को कैसे संचालित करते हैं।

इस शोध को न्यूजीलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ ओटागो के नेतृत्व में किया गया। इस शोध से मस्तिष्क के निर्माण और उसकी कार्यप्रणाली से जुड़ी जटिल जैविक प्रक्रिया को समझने में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। शोध में शामिल बायोकेमिस्ट्री विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर लुईस बिकनेल ने बताया कि मानव शरीर डीएनए से आवश्यक निर्देशों को 'स्प्लिसिंग' नामक प्रक्रिया के जरिए पढ़ता और प्रोसेस करता है।

यह प्रक्रिया हमारे शरीर में जरूरी प्रोटीन बनाने के लिए जिम्मेदार होती है। यदि इसमें गड़बड़ी हो जाए तो गंभीर जेनेटिक बीमारियां हो सकती हैं। सीआरएनकेएल1 जीन में पाई गई गड़बड़ी भी ऐसी ही एक गड़बड़ी है, जो सीधे मस्तिष्क के विकास को प्रभावित करती है। इस शोध में 10 परिवारों का अध्ययन किया गया। इनमें से नौ मामलों में सीआरएनकेएल1 जीन के एक ही स्थान पर बदलाव मिला। सभी बच्चों में लक्षण लगभग समान थे, जिससे यह साबित होता है कि यह जेनेटिक परिवर्तन और बीमारी के बीच गहरा संबंध है।

# बारिश की विनाशलीला, देश भर में प्राकृतिक एवं मानवजन्य प्रकोप

देशभर में मानसून की दस्तक इस बार राहत के साथ-साथ तबाही लेकर आई है। उत्तर भारत के कई राज्य–हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, दिल्ली, यूपी और बिहार मे भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन जैसी आपदाओं से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मध्य प्रदेश, ओडिशा और महाराष्ट्र जैसे राज्य भी बारिश के कहर से अछूते नहीं हैं। मौसम विभाग ने कई राज्यों में रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मानसून के इस मौसम में जितना प्रकृति का प्रकोप है, उससे ज्यादा प्रकोप मानवीय और सरकारी लापरवाही का है। ज़मीनी हकीकत यह है, कि सरकार की योजनाएं और नगरीय निकायों की लापरवाही मानसून के पहले की तैयारियों का अभाव हर साल इस आपदा को और भी भयावह बना देता है। हिमाचल प्रदेश में अब तक दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है, सड़कें बंद हैं। पहाड़ी नदियों का जलस्तर खतरनाक हद तक बढ़ गया है। हिमाचल में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। हजारों पर्यटक और वाहन यहां फंसे हुए हैं। गांव के गांव इस मानसून की बारिश में और भू स्वखलन में बह गए हैं। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा को रोकना पड़ा है। भूस्खलन और पुल टूटने से रास्ते अवरुद्ध हैं। हजारों तीर्थ यात्री फंसे हुए हैं। उन्हें खाना-पीना भी सही से नहीं मिल पा रहा है। मैदानी इलाकों की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। गांवों में पानी भरा है, फसलें नष्ट हो रही हैं। जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त है। दुर्भाग्य की बात यह है, कि यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। हर साल जून-जुलाई में ऐसे ही दृश्य सामने आते हैं। हर साल इसी तरह की विभीषिका से लोगों को जूझना पड़ता है। हजारों करोड़ों रुपए का नुकसान हर साल होता है। पिछले कई वर्षों से सभी नगरों में बारिश के दौरान जल प्लावन की स्थिति देखने को मिलती है। सीवर लाइन जिस तरीके से शहरों में बिछाई गई है, उसमें पानी की निकासी और ढलान का कोई ध्यान नहीं रखा गया। इस कारण थोड़ी सी भी बारिश में शहरों के कई हिस्से जल मग्न हो जाते हैं। जगह-जगह नावें चलने लगती हैं। गुजरात जैसे राज्य में हर साल बारिश के दौरान बड़े पैमाने पर विनाश लीला होती है। केंद्र एवं राज्य सरकारें सतर्क और गंभीर हों, ऐसा दिखता नहीं है। केंद्र की आपदा प्रबंधन प्रणाली जब आपदा आती है तो उसे दूर करने के नाम



पर करोड़ों रुपए खर्च कर देती है। स्थाई समाधान के प्रयास नहीं किए जाते हैं। जिसके कारण हर साल और वह रुपए का नुकसान केंद्र एवं राज्य सरकारों के साथ-साथ आम लोगों को उठाना पड़ता है। शहरी विकास योजनाएं बिना पर्यावरणीय संतुलन को समझे लागू हो जाती हैं। नगरी विकास योजनाओं में यह ध्यान नहीं रखा जाता है।



बृजेश सिंह तोमर

# देश की एकता–अखंडता में घुलता जातीय संघर्ष का जहर..!

**भारत की आत्मा उसकी सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता में रही है, लेकिन आज यह विविधता विघटन की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। जातीय संघर्ष अब न तो असामान्य रह गया है और न ही सीमित। आए दिन किसी न किसी हिस्से से झड़प, नारेबाज़ी, बहिष्कार, आगज़नी और हिंसक प्रदर्शन की खबरें आ रही हैं। यह सिर्फ सामाजिक चिंता नहीं, बल्कि राष्ट्र के लोकतांत्रिक ताने-बाने के लिए भी एक गंभीर चेतावनी है।**

हाल ही की तीन घटनाएं मध्यप्रदेश में चर्चाओं का केन्द्रविन्दु रही। ये इस बात की स्पष्ट मिसालें हैं कि कैसे जातीय अस्मिता की रक्षा के नाम पर समाज में वैमनस्य और हिंसा का बीज बोया जा रहा है। पिपरिया में श्रीमद् भागवत कथा के मंच से कथावाचक मनीष यादव द्वारा यह कहे जाने पर कि धार्मिक कथाओं का अधिकार केवल एक जाति तक सीमित नहीं होना चाहिए, तीव्र विरोध खड़ा हो गया। कथावाचक यादव समाज से हैं, और यह वक्तव्य जैसे ही वायरल हुआ, ब्राह्मण समाज ने इसे अपनी परंपरागत भूमिका पर सीधा हमला मानते हुए न केवल सोशल मीडिया पर, बल्कि कथा स्थल पर प्रदर्शन और बहिष्कार की राह पकड़ ली। हिंसा भले न हुई हो, लेकिन तनाव की गहराई को किसी ने नज़रअंदाज़ नहीं किया।

इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के इटावा से एक और चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहां कथावाचक मुकुट मनी सिंह यादव और उनके सहयोगी पर यह आरोप लगाया गया कि उन्होंने कथावाचन के लिए ब्राह्मण के वेश में समाज को गुमराह किया। नतीजतन, स्थानीय लोगों ने कथावाचक का सिर मुंडवा दिया, अपमानित किया और मारपीट तक की। चार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई, और यह घटना साबित करती है कि अब जातीय पहचान किसी भी धार्मिक या सामाजिक मंच से ज़्यादा बड़ी हो गई है।

इससे पूर्व आगरा में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामजीलाल सुमन द्वारा क्षत्रिय समाज को लेकर की गई विवादास्पद टिप्पणी ने स्थिति को और भड़काया। लाइव बयान में क्षत्रिय समुदाय के सामाजिक योगदान को लेकर तंज कसे गए, जिससे आक्रोशित होकर करणी सेना और अन्य क्षत्रिय संगठनों ने ज़ोरदार प्रदर्शन किया। बात इतनी बढ़ी कि 26 मार्च 2025 को उनके आवास पर पथराव हुआ, फर्नीचर और वाहन तोड़े गए, और इसमें कई पुलिसकर्मी व राहगीर घायल हुए। अब तक 19 से अधिक गिरफ्तारी हो चुकी हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने यह साबित कर दिया कि राजनीतिक मंच भी अब सामाजिक समरसता को तोड़ने का जरिया बनते जा रहे हैं।

इन घटनाओं की साझा विशेषता यही है कि वे जातीय अस्मिता को लेकर उपजे आक्रोश की परिणति हैं। अब विचार और विरोध की सीमाएं टूट चुकी हैं।



किसी कथन, किसी वेश या किसी विचार को लेकर पूरे समुदाय को ही कटघरे में खड़ा किया जा रहा है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि जातीय हिंसा से जुड़ी घटनाएं पिछले पांच वर्षों में लगभग 40त्न तक बढ़ी हैं। वर्ष 2023 में 2,950 से अधिक जातीय हिंसा के मामले देशभर में दर्ज किए गए। उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान और बिहार इस सूची में सबसे ऊपर हैं।

ऐसा नही कि देश के किसी न किसी हिस्से में यह घटनाये पहले घटित नही होती थी।घटना तो होती थी मगर प्रचार-प्रसार,तकनीक के अभाव में वे देश भर की सुर्खियां नही बन पाती थी बल्कि क्षेत्रीय होकर रह जाती थी किन्तु अब इस पूरे परिदृश्य को सबसे अधिक उकसाने और फैलाने का काम सोशल मीडिया और टीवी मीडिया ने किया है। स्थानीय घटनाएं अब क्षेत्रीय नहीं रहीं। वे वायरल होती हैं, भावनाएं भड़काती हैं और दूसरे राज्यों तक जातीय लामबंदी को जन्म देती हैं। देश के किसी गांव,कस्वे,शहर की घटना अब समूचे देश मे फैल जाती है नतीजतन अन्य भागों में भी विरोध की स्थितियां जन्म ले लेती है।फिर उसे सजातीयता का रंग दे दिया जाता है।एक व्यक्ति की गलती अब एक जाति की जिम्मेदारी बन जाती है, और फिर उस जाति के प्रति संपूर्ण सामाजिक धारणा को बदला जाने लगता है। उस जाति के सामाजिक,राजनीतिक लोग हाय-तौबा मचाने लगते है।सोशल मीडिया,टीबी मीडिया हर ऐसे मुद्दे पर आग में घी डालने लगती है ओर टीआरपी व वायरल होने की होड़ में उस घटना से जुड़े तमाम कंटेंट स्क्रीन पर उतर आते है।कई मर्तबा इस होड़ में झूठे कंटेंट तक परोस दिये जाते है।यह प्रक्रिया हम बनाम वे की मानसिकता को जन्म देती है, जो किसी भी राष्ट्र के लिए घातक है।

जब जातीय पहचान पर खतरे का एहसास गहराता है, तब समाज अस्मिता की रक्षा को अस्तित्व की लड़ाई में बदल देता है। यह बदलाव अक्सर लोकतांत्रिक संवाद और शांति को खत्म कर प्रतिशोध और हिंसा की ओर ले जाता है। और यही वह खतरा है जिससे आज भारत जूझ रहा है। अगर हमने इस अंधी प्रतिक्रिया की प्रवृत्ति को रोका नहीं, तो वह दिन दूर नहीं जब देश एक निगरानी और दमन आधारित समाज में तब्दील हो जाएगा जहां हर विचार, हर जाति, हर व्यक्ति पर संदेह किया जाएगा।

इसलिए आज सबसे ज़रूरी है कि जातीय घृणा फैलाने वालों को सामाजिक बहिष्कार मिले, न कि राजनीतिक संरक्षण। धार्मिक मंचों को समाज जोड़ने का माध्यम बनना होगा, न कि श्रेष्ठता की लड़ाई का अखाड़ा। सोशल मीडिया को केवल एक रिएक्शन प्लेटफॉर्म बनने के बजाय समरसता का पुल बनाना होगा। और मीडिया संस्थानों को टीआरपी की भूख से ऊपर उठकर संयम और संतुलन के साथ खबरों की प्रस्तुति करनी होगी।

भारत की सामाजिक संरचना इतनी नाजुक हो चली है कि अब एक चिंगारी ही काफी है पूरे देश को जलाने के लिए। आज की ये घटनाएं वही चिंगारियाँ हैं। अगर हमने होश नहीं संभाला, तो ये चिंगारियाँ वह दावानल बन सकती हैं जिसमें हमारी संस्कृति, हमारा लोकतंत्र और हमारी मानवता सबकुछ जलकर राख हो जाएगी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक मुद्दों पर स्वतंत्र टिप्पणीकार है।)**

# रोगी के लिये स्वस्थ जीवन की मुस्कान देते हैं डॉक्टर्स

स्वस्थ जीवन हर किसी की सर्वोच्च जीवन प्राथमिकता होता है। कहा भी गया है कि, 'सेहत सबसे बड़ी पूंजी' है। स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन को सही तरह से एन्जॉय करते हुए उसे सफल एवं सार्थक बना सकता है और इसमें डॉक्टर्स की भूमिका बहुत अहम होती है। छोटी-बड़ी हर तरह की बीमारियों को डॉक्टर्स की मदद से ठीक किया जा सकता है। शायद इसलिए ही इन्हें भगवान का दर्जा मिला हुआ है। राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस प्रसिद्ध डॉक्टर और बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधानचंद्र राय के सम्मान में मनाया जाता है। वैसे तो दुनियाभर के अलग-अलग देशों में डॉक्टर्स डे को अलग-अलग दिन मनाया जाता है, लेकिन भारत में इस दिन को 1 जुलाई को इसलिये मनाया जाता है क्योंकि 1 जुलाई 1882 में भारत के प्रसिद्ध फिजीशियन डॉ. राय का जन्म हुआ था और उनका निधन भी 1 जुलाई को ही साल 1962 में हुआ था। चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मान देने के मकसद से डॉक्टर्स डे मनाने की शुरुआत की गई थी। यह दिन उन डॉक्टरों को समर्पित होता है जो हमारी



सेहत का ध्यान रखते हुए हमें नया जीवनदान देते हैं। साथ ही हमें बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं। हल्का सा भी हम अगर बीमार पड़ते हैं तो तुरंत ही डॉक्टर के पास भागते हैं। 2025 की थीम है 'मास्क के पीछेः देखभाल करने वालों की देखभाल' उन लोगों की देखभाल की आवश्यकता को उजागर करती है जो हमारी देखभाल करते हैं। यह थीम इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित करती है कि दूसरों की सेवा करते समय, डॉक्टर अक्सर अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की उपेक्षा करते हैं। इस थीम का उद्देश्य बेहतर कार्य परिस्थितियां, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और समाज से उनके लिए उचित सम्मान सुनिश्चित करना है। बहुत से लोग इस दिन का उपयोग अपने देश में डॉक्टर्स द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों का सम्मान करने के लिए करते हैं। एक डॉक्टर मरीज को स्वस्थ करते हुए आशा नहीं खोता-वह हर चुनौती का जोरदार मुस्कान के साथ सामना करता है, चाहे परेशानी एवं बीमारी कितनी भी गंभीर क्यों न हो। वास्तव में डॉक्टर्स की निःस्वार्थता एवं सेवाभावना उन्हें रोगियों के लिए स्वर्गदूत बनाती है, एक फरिश्ते के रूप में वे जीवन का आश्वासन बनते हैं और उनका बलिदान-योगदान उन्हें मानवीय सेवा का योद्धा बनाता है। डॉक्टर्स डे डॉक्टरों द्वारा समुदायों के उपचार, सुरक्षा और समर्थन में अक्सर बड़ी व्यक्तिगत कीमत पर निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करता है। डॉक्टर्स न केवल महामारी या संकट के दौरान बल्कि हर दिन, गांवों, कस्बों और शहरों में मेडिकल प्रोफेशनल्स द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका की सार्वजनिक स्वीकृति के रूप में कार्य करता है। सामान्य चिकित्सकों से लेकर विशेषज्ञों और सर्जनों तक, यह दिन उन सभी का सम्मान करता है जिन्होंने उपचार और सेवा करने की शपथ ली है। इस दिवस पर मरीज और समुदाय भी कृतज्ञता और आशा की कहानियां साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रहे हैं। जैसाकि भारत नई सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहा है, राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस एक उत्सव और एक ऐसी प्रणाली बनाने के लिए कार्रवाई का आह्वान है, जहां डॉक्टरों को न केवल देखभाल करने वाले के रूप में सम्मानित किया जाता है, बल्कि बदले में उनकी सुरक्षा, सम्मान और देखभाल भी की जाती है। डॉक्टर कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाते हैं जो सिर्फ बीमारी का निदान और उपचार करने से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। उनके काम में चिकित्सा ज्ञान, चिकित्सा नवाचार, संचार और करुणा का संयोजन शामिल है ताकि रोगियों को पूरी तरह से सहायता मिल सके, नये भारत-सशक्त भारत के निर्माण में उनकी सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका है। डॉक्टरों की भूमिकाएं उनके काम करने के स्थान के आधार पर अलग-अलग होती हैं। अस्पतालों में, वे विशेष उपचार या आपातकालीन देखभाल पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। क्लीनिकों और ग्रामीण केंद्रों में, वे अक्सर सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि चिकित्सा सहायता दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों तक पहुँचे। इन विविध जिम्मेदारियों के माध्यम से, डॉक्टर व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, तथा हर दिन सकारात्मक बदलाव लाते हैं। भारत चिकित्सा नवाचार और प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेता है। भारत देश केवल एक विशाल आबादी वाला देश नहीं है, बल्कि इसने चिकित्सा-क्रांति को घटित करते हुए दुनिया में चिकित्सा-सेवा के नये दीप प्रज्वलित किये हैं। डॉक्टर बनना आसान नहीं है, फिर भी आप इसे बड़ी सहजता से और हमेशा मुस्कुराते हुए करते हैं। हर कोई डॉक्टर नहीं बन सकता क्योंकि हर किसी के पास मरीजों को निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं देने के लिए ज्ञान, कौशल और धैर्य नहीं होता। हर बीमारी के लिये एक एक्सपर्ट होता है। अगर आपको सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार या फिर मौसमी बीमारी ने जकड़ लिया है तो आपको फिजिशिनय या जनरल फिजिशियन से मिलना चाहिए। वहीं आंख, कान, नाक, टॉन्सिल, सिर या गर्दन की समस्या के लिये ईएनटी स्पेशलिस्ट होते हैं। ये साइनस का भी इलाज करते हैं। अगर आपको दिल से जुड़ी कोई दिक्कत है तो कार्डियोलॉजिस्ट के पास जाना बेहतर होता है। कोलेस्ट्रॉल लेवल के बढ़ने पर आप इन डॉक्टर के पास जाएं। इसके अलावा अगर आप तनाव में रहते हैं तो साइकोलॉजिस्ट से मिलना होता है। कैंसर की बीमारी के लिये आपको ओन्कोनोजिस्ट के पास जाना चाहिए। अगर आपको आंखों में कोई समस्या है, जलन, खुजली, रेडनेस या इन्फेक्शन से जूझ रहे हैं तो इसके लिए नेत्र रोग विशेषज्ञ के पास जाएं। प्रेग्नेंसी से लेकर डिलीवरी, या फिर ब्रेस्ट, यूटीआई, पीरयड्स, की समस्या हो रही है तो गायनोकोलॉजिस्ट की मदद लें।

ललित गर्ग

# कठिनतम परिस्थितियों में भी मरीजों को जीवनदान देते हैं चिकित्सक

योगेश कुमार गोयल

समाज के प्रति चिकित्सकों के समर्पण एवं प्रतिबद्धता के लिए कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने तथा मेडिकल छात्रों को प्रेरित करने के लिए ही प्रतिवर्ष देश में एक जुलाई को 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' मनाया जाता है। गंभीर से गंभीर बीमारियों से जूझते मरीजों की जान बचाने का हरसंभव प्रयास करने वाले चिकित्सक वाकई सम्मान के सबसे बड़े हकदार भी हैं। चिकित्सक दिवस मनाने का मूल उद्देश्य चिकित्सकों की बहुमूल्य सेवा, भूमिका और महत्व के संबंध में आमजन को जागरूक करना, चिकित्सकों का सम्मान करना और साथ ही चिकित्सकों को भी उनके पेशे के प्रति जागरूक करना है। कोरोना महामारी के भयावह दौर में दुनियाभर में चिकित्सक अपनी जान की परवाह किए बिना करोड़ों लोगों के जीवन की रक्षा करते नजर आए थे। उस विकट दौर में देश में ड्यूटी के दौरान सैंकड़ों चिकित्सकों की मौत हुई थी लेकिन फिर भी चिकित्सक जी-जान से लोगों की जान बचाने में जुटे नजर आए थे। कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान तो बहुत से चिकित्सकों और चिकित्सा स्टाफ को अपनी छुट्टियां रद्द कर प्रतिदिन लंबे-लंबे समय तक कार्य करना पड़ा था और ऐसे बहुत से चिकित्साकर्मी महीनों-महीनों तक अपने परिवार और छोटे बच्चों से भी दूर रहे थे।

हालांकि कुछ चिकित्सक ऐसे भी देखे जाते हैं, जो अपने इस सम्मानित पेशे के प्रति ईमानदार नहीं होते लेकिन ऐसे चिकित्सकों की भी कमी नहीं, जिनमें अपने पेशे के प्रति समर्पण की कोई कमी नहीं होती। बिना चिकित्सा व्यवस्था और बिना योग्य चिकित्सकों के इंसान की जिंदगी कैसी होती, इसकी कल्पना मात्र से ही रोम-रोम सिहर जाता है। यही कारण है कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में चिकित्सकों का महत्व सदा से रहा है और हमेशा रहेगा। चिकित्सक दिवस की स्थापना भारत में वर्ष 1991 में हुई थी। पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और जाने-माने चिकित्सक डा. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में चिकित्सकों की उपलब्धियों तथा चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने वाले डॉक्टरों के सम्मान के लिए इसका आयोजन होता है। वे एक जाने-माने चिकित्सक, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और वर्ष 1948 से 1962 में जीवन के अंतिम क्षणों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर, बिधाननगर, अशोकनगर, कल्याणी तथा हबरा नामक पांच शहरों की स्थापना की थी।

संभवतः इसीलिए उन्हें पश्चिम बंगाल का महान वास्तुकार भी कहा जाता है। कलकत्ता विश्वविद्यालय से मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने वर्ष 1911 में एमआरसीपी और एफआरसीएस की डिग्री लंदन से ली। उन्होंने एक साथ फिजिशयन और सर्जन की रॉयल कॉलेज की सदस्यता हासिल कर हर किसी को अपनी प्रतिभा से हतप्रभ कर दिया था। वर्ष 1911 में भारत में ही एक चिकित्सक के रूप में उन्होंने अपने चिकित्सा कैरियर की शुरूआत की। वे कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में शिक्षक नियुक्त हुए। वर्ष 1922 में वे कलकत्ता मेडिकल जनरल के सम्पादक और बोर्ड के सदस्य बने। 1926 में उन्होंने अपना पहला राजनीतिक भाषण दिया और 1928 में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सदस्य भी चुने गए।

फीचर



# जलने पर अपनायें ये घरेलू उपाय


**शरीर के किसी अंग का आग या ताप में जल जाना, बेहद तकलीफदेह होता है। कई बार खाना बनाते वक्त, गर्म पानी से या फिर बिजली के किसी उपकरण से जल जाने पर त्वचा पर फफोले हो जाते हैं, जो आपकी तकलीफ को कई गुना बढ़ा देते हैं।**

कुछ घरेलू उपाय आपकी मदद कर सकते हैं। जब भी किसी कारण से त्वचा जल जाए, तो तुरंत उस पर ठंडा पानी डालें, ताकि फफोले ना पड़ सकें। इसके बाद भी आप जले हुए स्थान पर ठंडे पानी में कपड़ा भिगोकर लपेट दें, ताकि यह खतरा और भी कम हो जाए। जलने पर एलोवेरा काफी फायदा पहुंचाता है। प्राथमिक उपचार के तौर पर इसका प्रयोग जले हुए स्थान पर किया जा सकता है। इसेक बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। पानी या दूध से घाव को धोने के बाद एलोवेरा को जले हुए स्थान पर लगाएं। जले हुए स्थान पर आलू या आलू का छिलका लगाकर रखने से भी जलन से राहत मिलेगी और ठंडक मिलेगी। इसके लिए आलू को दो भागों में काटकर उसे जख्म पर रखें। जलने के तुरंत बाद यह करना काफी फायदेमंद होगा। जले हुए स्थान पर तुरंत हल्दी का पानी लगाने से दर्द कम होता है और आराम मिलता है। इसलिए इसे प्राथमिक उपाचार के तौर पर प्रयोग किया जा सकता है। शहद का प्रयोग भी जले हुए स्थान पर करने से लाभ होता है, क्योंकि यह एक अच्छा एंटीबायोटिक होता है। यह घाव के कीटाणुओं को खत्म करने में सहायक होता है। इसके लिए शहद को पट्टी पर लेकर पट्टी को घाव पर रख दें और इस पट्टी को दिन में दो से तीन बार जरूर बदलें। जले हुए स्थान पर टी-बैग रखने से भी आपको काफी राहत मिलेगी। इसके लिए टी-बैग को फ्रिज या ठंडे पानी में कुछ देर रखने के बाद घाव पर लगाएं। इसमें टैनिक अम्ल होता है, जो घाव की गर्मी को कम की उसे ठीक करने में मदद करता है। जले हुए हिस्से पर तुलसी के पत्तों का रस लगाना भी बेहद असरकारक होता है। इससे हुए वाले भाग पर दाग बनने की संभावना कम होती है।

## प्रेरणा

# उसका अभिमान नाश कर के छोड़ता है

जब व्यक्ति अपार धन-दौलत और आलीशान भवनों का मालिक हो जाता है तो वह स्वयं को औरों से अलग महसूस करने लगता है। ऊंचेपन की भावना के कारण वह किसी को कुछ नहीं समझता। यही भाव अभिमान है जो उसके रोम-रोम से दिखाई देता है। इस स्थिति में शेष लोग उसके लिए अवशेष हो जाते हैं। सिक्खों के पंचम गुरु अर्जन देव जी ने अपनी रचना में ऐसे लोगों को मूर्ख, अंधा व अज्ञानी माना है। जब ऐसी स्थिति आ जाती है तो वह अराजक होकर अत्याचार पर उतारू हो जाता है। गरीब और कमजोर उसके शिकार होते हैं। गुरु अर्जन देव ने अपने समय में ऐसे अत्याचारों को देखा और सामना भी किया। उनके अनुसार व्यक्ति कितना भी ऊंचा क्यों न हो जाए, अभिमान उसका नाश करके ही छोड़ता है। हृदय में गरीबी यानी विनम्रता का वास जरूरी है। इससे सारे लोकों में सुखों की प्राप्ति होती है। उन्होंने इन पवित्र विचारों को अपनी कालजयी रचना सुखमनी साहिब में यूं लिखा है- जिस कै हिरदै गरीबी बसावै। नानक ईहा मुकतु आगै सुखु पावै।



वास्तव में अभिमान निर्माण का नहीं, विनाश का लक्षण है। व्यक्ति स्वयं को महत्ता देने लगता है। अपनी अराजकता से वह आस-पास के लोगों को भी संप्रमित कर देता है। इसी आग में विकास डूबकर विनाश में परिवर्तित हो जाता है। प्राचीन काल में रावण, कंस, कौरव आदि अभिमान के ही मिथ्या जाल में फंसे थे।

## अपनी बात



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा हमारी संस्कृति ईशावास्यम् इदं सर्वम् के जीवन मूल्य पर आधारित है, जो सभी जीवों में ईश्वर को देखती है। हमारे देवताओं और ऋषियों ने पशुओं से संवाद करने की मान्यता भी इसी सोच पर आधारित है। राष्ट्रपति मुर्मू ने दीक्षांत समारोह में छात्रों से कहा कि मनुष्य का वनों और वन्य जीवों के साथ सह-अस्तित्व का रिश्ता है।



सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अभी हाल ही में हमने भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे दुर्दांत काले अध्याय आपातकाल के 50 साल पूरे किए हैं, लेकिन बड़े दुख की बात है कि पटना के उसी गांधी मैदान में जहां आपातकाल के दौरान संविधान की रक्षा और संविधान के सम्मान के लिए जान की परवाह किए बिना लाखों लोग एकत्र हुए थे। वहां कल एक ऐसी रैली हुई, जिसमें तेजस्वी यादव ने कहा कि संसद के कानून को (वक्फ बोर्ड कानून) कूड़ेदान में फेंक देंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### कैंट थाना पुलिस ने चेक बाउंस मामले में फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**गुना।** जिले में विभिन्न मामलों में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर गुना पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत कैंट थाना पुलिस ने एक अहम सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा के निर्देशन एवं सीएसपी भरत नोटिया के पर्यवेक्षण में कैंट थाना पुलिस ने चेक बाउंस के एक मामले में लंबे समय से न्यायालय से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चेक बाउंस के प्रकरण क्रमांक 75/24 धारा 138 एनआई एक्ट में आरोपी कमल सिंह पुत्र पर्वत सिंह प्रजापति, निवासी ग्राम सिरसी, हाल गुलाबगंज कैंट, लंबे समय से न्यायालयीन कार्यवाही से अनुपस्थित चल रहा था। इस पर न्यायालय गुना द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। आरोपी की लगातार तलाश के बीच कैंट थाना पुलिस को आज मुखबिर से सूचना मिली, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी कमल सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, प्रधान आरक्षक मुकेश मौर्य, आरक्षक लक्ष्मीनारायण पारस और आरक्षक राजेश अहिरवार की विशेष भूमिका रही।

### लायंस क्लब गुना सिटी द्वारा नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**गुना।** लायंस क्लब गुना सिटी द्वारा मानस भवन निर्माण एवं संचालन समिति के सहयोग से एवं सिंघल परिवार के सौजन्य से स्व. ललिता देवी सिंघल की चतुर्थ पुण्य स्मृति, डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के उपलक्ष्य में निश्शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जनकल्याणकारी शिविर 1 जुलाई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मानस भवन, गुना सिटी में आयोजित होगा। शिविर में नेत्र रोगों एवं सामान्य स्वास्थ्य संबंधी जांच की जाएगी। लायंस क्लब गुना सिटी ने आमजन से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं और समय पर पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराएं।

**पत्रकारवार्ता में कांग्रेसजनों ने दी आंदोलन की चेतावनी...**

# झूठी एफआईआर कर के किस किस की आवाज दबाएगी भाजपा?

सत्ता सुधार ■ गुना

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ 26 जून को अशोकनगर जिले में दर्ज हुई एफआईआर को कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी की तानाशाही और साजिश करार दिया है। इस घटना के विरोध में सोमवार को गुना में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ और बमोरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल ने पत्रकारों से बात की और भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। दोनों नेताओं ने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि आपकी सत्ता की हनक और दबाव की राजनीति ज्यादा दिन तक नहीं चलेगी। सच्चाई की जीत होगी और मध्यप्रदेश का लोकतंत्र इस राजिश को परास्त करेगा। बमौरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल ने बताया कि अशोकनगर जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र में कुछ पीड़ितों के साथ गंभीर कृत्य सामने आया था। इन पीड़ितों ने सबसे पहले जनसुनवाई के दौरान अशोकनगर कलेक्ट्रेट में प्रशासन से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई थी। इस घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। लगभग 10 से 15 दिनों तक न्याय न मिलने पर पीड़ितों ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी से ओरछा में मुलाकात की और उन्हें आपबीती सुनाई, जिसमें मारपीट, बाइक छीनने और मल खिलाने की कोशिश जैसी जघन्य घटनाओं का जिक्र था। पीड़ितों को उम्मीद थी कि जिस तरह जीतू पटवारी पूरे प्रदेश में बेरोजगारों, शोषितों और वंचितों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उसी तरह उन्हें भी न्याय दिलाएंगे।



पटवारी ने पीड़ितों से मिलने के बाद तुरंत अशोकनगर कलेक्टर से फोन पर बात की और उन्हें न्याय दिलाने का आग्रह किया। इसके बाद यह घटना पूरे मध्यप्रदेश में एक बड़ी खबर बन गई।

### कितनी घटनाएं छिपाओगे?

कांग्रेस का आरोप है कि मध्यप्रदेश सरकार इस घटना को दबाने की कोशिश कर रही थी, और जब यह बात उजागर हुई तो 26 जून को जीतू पटवारी के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज कर दी गई। ऋषि अग्रवाल ने भाजपा सरकार के रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह लोकतंत्र को जकडने और शोषित, वंचितों के खिलाफ आवाज उठाने वालों की आवाज दबाने का प्रयास है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस इसके बावजूद रुकेगी नहीं और जहां भी अत्याचार होगा या बेरोजगारों की बात नहीं सुनी जाएगी, कांग्रेस मुखर होगी। उन्होंने ने परीक्षाओं में हो रहे घोटालों का भी जिक्र करते हुए कहा कि विपक्ष और मीडिया की जवाबदेही है कि वे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते रहें।

### एफआईआर हो रद्द पीड़ितों को मिले न्याय

कांग्रेस ने मांग की है कि जीतू पटवारी के खिलाफ दर्ज झूठी एफआईआर की जांच की जाए और इसे तुरंत रद्द किया जाए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब 10 जून को पीड़ितों ने जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई थी, तो 15 दिनों तक पुलिस और प्रशासन ने क्या कार्रवाई की। ऋषि अग्रवाल ने पुलिस की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए अशोकनगर जिले की घटना की भी गहन जांच की मांग की है। उन्होंने जोर दिया कि यह एक बड़ा जांच का विषय है कि क्या पीड़ितों पर दबाव डाला गया, जिसके चलते उन्होंने शपथ पत्र देकर अपनी शिकायत वापस ले ली। अग्रवाल ने याद दिलाया कि पीड़ित शुरुआत में न्याय न मिलने पर आत्महत्या करने की बात कर रहा था।

### यह रहे मौजूद

प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी गुना के अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, बमौरी विधायक ऋषि अग्रवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरिशंकर विजयवर्गीय, शेखर वशिष्ठ, प्रकाश सिंह धाकड़, रमेश सेंड़ो, पंकज कनेरिया, नरेंद्र सिंह कुशवाह, तरूण सेन, अनुज रघुवंशी, आर्यन सेंड़ो आदि उपस्थित रहे।

# जगनपुर में कोर्ट शिफ्टिंग के विरोध में बार एसोसिएशन हुआ मुखर

**अधिवक्ता संघ ने प्रमुख न्यायाधीश को भेजा विरोध पत्र**

सत्ता सुधार ■ गुना

जिला न्यायालय को शहर के बीचों-बीच स्थित मौजूदा परिसर से हटाकर नगर से दूर जगनपुर चक क्षेत्र में स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव को लेकर विवाद और विरोध गहराता जा रहा है। इस मुद्दे पर पहले से ही बार एसोसिएशन गुना द्वारा विरोध दर्ज कराया जा चुका है। वहीं अब अधिवक्ता संघ गुना ने मप्र उच्च न्यायालय के प्रमुख न्यायाधीश को एक लिखित आपत्ति पत्र जिला एवं सत्र न्यायाधीश को सौंपा। जिसमें इस प्रस्ताव को न्याय व्यवस्था, सुरक्षा और जनसुविधा के प्रतिकूल बताया है। इस पत्र में वर्तमान न्यायालय परिसर की महत्ता, पहुंच-योग्यता और उपलब्ध भूमि को विस्तार से दर्शाते हुए शिफ्टिंग की प्रक्रिया पर गंभीर आपत्ति जताई गई है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने तीन बार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से इस मामले में भेंट कर वर्तमान न्यायालय परिसर को ही



बनाए रखने का अनुरोध किया था, लेकिन अंततः सिंधिया ने स्पष्ट कह दिया कोर्ट तो वहीं जाएगा। इसी के बाद बार एसोसिएशन की जनरल काउंसिल बैठक में निर्णय लेकर विरोध आंदोलन की रूपरेखा तय की गई है।

अधिवक्ता संघ द्वारा भेजे गए पत्र में बताया गया है कि वर्तमान न्यायालय परिसर सर्वे क्रमांक 192 में स्थित है, जहां लगभग 0.9820 हेक्टेयर भूमि पर भवन के साथ व्यवस्थित पार्किंग और हरित क्षेत्र उपलब्ध है। साथ ही इससे लगे उद्योग विभाग, टीएनसीपी कार्यालय एवं पुराने कलेक्ट्रेट की भूमि को मिलाकर कुल 5.025 हेक्टेयर भूमि परिसर विस्तार के लिए सहज उपलब्ध है। जबकि प्रस्तावित जगनपुर चक स्थित स्थान, न केवल नगर से दूर औद्योगिक क्षेत्र में है बल्कि सुरक्षा और सुविधा की दृष्टि से भी अत्यंत अनुपयुक्त माना गया है। पत्र में आशंका जताई गई है कि इस प्रस्तावित स्थान पर न्यायालय स्थापित होने से महिला न्यायिक कर्मचारी, अधिवक्ता और पक्षकारों को गंभीर असुरक्षा की स्थिति का सामना करना पड़ेगा। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि कुछ भू-माफियाओं द्वारा कम मूल्य पर खरीदी गई जमीन को उच्च दामों पर बेचने के उद्देश्य से दबावपूर्वक यह स्थान चयनित कराया गया है। यहां तक कि आरटीओ और बस स्टैंड जैसी कीमती शासकीय भूमि के अतिक्रमण की तर्ज पर न्यायालय की वर्तमान भूमि को भी निजी स्वार्थों से हड़पने की आशंका व्यक्त की गई है।

जगनपुर जाने के लिए पुल पार कर औद्योगिक क्षेत्र से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे आमजन विशेषकर वृद्ध, महिलाएं और दिव्यांग पक्षकारों के लिए आवाजाही दुष्कर हो जाएगी। ऐसे में अधिवक्ता संघ ने प्रमुख न्यायाधिपति से गुहार लगाई है कि जिला न्यायालय को वर्तमान स्थान पर ही बनाए रखा जाए जिससे आमजन को सुलभ, सुरक्षित और सुगम न्याय मिल सके। यह मुद्दा अब केवल वकीलों का नहीं बल्कि जनसामान्य की न्याय व्यवस्था से जुड़ा गंभीर विषय बन चुका है। यदि इसे समय रहते नहीं रोका गया तो आने वाले वर्षों में न केवल लाखों रुपये की बर्बादी होगी बल्कि गुना की न्यायिक गरिमा और जनसुविधा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

## गुना में आयोजित हुआ बाल संत समागम, नन्हे बच्चों की गुरु भक्ति ने मोहा मन



सत्ता सुधार ■ गुना

शहर के दलवी नगर स्थित निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को बाल संत समागम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें गुना के साथ-साथ सागर, बंडा, बीना, विदिशा एवं मंडी बामोरा से आई संगतों के छोटे-छोटे बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य बचपन से ही बच्चों में अध्यात्म, सेवा, समर्पण एवं सतगुरु भक्ति के संस्कार विकसित करना रहा। समागम की शुरुआत सत्संग भजन-कीर्तन से हुई, जिसके पश्चात नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सतगुरु की भक्ति में सुंदर कव्वालियां, भावपूर्ण गीत, रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियां, सामाजिक संदेश से भरपूर नाटक एवं भाषण प्रस्तुत किए। बच्चों की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

इस अवसर पर विशेष रूप से पुणे, महाराष्ट्र से आए महात्मा भावेश आहिरे ने गुरु गद्दी से सम्बोधित करते हुए बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की और कहा कि ये नन्हे बालक ही भविष्य में समाज और संगत की दिशा तय करेंगे। उन्होंने निरंकारी मिशन के उद्देश्यों को सरल भाषा में समझाते हुए बाल शिक्षा के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में सागर जोन के जोनल इंचार्ज नारायण दास एवं गुना संगत के संयोजक नरेश उप्पल ने सभी संगतों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। समागम का मुख्य आकर्षण 'निरंकारी प्रदर्शनी' रही। जिसमें बच्चों द्वारा अपने सतगुरु को समर्पित विविध मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई। इन मॉडलों ने जहां अध्यात्म की गहराई को उकेरा, वहीं बाल कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता की झलक भी प्रस्तुत की। शहर के गणमान्य नागरिकों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की।

# मृगवास पुलि ने बड़ौद में जुए के फड पर दी दबिश 5 जुआरी सहित तीन मोटर सायकिलें पकड़ी

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले की मृगवास पुलिस ने ग्राम बडौद में जुए के फड पर दबिश देकर 5 जुआरी दबोचे हैं। जिनके पास से पुलिस ने 16,390 रुपये नगदी सहित 03 बाईक जप्त की है। उल्लेखनीय है कि एसपी अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में विविन्न अवैध व असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त माफियाओं, कारोबारियों, तस्करों आदि पर निरंतर कार्यवाहियां की जा रहीं है। इसी तारतम्य में बीते रोज जिले के मृगवास थाना क्षेत्र के ग्राम बडौद में एक खेत पर बनी टपरिया में कुछ लोगों के फड़ जमाकर तास पत्तों से रूपयों की हारजीत के दाव लगाकर जुआ खेले जाने की सूचना पर जुआरियों पर कार्यवाही हेतु मृगवास थाना क्षेत्र की सानई चौकी से पुलिस की एक टीम तत्काल ग्राम बडौद पहुंची। जहां मुखबिर की बताए खेत पर बनी



टपरिया में दबिश देकर मौके पर जुआ खेल रहे पांच जुआरी धरदबोच लिए गए । पूछताछ पर जिनके द्वारा अपने नाम कृष्णगोपाल पुत्र रमेशबाबू मीना निवासी ग्राम बडौद, मोहम्मद रियाज पुत्र रहमान खान निवासी टपरा कॉलोनी कुंभराज, गिरीश पुत्र रघुवीर सिंह मीना निवासी ग्राम मोहनपुर थाना कुंभराज, मेहरवान पुत्र मांगीलाल भील निवासी टपरा कॉलोनी कुंभराज एवं मेहराब खां पुत्र इब्राहिम खां निवासी मृगवास के होना बताये । पुलिस द्वारा मौके से 16390 रूपये नकदी सहित जुआरियों द्वारा जुआ खेलने के लिए उपयोग की गई उनकी 03 मोटर साइकिल कीमती 1.50 लाख रुपये एवं तास की एक गड्डी विधिवत जप्त कर पांचों जुआरियों के विरूद्ध मृगवास थाने में अप.क्र. 100/25 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई । पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गोपाल चौबे, सानई चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नीरज लोधी, सउनि राजेश कुमार भिलाला, आरक्षक सोहन अनारे, आरक्षक नीरज धाकड, आरक्षक अमर सिंह रावत, आरक्षक रवि चौहान एवं आरक्षक राहुल बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

# चांचौड़ा से बालक और कैंट क्षेत्र से बालिका को सकुशल परिजनों से मिलाया

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले में लापता और अपहृत नाबालिग बच्चों की तलाश को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत गुना पुलिस ने दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से लापता हुए एक बालक और एक बालिका को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन, एएसपी मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा संबंधित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में दोनों प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए बच्चों को सकुशल परिजनों से मिलाया गया। पहली कार्यवाही चांचौड़ा थाना क्षेत्र की है, जहां 26-27 जून 2025 की रात एक 15 वर्षीय नाबालिग बालक लापता हो गया था। परिजनों द्वारा 28 जून को बीनागंज चौकी पर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद थाना चांचौड़ा में धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया



गया। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर बालक भोपाल की एक बस में चढ़ता दिखा, जिसके बाद पुलिस टीम ने बस चालकों से पूछताछ कर सुराग जुटाए और 29 जून को बीनागंज से एक टीम भोपाल रवाना की गई। अथक प्रयासों के बाद पुलिस ने नादरा बस स्टैंड भोपाल से बालक को महज 18 घंटे में दस्तयाब कर लिया। इस कार्रवाई में निरीक्षक प्रमोद कुमार साहू, उपनिरीक्षक अजयप्रताप सिंह यदुवंशी, सउनि बृजेश देवरिया, आरक्षक शुभम मिश्रा, संजय सोलंकी, अनूप तोमर और साइबर सेल के आरक्षक कुलदीप यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

दूसरी कार्यवाही कैंट थाना क्षेत्र की है, जहां 19 फरवरी 2025 को 16 वर्षीय एक नाबालिग बालिका बिना बताए घर से चली गई थी। परिजनों द्वारा 24 फरवरी को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद अपराध क्रमांक 192/25 अंतर्गत धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर तकनीकी सहायता से चार माह से अधिक समय तक लगातार तलाश जारी रखी गई। हाल ही में मिली सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर बालिका को दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक चंचल तिवारी एवं महिला आरक्षक रश्मि सेन, रक्षा रघुवंशी, कल्पना शर्मा और धनकुंवर जाटव सहित आरक्षक शाहरुख खान व जगदीश रावत की सराहनीय भूमिका रही।

**सिरोंज में भव्यता से मनाया आचार्यश्री का दीक्षा दिवस ...**

# 4 जुलाई को गुना में होगा मुनिश्री योगसागरजी का मंगलप्रवेश

सत्ता सुधार ■ गुना

दिगंबर जैन समाज गुना के लिए यह वर्ष अत्यंत विशेष बन गया है, क्योंकि आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के परम शिष्य एवं श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण मुनिश्री योगसागरजी महाराज का ससंघ 4 जुलाई को दोपहर 2-30 बजे गुना नगर में मंगलप्रवेश होगा। इस शुभ अवसर की तैयारी में समूचा जैन समाज उल्लासित है। वर्षाकाल में दिगंबर साधु एक ही स्थान पर ठहरकर आत्म साधना करते हैं और इस वर्ष आचार्यश्री समयसागर महाराज के आशीर्वाद से गुना नगर को मुनिश्री योगसागरजी का दुर्लभ



वर्षायोग प्राप्त हो रहा है। मंगलप्रवेश से पूर्व मुनिश्री का संघ विहार सिरोंज से आरोन होते हुए बजरंगगढ़ के रास्ते गुना की ओर अग्रसर है। सोमवार को गुना की प्रबंधकारिणी समिति के सदस्यों ने सिरोंज पहुंचकर मुनिसंघ को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। सिरोंज में मुनिसंघ के सान्निध्य में आचार्यश्री विद्यासागर की दीक्षा का 58वां वर्षगांठ समारोह भी अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यासार महाराज की दीक्षा दिवस की पंचांग तिथि और ग्रेगोरियन तिथि दोनों एकसाथ पड़ने का विशेष संयोग बना। समारोह में आचार्यश्री के चित्र का अनावरण और दीप प्रज्वलन किया गया। जिसमें जैन समाज के अध्यक्ष संजय जैन कामिनी, महामंत्री अनिल जैन अंकल, कोषाध्यक्ष संजय जैन, प्रचार मंत्री अजय जैन, मुनि सेवा संघ समिति अध्यक्ष संभव जैन, बंटी भैया एवं जीतू भैयाजी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**अद्भुत संयोग, आचार्यश्री की दीक्षा दिवस पर तिथि और दिनांक एकसाथ पड़ने का बना विशेष संयोग**

इधर गुना में 4 जुलाई को होने वाले मंगलप्रवेश को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। महावीर भवन में आयोजित समाज की बैठक में स्वागत जुलूस, अगवानी की रूपरेखा, रूट प्लान एवं साधु-संतों की व्यवस्था पर विचार विमर्श किया गया। मुनिसंघ के स्वागत में बड़ी संख्या में समाजबंधु, महिलाएं एवं युवा प्रतिदिन पदविहार में सहभागी बन रहे हैं। नगर में इस विशेष अवसर को लेकर धार्मिक उत्सव का माहौल है, और पूरे जैन समाज में गहरी आस्था एवं श्रद्धा की लहर दौड़ रही है। उल्लेखनीय है कि मुनिश्री योग सागरजी महाराज आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज के ज्येष्ठ और श्रेष्ठ साधु हैं बल्कि वह आचार्यश्री विद्यासागरजी एवं वर्तमान आचार्यश्री समय सागरजी महाराज के गृहस्थ जीवन के भाई भी हैं।

## गायत्री परिवार की तहसील स्तरीय समन्वय बैठकें सम्पन्न, आगामी आयोजनों की कार्य योजना तय

सत्ता सुधार ■ गुना

अखिल विश्व गायत्री परिवार की जिले की तहसीलों चांचौड़ा, कुंभराज और रूठियाई में तहसील समन्वय समिति की बैठकें पजोन प्रभारी महेश केवट के मार्गदर्शन में आयोजित की गईं। इन बैठकों का उद्देश्य आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा स्थापित युग निर्माण योजना एवं जनजागरण अभियानों को गति देना रहा। बैठकों में जिला समन्वयक सुरेंद्र प्रजापति ने आगामी माह की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि अगस्त माह में प्रस्तावित ज्योति कलश यात्रा के रूट चार्ट, 10 जुलाई को गुरुपर्व महोत्सव की तैयारियां, तहसील स्तर पर मंडलों का गठन, सक्रिय कार्यकर्ताओं की सूची तैयार करने, नये कार्यकर्ताओं को जोड़ने, वृक्षारोपण जैसे अभियानों को वृहद रूप देने तथा शक्तिपीठों के स्थापना दिवस को वार्षिक उत्सव के रूप में मनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। युवा प्रकोष्ठ जिला संयोजक सुनील सेन ने वृक्षारोपण अभियान को जिलेभर में व्यापक स्तर पर करने का प्रस्ताव रखा, वहीं तहसील समन्वयक विजय श्रीवास्तव ने रिकॉर्ड संधारण व व्यवस्थाओं के संचालन के संबंध में अपने सुझाव दिए।

# ऑयल क्लींजिंग से पायें चमकती त्वचा

त्वचा की नमी को बरकरार रखने और चमकती त्वचा का दावा करने वाले सौंदर्य उत्पादों की बाजार में भरमार है पर त्वचा की नमी को बनाये रखने के लिए आप प्राकृतिक उपाय भी अपना सकती हैं। प्राकृतिक तेल गुणों की खान हैं और इससे नियमित क्लींजिंग करके आप त्वचा संबंधी समस्याओं से भी राहत पाने के साथ ही दमकती त्वचा भी पा सकती हैं।



## ऑयल क्लींजिंग

ऑयल क्लींजिंग का तरीका आपकी त्वचा के लिए कई प्रकार से प्रभावी है। इससे आप एंटीसेप्टिक के अलावा एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण से भरपूर तेलों का त्वचा पर उपयोग कर सकते हैं। इसमें मौजूद गुण इसे एक शक्तिशाली एजेंट बनाते है जो आपकी त्वचा के दोषों को दूर करने के लिए मदद करते हैं।



## ऑयल क्लींजिंग का तरीका

त्वचा को साफ करने के लिए अपनी त्वचा के अनुरूप तेल को लें। तेल को हथेली पर रगड़कर गर्म करें ओर चेहरे पर लगाये। इसके बाद भीगे कपड़े को गर्म पानी में भिगोये और कपड़े को अच्छे से निचोड़कर चेहरे पर तब तक रखें जब तक कपड़ा ठंडा ना हो जाये। इस प्रक्रिया को एक बार फिर से दोहराएं। आप पाएंगी नर्म व चमकदार त्वचा।

### त्वचा के अनुरूप तेल का चुनाव

अगर आपकी त्वचा पहले से ही तैलीय है इसलिए अपने लिए ऐसा तेल चुनें जो थोड़ा हल्का (जैसे ऑलिव ऑयल) हो। सामान्य त्वचा वाले अपने लिए ऐसा तेल (जैसे कैस्टर ऑयल) चुनना होगा जो आपकी त्वचा के भीतरी परत तक जाए और उसे पर्याप्त नमी प्रदान करे। संवेदनशील त्वचा वालों को अपनी त्वचा पर खुशबूदार तेल (जैसे कोकोनेट ऑयल) का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। अगर आपकी त्वचा मिश्रित है तो आपको ऑलिवऑयल और जोजोबा ऑयल का इस्तेमाल करना चाहिए।

### गंदगी और तेल को दूर करें

चाहे आपको इस बात पर विश्वास हो या नहीं, लेकिन यह वास्तव में सच हैं कि ऑयल क्लींजिंग आपकी त्वचा से गंदगी और तेल को दूर करने में मदद करती हैं। यही कारण है कि कई प्रभावी आई मेकअप रिमूवर तेल आधारित होते हैं।

### त्वचा की नमी को बरकरार रखें

आप अपनी त्वचा की नमी को सौंदर्य प्रसाधनों (जिसमें केमिकल और डिटर्जेंट के सभी प्रकार होते है) के इस्तेमाल से बनाये नहीं रख सकती है। जबकि तेल त्वचा के संतुलन को बनाये रखने का अवसर देती हैं।

### केमिकल युक्त मॉइस्चराइजर से बचाव

ऑयल क्लींजिंग से चेहरा धोने की पद्धति का एक फायदा यह भी है कि इसके माध्यम से त्वचा को साफ करने से आप केमिकल युक्त मॉइस्चराइजर को खरीदने और उपयोग करने से बच जाते हैं। केमिकल युक्त मॉइस्चराइजर त्वचा के माध्यम से आपके शरीर में अवशोषित कर सकते है।

### मुलायम और चमकदार त्वचा

सही तरीके से ऑयल क्लींजिंग से त्वचा को साफ और मॉइस्चराइज करने से आप पा सकती हैं, मुलायम और चमकदार त्वचा जैसे कि आप हमेशा से चाहती थी। इसके अलावा तेल से प्राकृतिक नमी में अच्छा संतुलन बनाकर स्वस्थ त्वचा पाई जा सकती है।

### टोनर का इस्तेमाल

आप ऑयल क्लींजिंग के बाद टोनर के लिए पीसे हुए अखरोट का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप तेल के किसी भी अंश के साथ असहज महसूस कर रहे हैं, तो तेल को लगाने के लिए आप अपनी उंगलियों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### सप्ताह में एक बार क्लीजनिंग जरूरी

कम से कम सप्ताह में एक बार प्राकृतिक तेलों के साथ क्लींजिंग जरूर करें यह स्वाभाविक रूप से त्वचा को साफ और मॉइश्चराइज करने का स्वस्थ रास्ता है। साथ ही यह त्वचा के भीतरी सतह तक पहुंचकर रूखी, बेजान त्वचा और झुर्रियों की समस्या को दूर भगाता हैं।





# लिव-इन रिलेशनशिप में रहने पर रखें ये ध्यान



कई शहरों में आजकल लिव-इन रिलेशनशिप का चलन बढ़ा है। लिव-इन रिलेशनशिप उसे कहते हैं जब एक वयस्क लड़का और लड़की आपसी सहमति से, बिना शादी किए पति-पत्नी की तरह रहते हैं। ज्यादातर लोगों के लिए लिव-इन रिलेशनशिप अपने रिश्तों को समझने और परखने का अच्छा तरीका है। वहीं कुछ लोग लिव-इन में सिर्फ टाइमपास और अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए रहते हैं। आइये जानते हैं कि लिव-इन रिलेशन में रहने से पहले आपको किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

### दोस्ती के बाद ही लिव-इन रिलेशनशिप अपनायें

लिव-इन में रहने से पहले आपको अपने पार्टनर को अच्छी तरह से जान लेना चाहिए। उसके सेंटीमेंट्स और मूड के बारे में आपको पहले से जानकारी होना जरूरी है। इसके अलावा जरूरी है कि आप लोगों नें पहले कुछ समय साथ रहकर दोस्त के रूप में गुजारा हो। लड़कियों को खासकर इस मामले में सावधान रहना चाहिए। अपने पार्टनर के प्यार और उसके एहसास को अच्छी तरह परख लें। अगर थोड़ा भी संदेह हो तो ऐसे रिश्ते से बचें और पार्टनर को थोड़ा और समय दें। रिश्तों में कभी-कभार थोड़ी बहुत अनबन हो जाना आम बात है। इससे आपके रिश्तों में ताजगी आती है और रिश्ता मजबूत बनता है। लिव-इन रिलेशन में भी ऐसी अनबन हो सकती हैं। ऐसे में कई बार आप थोड़ी सी नाराजगी में बहुत गलत बात कह जाते हैं, जो आपके पार्टनर को बुरी लग सकती हैं। जैसे- अपने घर चले जाओ या अलग हो जाओ या मुझे तुम्हारी जरूरत नहीं आदि। नाराजगी के समय याद रखें कि सामने वाले शख्स को आप पर पूरा भरोसा था तभी वो आपके साथ ऐसे रिश्ते में आने के लिए राजी हुआ है।



### खर्चों के मैनेजमेंट को लेकर बात करें

आजकल मंहगाई इतनी बढ़ गई है कि किसी शहर में दो लोगों को अच्छी जीवनशैली के लिए पर्याप्त पैसा जुटाना कई बार एक अकेले इंसान के लिए भारी पड़ सकता है। इसलिए अगर आप लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले हैं तो अपने पार्टनर से खर्चों के बंटवारे को लेकर पहले ही साफ-साफ बात कर लें और इसका एक खाका बना लें। अक्सर पार्टनर्स के बीच पैसों को लेकर अनबन शुरू होती है जो रिश्ते टूटने के कगार तक पहुंच जाती है। अगर आप अपने पार्टनर को समझने और जानने के लिए लिव-इन रिलेशनशिप का रास्ता चुन रहे हैं तो आपको मानसिक और भावनात्मक तौर पर मजबूत होना चाहिए। कई बार आपको पार्टनर की कोई आदत पसंद नहीं आती या आपकी कोई आदत उन्हें नहीं पसंद आती, तो आपसी बातचीत से इन मुद्दों का हल निकालना चाहिए। इसके अलावा आपको कई बार कुछ बातें अपनी समझदारी से इग्नोर करनी पड़ सकती हैं। ऐसी स्थिति में आपका दिमागी रुप से मजबूत होना जरूरी है।

### गलत होने पर अलग होने को रहें तैयार

अगर आप लिव-इन में रहते हैं लेकिन आपके पार्टनर से आपका रिश्ता अच्छी तरह नहीं निभ रहा है या आपके पार्टनर आपकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं तो हमेशा अपनी बात कहने की हिम्मत और हौसला रखिये। इसके अलावा कई बार कुछ लोग रिश्तों में आने के बाद बदल जाते हैं या वो आपको किसी गलत काम के लिए मजबूर करते हैं तो हमेशा अलग होने के लिए तैयार रहें।



# बच्चों से पीरियड्स के विषय में सामान्य तरीके से बात करें

बच्चों से पीरियड्स के बारे में बात करने में भारतीय अभिभावक अभी भी झिझकते हैं। कई मां-बाप जीवन की इस सच्चाई को खुलकर और आत्मविश्वास के साथ बच्चों के सामने रखने से कतराते हैं। उनका बेटा या बेटी जब इस बारे में बात करता है तो इससे कतराते हैं। काउंसलर्स की मानें तो इससे बचने की कोशिश करना, इसका समाधान नहीं है। बल्कि इस बारे में खुलकर बात करने में कोई हर्ज नहीं है। बस ध्यान रखें कि आप सामान्य तरीके से बात करें। यहां कुछ टिप्स हैं जिनसे आपको इस विषय को हैंडल करने में मदद मिल सकती है।

### कब शुरू करें बात करना

काउंसलर्स का कहना है कि इसका कोई हार्ड ऐंड फास्ट रूल नहीं है कि आप बच्चे से किस उम्र में इस बारे में बात करें। जाहें तो जब वह स्कूल की किसी दोस्त का ऐसा अनुभव साझा करें तब बता सकते हैं या बढ़ती उम्र के साथ धीरे-धीरे बताना शुरू कर सकती हैं।

### सवालों के दें जवाब

बेटा या बेटी अगर इस बारे में सवाल करे तो उसे हत्तोत्साहित न करें। कोई भ्रमित करने वाली बात न बताएं। जैसे टीवी पर जब सैनिटरी नैपकिन का ऐड आए तो टीवी न बंद करें। बल्कि अगर वे इस बारे में सवाल करें तो प्रायॉरिटी से इस बारे में बताएं।

### उलझाने वाले शब्दों का इस्तेमाल न करें

जो तथ्य हैं उन्हें उलझाकर सामने न रखें। जो सही टर्म हों बच्चों को वही बताएं। बच्चों को कहें कि वे इस विषय में पढ़ें या इस पर शिक्षा या बायॉलजी के विडियो देखें।

### विशेषज्ञों से बात करें

अगर आपको अभी भी समझ नहीं आ रहा कि कैसे बात करें तो स्कूल के टीचर्स या काउंसलर्स से बात करें। मुद्दा यह है कि आप को आरामदेह अनुभव करना है। याद रखें कि यह भी एक सामान्य बात है और इस पर शर्मिंदा होने जैसी कोई बात नहीं।

# बच्चों को करें प्रेरित ...

अगर आपको ऐसा लगता है कि आपके बच्चे में उत्साह की कमी है, वह अपनी इच्छा से आगे बढ़कर कोई भी नया काम करने को तैयार नहीं होता, पढ़ाई या छोटे-छोटे घरेलू कार्यों के लिए उसे बार-बार टोकना पड़ता है तो आपको अभी से सचेत हो जाना चाहिए। बच्चे के व्यवहार में ऐसी परेशानी इस बात का संकेत है कि आपको अपनी पेरेंटिंग के तरीके में सुधार की ज़रूरत है। कुछ बच्चे दूसरों को देखकर बहुत जल्दी उनके गुणों को अपनाने की कोशिश करते हैं, पर कुछ ऐसा नहीं कर पाते। ऐसे बच्चों को प्रेरित करने की ज़रूरत होती है, ताकि वे जल्द से जल्द अच्छी आदतें सीख सकें। बच्चों के पहले शिक्षक माता-पिता ही होते हैं और वे उन्हीं के व्यवहार का अनुसरण करते हैं। अगर अपनी रोज़मर्रा की दिनचर्या में आप हमेशा सक्रिय, उत्साही और ऊर्जावान रहेंगे तो आपको देखकर छोटी उम्र से ही आपके बच्चे में भी स्वतः



ऐसी अच्छी आदतें विकसित होंगी। अगर आप किसी काम को लेकर उत्साहित नहीं हैं तो बच्चे में भी उत्साह की कमी होगी। इसलिए ज़रूरी है कि जब भी आप कुछ नया सीखें, उसे बच्चे के साथ साझा करें। इसके अलावा नियमित रूप से उसके साथ खेलने और प्यार भरी बातें करने के लिए थोड़ा समय ज़रूर निकालें। अपने घर में ऐसा खुशनुमा मा माहौल बनाए रखें कि आपका बच्चा निडर होकर आपसे अपने दिल की बातें शेयर कर सके। इससे वह स्वत: प्रेरित होना सीख जाएगा।

### कामयाबी की अहमियत समझाएं

रोज़मर्रा के छोटे-छोटे कार्यों के बहाने उसे कामयाबी की अहमियत समझाएं। शुरुआत में उसे कोई भी ज़िम्मेदारी सौंपें। मसलन, स्टडी टेबल को सही ढंग से व्यवस्थित करना, पौधों को पानी देना, गणित के सवाल हल करना, अपनी हैंडराइटिंग सुधारना आदि। कार्य चाहे छोटा हो या बड़ा, अगर आपका बच्चा उसे सही ढंग से पूरा करने की कोशिश करता है तो उसके इस प्रयास की सराहना ज़रूर करें। इससे उसका उत्साह दोगुना हो जाएगा और वह कामयाबी हासिल करने की दिशा में कड़ी मेहनत करेगा। जब भी उसे सफलता मिले, उसे भरपूर शाबाशी दें, ताकि वह हमेशा आगे बढने के लिए प्रेरित हो।

### उसकी भी सुनें

हर बच्चा अपने आप में खास होता है। हमें अपने बच्चे की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। हमेशा उपदेश देने के बजाय उसकी बातें भी ध्यान से सुननी चाहिए। बेहतर यही होगा कि आप अपने परिवार से जुड़े छोटे-छोटे मुद्दों पर उसे भी अपनी राय रखने का अवसर दें। मसलन, लंच या डिनर का मेन्यू क्या हो, वीकेंड पर कहां घूमने जाएं, उसके कमरे की दीवारों का रंग कैसा हो जैसे विषयों पर उसकी राय ज़रूर मांगे। इससे उसे ऐसा लगेगा कि उसके सुझाव भी आपके लिए अहमियत रखते हैं। आपकी यह छोटी सी कोशिश उसका आत्मविश्वास बढ़ाने में भी मददगार होगी।

### होमवर्क के लिए उत्साहित करें

बच्चे के भीतर ज़िम्मेदारी की भावना विकसित करें, ताकि वह रोज़ाना सही समय पर अपना होमवर्क पूरा कर सके। होमवर्क पूरा करने के बाद ही उसे टीवी देखने की इजाज़त दें। उसके पढने के लिए एक अलग जगह बनाएं। जहां उसकी बुक शेल्फ, रीडिंग लैंप, कुछ पोस्टर आदि हों। इससे घर में पढ़ाई का माहौल बना रहेगा तो वह स्वयं ही होमवर्क करने के लिए प्रेरित होगा।



### किताबों को पढ़ने प्रेरित करें

इंटरनेट और मोबाइल के इस दौर में बच्चे किताबों से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में यह बहुत ज़रूरी है कि आप उन्हें किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करें। इसके लिए उनकी रुचि से जुड़ी किताबें खरीदें। मसलन अगर बच्चे को कोई जानवर या कार्टून कैरेक्टर पसंद हो तो उसके लिए उसी से संबंधित किताबें लाएं। बच्चे को साथ लेकर लाइब्रेरी या किसी बुक स्टोर में जाएं।



# परेश रावल की गैरमौजूदगी पर निराशा जताई सोनाक्षी ने


कॉमेडी फ्रेंचाइज़ी 'हेरा फेरी 3' को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी राय साझा की है। उन्होंने अभिनेता परेश रावल की गैरमौजूदगी को लेकर निराशा जताई है। एक्ट्रेस सोनाक्षी का मानना है कि 'हेरा फेरी' जैसी इस फिल्म में बाबूराव गणपतराव आप्टे का किरदार निभाने वाले परेश रावल की भूमिका बेहद अहम है। उनके बिना फिल्म अधूरी सी लगती है। हाल ही में सोनाक्षी ने कहा, एक दर्शक के तौर पर मैं 'हेरा फेरी 3' की परेश रावल के बिना कल्पना भी नहीं कर सकती। उनकी मौजूदगी इस फिल्म की जान है। गौरतलब है कि परेश रावल ने हाल ही में सोशल मीडिया पर यह स्पष्ट किया था कि वह 'हेरा फेरी 3' का हिस्सा नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि फिल्म से उनके अलग होने की वजह किसी रचनात्मक मतभेद या निर्देशक प्रियदर्शन से मनमुटाव नहीं है।

परेश रावल की इस घोषणा से फैंस निराश हो गए हैं, क्योंकि 'बाबू भैया' यानी बाबूराव का किरदार फिल्म की पहचान बन चुका है। पहली दो फिल्मों में इस किरदार ने दर्शकों को खूब हंसाया था और परेश रावल को एक अलग मुकाम दिलाया था। सोनाक्षी ने भी यही भाव अपने बयान में दर्शाया और कहा कि इस फिल्म में उनके बिना मज़ा नहीं आएगा। उन्होंने कहा, परेश सर जैसे प्रतिभाशाली अभिनेता के साथ काम करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। उनका अभिनय बेहद गहराई लिए होता है और हर सीन में कुछ नया सिखाता है।

जब सोनाक्षी से पूछा गया कि वह परेश रावल को कॉमेडी में ज्यादा पसंद करती हैं या गंभीर भूमिकाओं में, तो उन्होंने कहा, वह हर रोल में कमाल करते हैं। उन्हें एक श्रेणी में बांधना मुश्किल है, क्योंकि वह हर तरह के किरदार को जीवंत कर देते हैं। सोनाक्षी की फिल्म 'निकिता रॉय' में परेश रावल, अर्जुन रामपाल और सुहैल नायर भी नजर आएंगे। खास बात यह है कि इस फिल्म से सोनाक्षी के भाई कुश सिन्हा निर्देशन में डेब्यू कर रहे हैं। सोनाक्षी ने फिल्म में परेश रावल के साथ काम करने का अनुभव भी साझा किया। उन्होंने बताया कि यह पहली बार था जब उन्होंने परेश रावल के साथ स्क्रीन साझा की, और यह उनके लिए गर्व की बात रही।

# रिद्धिमा ने किया आंखें दान करने का फैसला

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस रिद्धिमा पंडित ने अपने जन्मदिन के मौके पर एक बेहद सराहनीय और भावुक फैसला लिया है। बहू हमारी रजनीकांत फेम रिद्धिमा ने अपनी आंखें दान करने का ऐलान किया है, जिससे उनकी दरियादिली की खूब तारीफ हो रही है। उनके इस कदम की सराहना बॉलीवुड की कई हस्तियों ने की है। रवीना टंडन, युविका चौधरी समेत कई सितारों ने सोशल मीडिया पर रिद्धिमा के इस फैसले की तारीफ करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। रिद्धिमा ने अपने इस फैसले के जरिए समाज को एक बड़ी प्रेरणा दी है और लोगों को अंगदान के महत्व को समझाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी वजह से किसी की जिंदगी रोशन हो सकती है तो इससे बड़ा तोहफा कुछ नहीं हो सकता। रिद्धिमा का मानना है कि जन्मदिन सिर्फ सेलिब्रेशन का नहीं, बल्कि दूसरों के लिए कुछ करने का भी मौका होता है। उनके इस फैसले ने फैंस का दिल जीत लिया है और सोशल मीडिया पर उनकी जमकर सराहना हो रही है।



# लता का पोस्ट चर्चा में

टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता है से मशहूर हुईं एक्ट्रेस लता सभरवाल ने हाल ही में आधिकारिक तौर पर अपनी 15 साल पुरानी शादी खत्म करने की पुष्टि कर दी है। उनके और पति संजीव सेठ के बीच लंबे समय से अनबन की खबरें सामने आती रही थीं, लेकिन अब दोनों ने अलग होने का फैसला कर लिया। हालांकि लता ने अपनी शादी टूटने की वजह साफ तौर पर नहीं बताई है। अलगाव की घोषणा के बाद लता सभरवाल ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट किया है, जो खूब चर्चा में है।

# अंकिता ने किया प्रेग्नेंसी का ऐलान

टीवी और फिल्म एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के घर जल्द ही खुशखबरी आने वाली है। शादी के तीन साल बाद 40 वर्षीय अंकिता मां बनने जा रही हैं। हाल ही में रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स 2 के मेकर्स ने एक प्रोमो वीडियो शेयर किया जिसमें अंकिता ने खुद अपनी प्रेग्नेंसी की खबर सबके साथ साझा की। इस वीडियो में वह बेहद खुश नजर आईं और अपनी बात कहकर सभी को चौंका दिया। उनकी यह घोषणा सुनकर फैन्स और शो के जज भी बेहद उत्साहित और भावुक हो गए। सोशल मीडिया पर यह प्रोमो तेजी से वायरल हो रहा है और लोग अंकिता और उनके पति विक्की जैन को बधाइयों से सराबोर कर रहे हैं।



# एनर्जेटिक डांस मूव्स ने जॉर्जिया को दिलाई पहचान

**तेलुगु एक्शन–कॉमेडी सीरीज कैरोलाइन कमाक्षी से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस जॉर्जिया एड्रियानी ने नॉन–स्टॉप धमाल और मार्टिन जैसी फिल्मों में विशेष गानों के जरिए दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। उनके एनर्जेटिक डांस मूव्स और ग्लैमरस अंदाज ने उन्हें अलग पहचान दिलाई है। मीका सिंह के साथ उनका गाना 'रूप तेरा मस्ताना' और जुबिन नौटियाल की आवाज में 'दिल जिससे जिदा हैं' को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली थी।**

अब खबरें आ रही हैं कि जॉर्जिया ने एक प्रमुख भारतीय म्यूजिक लेबल के साथ एक नया डांस नंबर साइन किया है। यह गाना न सिर्फ दिलकश बोल और कर्णप्रिय धुनों से सजा होगा, बल्कि इसमें जॉर्जिया के धमाकेदार डांस मूव्स भी देखने को मिलेंगे। यह गाना उनके करियर में एक अहम मोड़ लाने वाला माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, इस गाने में जॉर्जिया की परफॉर्मेंस इंडस्ट्री में उनके टैलेंट को और मजबूती से स्थापित करेगी। उन्होंने अब तक जिस तरह से अलग-अलग शैलियों को आत्मसात किया है, उससे यह साफ है कि वह केवल एक डांसर या ग्लैमरस चेहरा भर नहीं हैं, बल्कि एक परिपक्व परफॉर्मर हैं। फैंस बेसब्री से उनके इस नए म्यूजिक वीडियो का इंतजार कर रहे हैं, जो आने वाले हफ्तों में रिलीज हो सकता है। अगर यह गाना उम्मीदों पर खरा उतरता है, तो यह जॉर्जिया एंड्रियानी के करियर की दिशा को एक नई ऊंचाई तक ले जा सकता है। बता दें कि भारतीय सिनेमा और संगीत से अपने खास जुड़ाव को हमेशा खुलकर स्वीकारने वाली अभिनेत्री और मॉडल जॉर्जिया एंड्रियानी एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने को तैयार हैं। जॉर्जिया ने पहले भी यह स्वीकार किया है कि भारत के फिल्म जगत के प्रति उनका प्रेम ही उन्हें कुछ साल पहले यहां खींच लाया था। अपने इस जुनून के चलते उन्होंने भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में एक मजबूत पहचान बनाई है।




# ये मेरी आवाज नहीं, ऑनलाइन सेफ रहें: प्रियंका चोपड़ा

**हाल ही में ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा के सामने एक मामला सामने आया, जब सोशल मीडिया पर उनके नाम से एक बयान वायरल हो रहा था, जिसमें कथित तौर पर लिखा था कि वर्जिन वाइफ की खोज मत करो, ऐसी लड़की को चुनो जिसमें अच्छे मैनर्स हों।**

वर्जिनिटी एक रात में चली जाती है, लेकिन मैनर्स हमेशा रहते हैं। इस फर्जी पोस्ट पर प्रियंका चोपड़ा ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और इसे पूरी तरह गलत बताते हुए सोशल मीडिया पर स्टेटमेंट जारी किया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, ये मैंने नहीं कहा है, ना ही ये मेरी आवाज है। सिर्फ इसलिए कि ये ऑनलाइन है, इसका ये मतलब नहीं कि ये सच है। उन्होंने आगे कहा कि आज के डिजिटल दौर में फेक कंटेंट बनाना बहुत आसान हो गया है, इसलिए जरूरी है कि लोग ऐसी चीजों को आंख बंद करके सच न मानें। प्रियंका ने अपने फॉलोअर्स और फैन्स को आगाह किया कि किसी भी ऑनलाइन जानकारी पर भरोसा करने से पहले उसकी सत्यता को जरूर जांचें और हमेशा इंटरनेट पर सुरक्षित रहने की कोशिश करें। प्रियंका का यह रिएक्शन न केवल उनकी जागरूकता को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर गलत जानकारी किस हद तक फैल सकती है और कैसे सेलेब्रिटीज को इससे जूझना पड़ता है। अगर प्रियंका के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही हॉलीवुड की एक्शन-कॉमेडी फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' में नजर आएंगी। इसके अलावा वह एस.एस. राजामौली की अगली मेगा-प्रोजेक्ट में भी मुख्य भूमिका निभाएंगी, जिसमें उनके साथ सुपरस्टार महेश बाबू दिखाई देंगे। इन दिनों प्रियंका फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं और दुनियाभर में अपने काम और बेबाक अंदाज़ के लिए सराही जा रही हैं। बता दें कि ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा उन चुनिंदा सेलेब्रिटीज में से हैं, जो खुद से जुड़ी झूठी या भ्रामक जानकारी को नजरअंदाज नहीं करतीं, बल्कि उनका जवाब भी देती है।

# सुधांशु पांडे द्वारा राम कपूर के आपत्तिजनक कमेंट्स की आलोना

अभिनेता राम कपूर इन दिनों विवादों में हैं। इसकी वजह है वेब शो मिस्त्री के प्रमोशंस के दौरान अपने साथियों पर किए आपत्तिजनक कमेंट्स है। मामले के तूल पकड़ने के बाद उन्हें जियो सिनेमा-हॉटस्टार ने शो के प्रमोशनल इवेंट्स से बाहर कर दिया था। आलोचनाओं के बाद राम कपूर ने सार्वजनिक तौर पर माफी भी मांगी थी और अपनी गलती कबूल की थी। उन्होंने सफाई दी थी कि उनका इरादा किसी को चोट पहुंचाने का नहीं था और अगर उन्हें अंदाजा होता कि उनकी बातें बुरी लग सकती हैं तो वह वहीं चुप हो जाते। इसी बीच, शो के ही उनके साथी अभिनेता सुधांशु पांडे ने राम कपूर की इन हरकतों को कड़ी आलोचना का निशाना बनाया है।



बातचीत में जब उनसे राम के बयानों के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, सबसे पहली बात, अगर राम ने ऐसे कमेंट्स किए हैं तो अपनी ही छवि खराब की है।

दूसरी बात, मुझे लगता है कोई मानसिक रूप से अस्थिर इंसान ही ऐसे कमेंट्स कर सकता है, खासकर किसी महिला के बारे में जो आपके आसपास है। यह मानसिक अस्थिरता की निशानी है। एक डीसेंट इंसान को दूसरों का सम्मान करना चाहिए, खासकर औरतों का। सुधांशु ने आगे कहा, अगर राम ने ऐसा किया है तो यह बहुत गलत है। मैं अपनी बिरादरी की तरफ से माफी मांगता हूं। इस विवाद की शुरुआत उस वक्त हुई जब मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि एक प्रमोशनल इवेंट के दौरान राम कपूर ने लगातार कई आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं।

उन्होंने मीडिया को बताया था कि राम ने बैक-टु-बैक इंटरव्यू शेड्यूल की तुलना 'गैंगरेप' से कर दी थी। इसके अलावा उन्होंने एक लड़की के छोटे कपड़ों पर अशोभनीय टिप्पणी की और एक लड़के से कह दिया था कि उसकी मां को उसके पिता से सिरदर्द का बहाना कर देना चाहिए था ताकि वह पैदा ही न होता। इन घटनाओं के सार्वजनिक होते ही आलोचना का बड़ा दौर शुरू हो गया। मेकर्स ने तत्काल कदम उठाते हुए राम को सभी प्रमोशनल एक्टिविटीज से अलग कर दिया। राम कपूर ने इसके बाद माफी मांगी और कहा कि वे खुद भी महसूस करते हैं कि उनसे गलती हुई है। लेकिन यह मामला अब भी चर्चा में बना हुआ है।

# धूम 2 में अभिषेक का हो गया था आदित्य चोपड़ा से विवाद

हाल ही फिल्म धूम 2 में एसीपी जय दीक्षित के गंभीर और सख्त पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाने वाले अभिनेता अभिषेक बच्चन ने खुलासा किया कि एक डांस सीन को लेकर उनका आदित्य चोपड़ा से बड़ा विवाद हो गया था। उन्होंने कहा कि यह बहस इतनी बढ़ गई थी कि दोनों के बीच काफी देर तक तनाव बना रहा। अभिषेक ने बताया कि फिल्म के एक सीन में उनका किरदार ऋतिक रोशन के किरदार को एक रात की छूट देता है, क्योंकि अगली सुबह वह उसे गिरफ्तार करने वाला होता है। इसी दौरान फिल्म का गाना दिल लगा ना शुरू होता है जिसमें पूरी कास्ट डांस करती है। लेकिन अभिषेक को लगा कि एक सीरियस पुलिस ऑफिसर होने के नाते, उनके किरदार को इस गाने में डांस नहीं करना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि उनका किरदार सिर्फ बार पर बैठे और ऋतिक के किरदार को शांत रूप से देखे। हालांकि, आदित्य चोपड़ा इस विचार से सहमत नहीं थे। उन्होंने साफ कह दिया कि दर्शक पूरी कास्ट को एक साथ डांस करते देखना चाहते हैं और अभिषेक को भी इसमें शामिल होना ही होगा। इस बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस हुई और मामला काफी तनावपूर्ण हो गया। अभिषेक ने यह भी स्वीकार किया कि फिल्म निर्माण की प्रक्रिया में इस तरह के रचनात्मक मतभेद आम हैं और हर किसी का दृष्टिकोण अलग हो सकता है।





# फिल्म मैसा में उनका किरदार निडर हैः रश्मिका मंदाना

अपनी अपकमिंग फिल्म मैसा की पहली झलक अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने स्वयं के सोशल मीडिया अकाउंट पर जारी की है। इस पोस्टर में उनका किरदार बेहद गंभीर, उग्र और ताकतवर नजर आ रहा है। एक्ट्रेस ने बताया कि उनका यह किरदार निडर है और यह उनके उस रूप को सामने लाता है जिसे उन्होंने भी पहले कभी नहीं देखा था। पोस्टर में रश्मिका का चेहरा खून से लथपथ दिखाई दे रहा है और उनकी आंखों में गुस्से की लपटें साफ झलक रही हैं। यह उनके किरदार की तीव्रता और हिंसक रूप को दर्शाता है। अपने लुक की बात करें तो उन्होंने लाल साड़ी पहनी है, जो एक मजबूत और सांकेतिक छवि गढ़ती है। उनके गहने आदिवासी संस्कृति की याद दिलाते हैं और उन्होंने चांद के आकार की बिंदी भी लगाई है, जो उनके किरदार को और रहस्यमयी और अलग बनाता है। पोस्टर साझा करते हुए रश्मिका ने लिखा कि वह हमेशा अपने प्रशंसकों को कुछ नया, अलग और रोमांचक देना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि यह किरदार उनके लिए भी बिल्कुल नया है और उन्होंने इससे पहले कभी ऐसी दुनिया में कदम नहीं रखा। रश्मिका ने अपनी पोस्ट में स्वीकार किया कि वह इस भूमिका को लेकर थोड़ी घबराई हुई भी हैं, लेकिन बेहद उत्साहित भी हैं। उन्होंने कहा कि यह तो बस शुरुआत है और वह फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। मैसा एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है जिसमें रश्मिका गोंड जनजाति की एक महिला का किरदार निभा रही हैं। फिल्म का निर्देशन राविंद्र पुल्ले ने किया है, जबकि इसे अजय और अनिल सैय्यापुरेड्डी ने अपने बैनर अनफॉर्मूला फिल्म्स के तहत प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में भी रिलीज होगी। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट का अभी आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका मंदाना इस समय धनुष के साथ फिल्म कुबेर को लेकर भी सुर्खियों में हैं। इसके अलावा उनके पास आयुष्मान खुराना के साथ हिंदी फिल्म थामा और साउथ की फिल्म गर्लफ्रेंड भी है, जिसमें वह विजय देवरकोंडा के अपोजिट नजर आएंगी।



## ब्रीफ न्यूज

### जिला शिक्षा विभाग द्वारा विदाई सम्मान समारोह आयोजित



**हरदा।** जिला शिक्षा विभाग द्वारा रविवार को संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण श्रीमती भावना दुबे, प्राचार्य ए.के. सिंह, प्राचार्य बी.एन.शर्मा, प्राचार्य संतोष जायसवाल मांदला और डी.एस.ओ भीमसिंह विषैला के सेवा निवृत्ति के अवसर पर विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी राघवेन्द्र सिंह रघुवंशी, ड़ी.पी.सी.बलवंत सिंह पटेल सहीत शिक्षा विभाग के अनेक अधिकारी और कर्मचारी की मौजूदगी में विदाई दी गई।

### विश्व मांगल्य की मासिक सभा में हुए गायत्री चालीसा के 51 पाठ



**अशोकनगर।** विश्व मंगल सभा द्वारा इस महीने मासिक सभा का आयोजन अलका अग्रवाल के घर पर किया गया। मासिक सभा में इस बार सभी मंगल सभा की सदस्यों ने मिलकर मां गायत्री के 51 गायत्री चालीसा के पाठ गायत्री परिजन श्रीमती उमा दुबे की उपस्थिति में किए गए। क्योंकि अभी जो समय चल रहा है वह बहुत भारी है अतः हम अपने परिवार और देश की सुरक्षा के लिए साधना पथ पर आगे बढ़ते हुए शक्ति बढ़ाएंगे। जिससे सबका कल्याण हो सबका जीवन सुखमय हो सभी स्वस्थ रहें, यह मां भगवती गायत्री और गुरुदेव से प्रार्थना की। एवं मां गायत्री और गुरुदेव का आशीर्वाद बना रहे इसी निमित्त सवा लाख गायत्री चालीसा अनुष्ठान का संकल्प लिया गया है।अतः आप सभी अपनी भागीदारी तय कर इस पूर्ण कर्म के भागी बने एवं विश्व मंगल की कामना के साथ 24 लाख गायत्री चालीसा पाठ में सभी सभा की बहनों को शामिल होने का संकल्प लिया गया।

# नवोदित कला मंच ने किया विभूतियों सहित मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

सत्ता सुधार ■ सीहोर



शहर की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था नवोदित कला मंच सीहोर एवं जन परिषद सीहोर के तत्वावधान में 31 वां प्रतिभा सम्मान समारोह प्रधान मंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस सीहोर के सभा हाल में आयोजित कर शहर की सामाजिक विभूतियों एवं मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। संस्थापक सुरेश जायसवाल ने बताया कि इस विशाल 31 वां प्रतिभा सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेविका अरूणा राय, अध्यक्षता प्रधान मंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ रोहितश्व कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि नूतन स्कूल के संचालक सुरेश त्यागी, वरिष्ठ साहित्यकार एवं समीक्षक संजय जी , वरिष्ठ गीतकार सुदामा दुबे, जन परिषद के प्रदेश सचिव पत्रकार अब्दुल रऊफ खान लाला सारस्वत अतिथि कवयित्री साक्षी जैन, गज़लकार सुरेश अजनबी, कवि विक्रम सिंह यादव रहे।

सर्वप्रथम अतिथियो द्वारा मां सरस्वती की पूजन अर्चना कर दीप जलाकर कार्यक्रम का आगाज किया। सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, स्वागत नृत्य, राष्ट्रगान, राष्ट्र गीत संगीतिका संगीत महाविद्यालय एवं सरस्वती कत्थक डांस कला केन्द्र के कलाकारों ने मांगी लाल ठाकुर एवं डॉ रुपाली सोनी नेतृत्व में निहारिका गुप्ता ने गीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को बुलंदियों पर पहुंचाया।

अध्यक्ष डॉ अनीस खान ने बताया कि 31वां सम्मान समारोह में विशिष्ट नागरिक सम्मान डॉ एल एन नामदेव, सिद्धपुर गौरव सम्मान, राजेश काशिव, संगीत विद सम्मान स्व.पं.वासूदेव शिक्षा (मरणोपरांत), सीमा प्रहरी सम्मान सूबेदार संजय कुलकर्णी, संगीत विद सम्मान अकिल अहमद कुरैशी, साहित्य विद् सम्मान डॉ अरुण श्रीवास्तव, शिक्षा विद सम्मान सृष्टि जायसवाल एवं अनम सिद्धीकी, जीवन रक्षक सम्मान श्लोक शिवहरे, प्रेरणा विद् सम्मान प्रभात मेवाड़ा एवं सोनिका जायसवाल, नगर गौरव सम्मान डॉ रुपाली सोनी एवं योगिता परमार सेवा विद सम्मान पाषज़्द नरेन्द्र राजपूत,सुर विद सम्मान अंजलि सोनी, ताल विद सम्मान पामी पाहुजा,विशेष सम्मान डॉ एस सी हुरमाडे कलचुरि गौरव सम्मान रिदिमा चोकसे, निधि राय, हिमांशी राय, अक्षत जायसवाल सहित कक्षा 12वीं तथा प्रदेश मेरिट सूची में द्वितीय स्थान पर पार्थराठौर 96.6 प्रतिशत तथा कक्षा 10 वीं में प्रदेश मेरिट सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अवनी वर्मासहित 90 मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ गगन नामदेव, डॉ एस सी हुरमाडे , नवीन सोनी, कमलेश शर्मा, डॉ मंगलेश जायसवाल,राम दास साहू, डॉ महेश शमाज़्, हीरालाल जायसवाल, सुरेश श्रीवास्तव, संदीप मेवाड़ा एवं कायज़्क्रम का सफल संचालन कर डॉ विजेंद्र जायसवाल ने नवोदित कला मंच सीहोर को ऊंचाई प्रदान की।

# भाजपा की तानाशाही और साजिश का पर्दाफास

## जीतू पटवारी पर फर्ज़ी एफआईआर की राजीव गुजराती ने की कड़ी निंदा

सत्ता सुधार ■ सीहोर



सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता एवं सहप्रभारी दिनेश मेघानी के विशेष आतिथ्य में प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारगणों के उपस्थिति में प्रेस वार्ता आयोजित की जिसमें राजीव गुजराती ने कहा कि अशोकनगर में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ 26 जून 2025 को दर्ज फर्जी एफआईआर की कड़े शब्दों में निंदा करती है। यह एफआईआर न केवल भाजपा की तानाशाही और विपक्ष को कुचलने की साजिश को उजागर करती है, बल्कि पीड़ितों की आवाज को दबाने और सच्चाई को झूठ के नीचे दफन करने की उनकी घिनौनी रणनीति का जीता-जागता सबूत है। भाजपा और मोहन यादव सरकार का यह कृत्य लोकतंत्र पर काला धब्बा है। जिसे मध्यप्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

पूरा मामला अशोकनगर जिले के मूडरा बरवाह गांव का है, जहाँ 10 जून 2025 को गजराज लोधी और रघुराज लोधी ने आरोप लगाया कि स्थानीय सरपंच के पति और उनके साथियों ने उनकी मोटरसाइकिल छीनी, उनके माथ मारपीट की और अमानवीय रूप से उन्हें मानव मल खाने के लिए मजबूर किया। इस जघन्य अपराध की शिकायत लेकर पीड़ितों ने उसी दिन, 10 जून 2025 को जनसुनवाई कार्यक्रम में अशोकनगर कलेक्टर से मुलाकात की, लेकिन उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इस घटना की गंभीरता को देखते हुए, यह मामला 11 जून 2025 को पत्रिका अखबार के पहले पन्ने पर प्रमुखता से छपा जिनमें मल खिलाने और पीड़ितों में से एक के आत्मदाह की कोशिश की खबर ने पूरे प्रदेश में सनसनी फैला दी। यह खबर भाजपा सरकार और स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता को उजागर करती है।

जनसुनवाई में कलेक्टर से शिकायत और मीडिया में चर्चा के 10 दिन बाद, यानी 25 जून 2025 को, पीड़ितों ने मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से ओरछा में मुलाकात की। यह स्पष्ट करता है कि पीड़ितों ने स्वतः अपनी शिकायत को पहले कलेक्टर और फिर मीडिया के सामने उठाया था और श्री पटवारी के कहने पर उन्होंने कोई आरोप नहीं लगाए। एक जिम्मेदार नेता के रूप में श्री पटवारी ने तुरंत अशोकनगर कलेक्टर से फोन पर बात की और इस मामले में 8 दिनों के भीतर कार्रवाई की मांग की। इस बातचीत के दौरान कलेक्टर ने भी पुष्टि की कि पीड़ितों के आरोप उन्हें 10 जून 2025 को जनसुनवाई में पास हुए थे। श्री पटवारी ने पीड़ितों के बयान और कलेक्टर से बातचीत का वीडियो उसी दिन सोशल मीडिया पर साझा किया, जो वायरल हो गया। इस वीडियो ने एक बार फिर स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता और प्रशासन की विफलता को उजागर किया।

लेकिन, भाजपा की सत्ता की भूख और विपक्ष के प्रति उनकी घृणा ने इस मामले को एक शर्मनाक मोड़ दे दिया। 26 जून 2025 को पीडितों ने कलेक्टर को शपथ पत्र सौंपकर अपने बयान में पलट गए और दावा किया कि उन्होंने श्री पटवारी के कहने पर आरोप लगाए इसके आधार पर मुंगावली पुलिस ने उसी दिन श्री पटवारी के खिलाफ की एफआईआर दर्जकी, जिसमें उन पर जातिगत वैमनम्य फैलाने का बेबुनियाद आरोप लगाया गया। यह साफ है कि पीडितों को डराया धमकाया गया और सत्ताधारी दल के दबाव में उन्हें झूठा बयान देने के निए मजबूर किया गया।

**कांग्रेस की मांग:** इस मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच हो, जिसमें पीड़ितों के दोनों बयानों (10 जून 2025 की शिकायत और 26 जून 2025 के शपथ पत्र) की गहन जाँच की जाए। यह पता लगाया जाए कि पीड़ितों पर किस तरह का दबाव डाला गया। एफआईआर रद्द हो जीतू पटवारी के खिलाफ 26 जून 2025 को दर्जफर्जीएफआईआर को तत्काल रद्द किया जाए और इस साजिश के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो। मुंगावली पुलिस की संदिग्ध भूमिका की जाँच हो और सत्ताधारी दल के दवाव में काम करने वाले अधिकारियों को दंडित किया जाए। पीड़ितों को सुरक्षा और कानूनी सहायता प्रदान की जाए ताकि वे बिना डर के सच्चाई बता सकें। प्रेस वार्तामें उपस्थित कांग्रेसजनों में नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर, प्रीतम दयाल चौरसिया, सुनील दुबे, रमेश गुप्ता, घनश्याम यादव, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, कमलेश चाण्डक, भगत सिंह तोमर, तारा यादव, पंकज शर्मा, कपिल गौर, गजराज परमार, लक्की सक्सेना, अरबाज खान, ओम सोनी, आदि मौजूद रहे।

### भाजपा की तानाशाही और लोकतंत्र पर हमला-राजीव गुजराती


दिनांक 11 जून 2025 को मीडिया में इस मामले के उजागर होने और 10 जून 2025 को कलेक्टर के समक्ष शिकायत दर्जहोने के बावजूद भाजपा सरकार ने पीड़ितों को न्याय देने के बजाय मामले को दबाने की कोशिश की। श्री पटवारी द्वारा 25 जून 2025 को इस मुद्दे को फिर से उठाए जाने पर भाजपा ने अपनी साजिश को और तेज कर दिया। यह दावा कि श्री पटवारी ने पीड़ितों को उकसाया, पूरी तरह निराधार है, क्योंकि पीड़ितों ने 10 दिन पहले ही अपनी शिकायत कलेक्टर और मीडिया के सामने रख दी थी। कलेक्टर ने भी श्री पटवारी से बातचीत में पीड़ितों के आरोपों की पुष्टि की थी। यह पहली बार नहीं है जब भाजपा ने विपक्षी नेताओं को बदनाम करने और सच्चाई को दबाने के लिए इस तरह की साजिश रची हो। पीड़ितों का बयान बदलना भाजपा की ताकत और प्रभाव के दुरुपयोग का स्पष्ट प्रमाण है। 11 जून 2025 को मीडिया में मामला उजागर होने और 10 जून 2025 को कलेक्टर के समक्ष शिकायत के बाद भी भाजपा ने पीड़ितों को न्याय देने के बजाय उन्हें डराने-धमकाने का रास्ता चुना। यह सवाल उठता है कि आखिर पीड़ितों पर किसका दबाव था। यह एफआईआर केवल एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि विपक्ष की आवाज को कुचलने और लोकतांत्रिक मूल्यों को नष्ट करने की माजिश है। भाजपा की यह रणनीति मध्यप्रदेश की जनता को मूर्खबनाने की कोशिश है।

## एमपी गजब है...

# 25 साल से फीस भर रहा आदिवासी लेकिन जमीन का सीमांकन नहीं हुआ

- पटवारी कर रहा गुमराह, शाम को जाकर झूठी नपती कर पंचनामा बनाकर चला आता है
- आवेदक ने लगाई कलेक्टर से गुहार
- साहब मेरी भूमि का सीमांकन करावा दो

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



एमपी गजब है, वाकई में गजब है। यहां अफसर नियम कानून को जेब में रख अपना नियम चलाते हैं,अगर एक बार किसी काम के लिए टाल दिया तो उस काम को कराने के लिए लोग बरसों चक्कर लगाते हैं उनकी चप्पलें घिस जाती हैं लेकिन मजाल है कि जब तक साहब ना चाहे, काम कर दें, कुछ इसी तरह का एक प्रकरण जिले की पिपरई तहसील अंतर्गत ग्राम गरैंठी से सामने आया, जहां एक आदिवासी आवेदक पिछले 25 साल से अपनी जमीन की नपति यानी सीमांकन के लिए तहसील कार्यालय के चक्कर लगा रहा है,कई राजस्व अधिकारी और हल्का पटवारी बदल गए, लेकिन उसकी जमीन का सीमांकन नहीं हुआ बेचारा आज भी भटक रहा है,अब उसने कलेक्टर से गुहार लगाई है, इस उम्मीद के साथ कि शायद यह साहब उसकी जमीन का सीमांकन करवा दें।

आवेदक चतरु पुत्र धारू आदिवासी निवासी ग्राम गरैंठी तहसील पिपरई ने बताया कि प्रार्थी एवं प्रार्थी के भाई पप्पू की भूमि ग्राम गरेंठी में स्थित सर्वे नंबर 436/18 436/19 भूमि का प्रार्थी भूमि स्वामी है। प्रार्थी अपनी इस भूमि का सीमांकन कराने के लिये करीब 25 साल से सीमांकन की फीस भर रहा है। लेकिन हल्का पटवारी प्रार्थी की भूमि का सीमांकन करने के लिये शाम के समय जाकर झूठी ही नपती कर पंचनामा बनाकर आ जाते है।

प्रार्थी गरीब आदिवासी होकर, अति परेशान हो रहा है। प्रार्थी ने कई बार कलेक्टर एवं सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया को आवेदन दिये। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। आवेदक ने कलेक्टर से गुहार लगाई है,कि उसकी भूमि का सीमांकन कराया जाए।

# जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हर माह आयोजित की जाएगी : कलेक्टर

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभागार में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर द्वारा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त किया। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी/कर्मचारियों की समस्याओं के हर संभव निराकरण के लिये हर माह जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की जायेगी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जिला स्तर पर परामर्शदात्री की बैठक हर तीन माह में करने के निर्देश हैं। कर्मचारियों की समस्याओ का जल्द से जल्द निराकरण हो इस मंशानुरूप जिले में हर माह परामर्शदात्री की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में विकासखंड स्तरीय परामर्शदात्री बैठक का कार्यवाही विवरण पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने उपस्थित संगठनों के प्रतिनिधियों से वन टू वन चर्चा की गई एवं निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर द्वारा सभी संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये सुझावों को गंभीरता से सुना एवं उपस्थित अधिकारियों को सुझावों पर अमल करने की निर्देश दिए। बैठक में कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका अपडेट,वेतन विसंगति,डीए एरियर, क्रमोन्नति,समयमान वेतनमान सहित अन्य संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई एवं निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का गोपनीय प्रतिवेदन हर वर्ष समय पर भेजा जाए। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी विभाग स्तर पर परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित कर कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण अपने स्तर से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की अपने समकक्ष कर्मचारियों की सर्विस बुक 30 दिन में अपडेट कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्देश दिए की कर्मचारियों से संबंधित समस्याओं के बिन्दुओं को प्रत्येक सोमवार को आयोजित समय सीमा की बैठक में रखे जाने के निर्देश दिए।

**अधिकारी,कर्मचारियों की समस्याओं के लिए होगी जनसुनवाई:** कलेक्टर आदित्य सिंह ने परामर्शदात्री की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए की आधिकारी,कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए 5 जुलाई को कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित भूतल पर जनसुनवाई कक्ष में आयोजित की जाएगी। अधिकारी कर्मचारियों की जनसुनवाई 5 जुलाई सुबह 8ः00 बजे से सुनी जाएगी।जनसुनवाई में कर्मचारियों की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने के उद्देश्य से इस जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है।

# समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागों में लंबित सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करायें। सीएम डेशबोर्ड में विभागों से संबंधित विषयों पर विभागीय लक्ष्यों की जानकारी अद्यतन की जाए। साथ ही समाधान ऑनलाईन से संबंधित विषयों पर विभागों द्वारा यथाशीघ्र निराकरण की कार्यवाही की जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय तथा केन्द्रीय मंत्री से प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण कर की गई कार्यवाही की जानकारी भेजी जाए। समग्र ई-केवायसी का कार्य समस्त सीईओ जनपद पंचायत तथा सीएमओ नगरीय निकाय लक्ष्य के अनुरूप करें। जिससे हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने अंर्तविभागीय समन्वय के बिन्दुओं पर विभागवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

**समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित:** बैठक में कलेक्टर ने प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई में आवेदकों से प्राप्त होने वाले आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। इस दौरान बताया गया कि जनसुनवाई में प्राप्त 4077 आवेदनों में से 2723 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। शेष 1354 आवेदन निराकरण हेतु प्रचलन में है। कलेक्टर ने शेष आवेदनों को यथाशीघ्र निराकरण किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**वर्षा ऋतु में बरतें विशेष सतर्कता :** बैठक में कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु में मौसमी बीमारियों से बचाव एवं नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाए। बारिश के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जिले के जर्जर भवनों की सूची तैयार कर ऐसे भवनों को डिस्मेंटल किये जाने की कार्यवाही की जाए। जर्जर भवनों में कोई भी शाला अथवा आंगनवाडी केन्द्र संचालित न हो इसका विशेष ध्यान दिया जाए।

**विकास खण्ड स्तर पर की जाए समीक्षा:** बैठक में कलेक्टर ने गूगल मीट से जुड़े समस्त एसडीएम तथा सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया कि विकासखण्ड स्तर पर खण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की जाए। जिससे खण्ड स्तर पर विभागीय लक्ष्यों के अनुरूप कार्य किये जा सके।बैठक में समय सीमा के लंबित पत्रों, मिशन कर्मयोगी,राहवीर योजना, अंधोसंरचनाओं का निरीक्षण, विभागीय संरचनाओं के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर मुकेश कुमार शर्मा सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## अतिवर्षा एवं बाढ़ आपदा प्रबंधन के संबंध में बैठक आयोजित

# अति वर्षा एवं बाढ़ से बचाव एवं नियंत्रण हेतु मैदानी अमला रहे सतर्क : कलेक्टर

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर



कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अतिवर्षा एवं बाढ़ आपदा प्रबंधन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि कि जिले में अतिवर्षा एवं बाढ़ से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण रखी जाए। साथ ही बाढ़ से बचाव एवं नियंत्रण हेतु मैदानी अमला रहे सतर्क रहे यह सुनिश्चित किया जाए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लिए आवश्यक दवाइयां, खाद्य सामग्री, राहत एवं बचाव सामग्री की समुचित व्यवस्था रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए की बाढ़ एवं अतिवर्षा की सूचना हेतु संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों के मोबाइल की सूची अपडेट रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जल भराव एवं बाढ़ संबंधी जानकारी ब्लॉक एवं जिला स्तरीय कंट्रोल रूम को दी जाए। साथ ही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव की निकासी के पर्याप्त प्रबंध किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए की बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों को बचाव हेतु सुरक्षित स्थलों का चयन किया जाए। उन्होंने राहत एवं बचाव दल का प्रशिक्षण कराये जाने के निर्देश दिए।

### बाढ़ आने से पूर्व रखें सावधानियां

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के चिन्हित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के अंतर्गत नदी,नालों में बाढ़ आने पर सभी आवश्यक बचाव एवं राहत कार्य किये जाएं। जिससे जानमाल की जनहानि न हो सके। होमगार्ड द्वारा रेस्क्यू सामग्री चिन्हित स्थलों पर उपलब्ध रहे,जिससे बचाव कार्य में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने विद्युत व्यवस्था के सुचारू संचालन एवं रखरखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई एवं शुद्ध पेयजल के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

### पुल,पुलियों पर कराये बेरिकेटिंग

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अतिवर्षा एवं बाढ़ आने पर पुल,पुलियों के दोनो ओर यातायात आवागमन को रोकने के लिए बेरिकेटिंग कराई जाए। साथ ही नामजद कर्मचारियों की डयूटी लगाई जाए।

# बुंदेल गुर्जर बने युवा गुर्जर महासभा के जिला अध्यक्ष



सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

अखिल भारतीय गुर्जर युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सोनू गुर्जर(पहलवान) की अनुशंसा पर अखिल भारतीय युवा गुर्जर महासभा के बुंदेल गुर्जर को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति के बाद समाज के लोगों ने उन्हें बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामनाएं प्रेषित की। उनकी समाज सेवा और युवाओं के बीच सक्रियता को देखते हुए संगठन ने यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है। बुंदेल गुर्जर के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने उन्हें सोशल मीडिया व व्यक्तिगत रूप से बधाई, शुभकामनाएं देकर सम्मानित किया। साथ ही संगठन के कार्यों में सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। नई जिम्मेदारी मिलने में श्री गुर्जर ने कहा की वह समाज के उत्थान के लिए लगातार काम करेंगे। समाज में वर्षों से चली आ रही कुरीतियों को मिटाने, बच्चों की शिक्षा के लिए समाज के लोगों को प्रेरित करने एवं समाज के प्रत्येक काम के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### जल जीवन मिशन कार्यो का किया निरीक्षण

**बड़वानी ।** जिला बड़वानी में जल जीवन मिशन अंतर्गत क्रियान्वित सेगवाल ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के तहत निरीक्षण किया। इसमें केंद्रीय नोडल अधिकारी पार्थ सारथी गुराला, तकनीकी अधिकारी देवेंद्र सिंह बाजवा द्वारा नर्मदा नदी स्थित इंटेक वेल, जल शोधन संयंत्र तथा उच्च स्तरीय जल टंकी का जायजा लिया। जल शोधन संयंत्र में स्थापित प्रयोगशाला का भी अवलोकन किया गया, जहां क्यूब टेस्ट रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। साथ ही पाइपलाइन की गहराई की भी जांच की गई, जो निर्धारित मापदंडों के अनुसार पाई गई। जल रेखा ऐप पर मॉड्यूल के माध्यम से जल निगम द्वारा की जा रही सतत निगरानी की विस्तृत जानकारी को प्रदाय की गई। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ काजल जावला, जल निगम महाप्रबंधक जीतेंन सिंह राणावत, कार्यालय यंत्री बामनिया, पाटी जनपद सीईओ, प्रबंधक, प्रबंधक जन सहभागिता, उप प्रबंधक, निर्माण कार्य से जुड़ी फर्म के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रोटरी क्लब की जागरूकता से दो लोगों को मिलेगी रोशनी

**बड़वानी।** जिले के समिपस्थ ग्राम बालकुवा की पारी बाई के निधन होने पर ग्राम के जीतेन्द्र मुकाती ने परिजन को तैयार कर अजित जैन एवम डॉ. चक्रेश पहाडिया को सूचना दी। रोटरी क्लब सचिव ललित जैन एवम पिपल्या के नेत्रदुत जगदीश सागरिया धार जिले के निसरपुर के नेत्र सहायक जी एस चौहान व गेंदालाल चौहान को लेकर बालकुवा ग्राम पहुंचे और नेत्रदान सम्पन्न करवाया और कॉर्निया निकालकर एम के इंटरनेशनल आई बैंक इंदौर पहुंचाया। रोटरी क्लब ने दुःख की घड़ी में पुत्र हरजी कोटवाल, लक्ष्मण कोटवाल पौत्र संजय, भरत का आभार व्यक्त किया की दुःख की घड़ी में नेत्रदान करवाकर नेत्रहीन व्यक्ति को रोशनी प्रदान कर मानव सेवा माधव सेवा का कार्य किया है ।

- किसके श्रेय से बाहरी व्यक्ति मंदिर में पेंट पहन कर आरती लेकर श्रद्धालुओं को चरणामृत बांट रहा

# ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की गोपनीयता भंग करने वाले पर कार्रवाई की मांग





**सत्ता सुधार ■ ओंकारेश्वर**

श्री जी ज्योतिर्लिंग मंदिर ट्रस्ट ओंकारेश्वर मंदिर की रात्रि शयन आरती, जो कि परंपरागत रूप से गोपनीय और पुजारी के अलावा अन्य किसी भी व्यक्ति के लिए प्रतिबंधित मानी जाती है। किसके श्रेय से बाहरी व्यक्ति मंदिर में पेंट पहन कर आरती उठा रहा है और श्रद्धालुओं को चरणामृत बांट रहा है। मंदिर की गोपनीयता भंग करने वाले पर कार्रवाई की मांग की गई है।

सोशल मीडिया पर खुलेआम वीडियो बनाकर प्रसारित किया जा रहा है। यह कार्य एक बाहरी व्यक्ति द्वारा बिना प्रशासन या ट्रस्ट की अनुमति के पुजारी के संरक्षण में किया जा रहा है, जो न केवल मंदिर की पवित्रता का उल्लंघन है, बल्कि कॉपीराइट कानून का भी सीधा उल्लंघन है। आरती के समय सीसीटीवी कैमरे गोपनीयता के कारण बंद रहते हैं और उस दौरान बाहरी व्यक्ति द्वारा पुजारी का कार्य करना, चरणामृत प्रसाद वितरण करना ये सब परंपरा का अपमान है।

मंदिर की तीनों प्रहर की आरतियां विशेष परंपरा से जुड़ी हैं और गुप्त मानी जाती हैं। इनका प्रचार या वीडियो प्रसारण हमारी आस्था और मर्यादा के विरुद्ध है। महंत मंगलदास त्यागी ने शासन, प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि इस पर शख़्त कारवाई होना चाहिए। षट् दर्शन संत मंडल इसका पुरजोर विरोध करता है। ओंकारेश्वर विकास संघर्ष समिति ने भी संपूर्ण मामले में मंदिर प्रशासन से निवेदन है कि इस विषय को गंभीरता से लें और दोषियों पर कार्रवाई करें ताकि ओंकारेश्वर धाम की गरिमा बनी रहे।

### हमने कभी भी मंदिर के भीतर फोटो, वीडियो नहीं बनाए

राहुल अग्रवाल, वैभव शर्मा, सुंदरम शर्मा, कपिल केलारकर आदि ने बताया कि ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में हमारा बचपन बीत गया, लेकिन आजतक हम मंदिर के भीतर फोटो, वीडियो नहीं बना पाए जबकि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बाहरी व्यक्ति मंदिर के भीतर के फ़ोटो, वीडियो की रिल्स बनाकर डाल रहा है। हम इसकी घोर निंदा करते हैं।

– राहुल अग्रवाल, स्थानीय नागरिक

# ऑपरेशन सिंदूर के समय बंद हुई इंदौर से जम्मू की फ्लाइट शुरू करने की मांग

### अमरनाथ जाने वाले यात्रियों को हो रही असुविधा



**सत्ता सुधार ■ इंदौर**

इंदौर से जम्मू के लिए फ्लाइट को दोबारा शुरू करने की मांग ट्रैवल एजेंट्स ने की है। दरअसल, इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट से जम्मू के लिए संचालित होने वाली फ्लाइट को ऑपरेशन सिंदूर के वक्त अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। लेकिन अब तक एयरलाइंस ने इस रूट पर उड़ान शुरू नहीं की है।

अमरनाथ यात्रा के चलते इस रूट की मांग काफी बढ़ गई है, लेकिन सीधी उड़ान बंद होने से यात्रियों को वैकल्पिक फ्लाइट्स का सहारा लेना पड़ रहा है। दिल्ली होकर जम्मू पहुंचने में अब ज्यादा समय और खर्च दोनों लग रहे हैं।

#### ट्रैवल एजेंटों ने की मांग

ट्रैवल एजेंटों ने मांग की है कि इस रूट पर उड़ान को जल्द से जल्द फिर से शुरू किया जाए। एजेंट्स का कहना है कि इससे धार्मिक यात्रियों को बड़ा फायदा होगा और समय व खर्च भी बचेगा। इस रूट पर इंडिगो की फ्लाइट सुबह 9 बजे इंदौर से रवाना होती थी और सुबह 11 बजे जम्मू पहुंचती थी।

#### पहले भी कई फ्लाइट बंद

इससे पहले इंदौर से कोलकाता की एक सीधी फ्लाइट भी बंद हो चुकी है, जिससे पूर्वी भारत जाने वाले यात्रियों के विकल्प सीमित हो गए हैं। इसके अलावा लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, किशनगढ़ और बेलगावी की फ्लाइट भी बंद हो चुकी हैं। वहीं, जिन शहरों के लिए दो या अधिक उड़ानें थीं, वहां अब केवल एक ही सेवा बची है।

#### फ्लाइट अब तक शेड्यूल में नहीं

इंदौर एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, जम्मू के लिए उड़ान को एयरलाइन ने अभी तक अपने शेड्यूल में शामिल नहीं किया है। पहलगाम हमले से पहले इस फ्लाइट की मांग काफी थी। यात्री इंदौर से जम्मू जाकर वैष्णो देवी और श्रीनगर जैसे स्थलों पर जाते थे। वापसी में भी कई यात्री इसी फ्लाइट का उपयोग करते थे। फ्लाइट की सीधी सेवा से लोग सिर्फ दो घंटे में जम्मू पहुंच जाते थे।

## गुरुद्वारा दूध तलाई में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने किया निःशुल्क परीक्षण



### स्वास्थ्य सेवा शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाई का भी वितरण किया

**सत्ता सुधार ■ उज्जैन**

गुरुद्वारा दूध तलाई में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा निन्शुल्क परीक्षण, पैथोलॉजी टेस्ट एवं दवाइयां का वितरण किया गया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा दूध तलाई के अध्यक्ष इकबाल सिंह गांधी ने बताया कि सिख गुरु श्री गुरु हरिकिशन साहिब, निन्शुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर में सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरो द्वारा निशुल्क परीक्षण गुरुद्वारा दूध तलाई में किया, जिसमें 150 से अधिक मरीजों का निशुल्क परीक्षण किया गया साथ में ही पैथोलॉजी टेस्ट किया गया।

सिख समाज के संभागीय प्रवक्ता एस.एस. नारंग ने बताया कि डॉक्टर राजदीप सिंह बग्गा स्पाइन स्पेशलिस्ट ,डॉक्टर अर्चिता सिंह बग्गा आई स्पेशलिस्ट , सोमिन धनेरिया एम.डी मेडिसिन, अमित पाल सलूजा डेंटल सर्जन डॉक्टर शिविर में निशुल्क परीक्षण कर दवाइयों का वितरण भी किया गया। हड्डी रोग संबंधित रोगों का इलाज, नस संबंधित रोगों का इलाज, साइटिका, कमर दर्द, गर्दन दर्द, जोड़ों का दर्द, मधुमेह, बीपी, श्वास रोग, दंत परीक्षण संबंधित सभी रोगों का इलाज, आंखों का परीक्षण निशुल्क किया।

सुरजीत सिंह ढंग ने बताया कि गुरुजी शांत स्वभाव के मालिक तो थे ही, साथ ही वे सेवा व परोपकारी स्वभाव के मालिक भी थे। मात्र 5 वर्ष की आयु में आप गुरु पद पर पर आसीन हुए। उनकी दया भावना की चर्चा चारों तरफ होने लगी थी।

# लायंस क्लब सेंधवा की नई कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह हुआ आयोजित

### पीड़ित मानवता के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहना लायंस का उद्देश्य



**सत्ता सुधार ■ सेंधवा**

लायनवाद ने हमेशा हम को महत्व दिया है, हम का अर्थ है संगठन। संगठन से असंभव को संभव किया जा सकता है। हम सब साथ मिलकर पीड़ित मानवता के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहे यही लायंस का ध्येय हो। ये बातें लायंस क्लब सेंधवा की सत्र 2025-26 की संचालक मंडल की कार्यकारिणी के शपथ विधि समारोह में उपस्थित हुए लायंस इंटरनेशनल क्लब 3233-जी-1 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल खंडेलवाल ने कही।

कार्यक्रम का शुभारंभ लायंस इंटरनेशनल क्लब के संस्थापक मेल्वीन जोन्स और माता सरस्वती की प्रतिमा के पूजन माल्यार्पण के पश्चात ध्वज वंदन और विश्व शांति के लिए मौन के साथ प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष गोपाल तायल ने कहा कि शपथ शब्दों की औपचारिकता न रहे। अपने कर्तव्यों को अपनी आदत का हिस्सा बनाएं। इस अवसर पर लायंस इंटरनेशनल क्लब के प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी, द्वितीय वाईस ड्रिस्ट्रिक्ट गवर्नर राम जाट, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी सिद्धार्थ बंसल, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर संतोष सोनी ने भी संबोधित किया।

लायंस इंटरनेशनल क्लब 3233-जी-1 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल खंडेलवाल ने गठित कार्यकारिणी के अध्यक्ष के रूप में डॉ. अतुल पटेल, सचिव निलेश मंगल, कोषाध्यक्ष डॉ. अतुल शाह, प्रथम उपाध्यक्ष अजय झवर द्वितीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर तायल, तृतीय उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, टेमर सचिन गोयल, टेल ट्विस्टर निलेश जैन सहित संचालक मंडल के सदस्यों को उनके पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ अधिकारी ने लायंस क्लब की सेवा परंपरा, दायित्व बोध और सामाजिक सरोकारों पर प्रकाश डाला और नवीन कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि यह नवगठित टीम समर्पण, संवेदना और सतत सक्रियता के साथ समाज कल्याण के कार्यों को गति प्रदान करती रहेंगी। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ.अतुल पटेल ने अपने गत वर्ष के अध्यक्षकीय कार्यकाल में लायंस क्लब के 51 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर क्लब के द्वारा 51 सेवा गतिविधियों का ब्यौरा दिया एवं आगामी वर्ष में इंटरनेशनल लायंस क्लब के सेवा प्रोजेक्ट प्रकल्प मेंटल वैलनेस और फूड फॉर हंगरी को अपनी सेवा गतिविधियों में शामिल कर इस पर कार्य करने की बात कही।



### मोहर्रम को लेकर कानूनी व्यवस्था बनाए रखने के लिए शांति समिति की बैठक

**बड़वानी।** बड़वानी जिले में आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर के निर्देशन में बड़वानी जिले के सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें आयोजित की गई। इन बैठकों में संबंधित थाना प्रभारियों के साथ-साथ थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, ग्राम रक्षा समिति और नगर रक्षा समिति के सदस्य तथा पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठकों का मुख्य उद्देश्य पर्व के दौरान जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखना, सामाजिक सौहार्द को सशक्त करना और आमजन के सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना रहा। पुलिस अधिकारियों द्वारा सभी प्रतिभागियों से सतर्कता बनाए रखने, किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद से बचने तथा पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने की अपील की गई। उपस्थित नागरिकों से अनुरोध किया गया कि वे न केवल स्वयं सतर्क रहें, बल्कि अपने-अपने क्षेत्रों में अन्य नागरिकों को भी सजग करें।

**कड़ी सुरक्षा व्यवस्था :** सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी, किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट, अफवाह या भ्रामक जानकारी पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।मुख्य मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की गई है।

# गुजरात से ओंकारेश्वर तीर्थ यात्रा पर निकली महिला की सड़क हादसे में मौत

### ओंकारेश्वर दर्शन से पहले ही बुझ गया जीवनदीप, सीसीटीवी कैमरे में कैद दुर्घटना



**सत्ता सुधार ■ ओंकारेश्वर**

गुजरात के बनासकांठा जिले के वाव गांव से ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन हेतु निकली 40 वर्षीय महिला जहूंबेन राठौर की एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के बड़वाह कस्बे में चोर बावड़ी क्षेत्र स्थित मधुराम होटल के सामने हुआ।

जानकारी के अनुसार, जहूंबेन अपने पति वाघजीभाई देवरा और देवरानी के साथ 12 दिन की तीर्थयात्रा पर निकली थीं। तीर्थयात्रियों की बस इंदौर होते हुए ओंकारेश्वर जा रही थी। बड़वाह के मधुराम होटल के सामने बस कुछ समय के लिए रुकी, जहां जहूंबेन बाथरूम जाने के लिए बस से उतरीं। सड़क पार करते समय खंडवा-इंदौर-इच्छापुर स्टेट हाईवे से तेज गति से आ रही एक काली कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। कार का अगला पहिया और पिछला दोनों उनके ऊपर से निकल गया। पूरी घटना होटल के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक टक्कर मारने के बाद भी नहीं रुका और महिला को कुछ दूर तक घसीटते हुए फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल जहूंबेन को तत्काल श्री सिविल अस्पताल, बड़वाह ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों और तीर्थयात्रा में साथ चल रहे वेलभाई ने बताया कि यह जहूंबेन की पहली तीर्थयात्रा थी। उनके देवर जगदीश के कहने पर यह यात्रा में शामिल हुई थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण संयोग रहा कि ईश्वर के दर्शन से पहले ही उनकी जीवनयात्रा समाप्त हो गई।

जहूंबेन के दो बेटे और दो बेटियां हैं, सभी की शादी हो चुकी है। पूरा परिवार इस खबर से सदमे में है। तीर्थयात्रियों ने हादसे के बाद स्थानीय पुलिस से कार चालक को शीघ्र गिरफ्तार करने और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। यह हादसा न केवल एक परिवार की खुशियों को निगल गया, बल्कि तीर्थ यात्रा जैसे पुण्य कार्य में शामिल श्रद्धालुओं के मन में पीड़ा और असुरक्षा की भावना भी भर गया।

प्राचार्य ने कहा- पुस्तकीय ज्ञान से निकलकर वास्तविक ज्ञान प्राप्त करने का अवसर

# सीखने की चाह में औद्योगिक भ्रमण पर निकले कॉलेज के छात्र

**सत्ता सुधार ■ बड़वानी**

आवश्यकता को देखते हुए औद्योगिक भ्रमण करवाया जा रहा है ताकि आप पुस्तकीय ज्ञान से निकलकर वास्तविक ज्ञान प्राप्त कर सके। आप अपने विषय को लेकर भी जा रहे हैं जैसे इतिहास को जानने के लिए आप एक्सपोजर विजिट भी करेंगे। किताबों में हम जो किसी जगह का विवरण पढ़ते हैं और अगर हम उसको वास्तविकता में नहीं देख पाते हैं तो उसकी कल्पना नहीं कर पाते। आप दोनों उद्देश्यों को लेकर जा रहे हैं बहुत ही अच्छा है बहुत बहुत शुभकामनाएं आपको।

ध्यान रखें कि हम समूह में कही जा रहे हैं तो हम हमारे महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हैं। कही भी जाए तो पूरे अनुशासन में रहे, किसी भी संस्था की जो नियमावली है उसका पालन करे ताकि आपकी और महाविद्यालय की छवि बनी रहे। ये बातें प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी की प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य ने स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से की जा रही औद्योगिक यात्रा और एक्सपोजर विजिट के लिए हरी झंडी दिखाकर विदा करते हुए कहीं। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. डीके वर्मा, डॉ. केएस बघेल, डॉ. दिनेश परमार, डॉ. बलराम बघेल ने महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।



**उत्साहित हैं यात्रा के सहभागी :** यात्रा में शामिल स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थी उत्साहित हैं. रीना चौहान, शिवानी बड़ोले, जोया खान, प्रतिभा अलावा, सुहानी जमरे, अरविन्द चौहान, बादल धनगर, अनिल मंडलोई, पन्नालाल बर्डे ने कहा कि एक नया अनुभव प्राप्त होगा. स्वरोजगार के क्षेत्रों को निकट से देखने का अवसर मिलेगा। आजीविका सञ्चालन का एक नया विकल्प हमारे समक्ष आएगा।

#### स्वरोजगार के लिए होंगे प्रेरित

ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. मधुसूदन चौबे ने बताया कि इस यात्रा के दो आयाम है। पहला आयाम औद्योगिक क्षेत्र को समझना है। इसमें ऐसी औद्योगिक इकाइयों का चयन किया गया है, जो अपेक्षाकृत कम पूंजी से सरलता से प्रारम्भ हो सके। हमारा क्षेत्र कृषि प्रधान है, अत: कृषि उद्यमिता पर आधारित रेवा–फ्लोरा कल्चर, बोरलाय भी जा रहे हैं। इससे युवा स्वरोजगार के लिए प्रेरित होंगे। दूसरा आयाम एक्सपोजर विजिट है इसमें इतिहास, पुरातत्व, धर्म, संस्कृति, पर्यावरण आदि को समझने में सहायता मिलेगी।

**विशेषज्ञ देंगे जानकारी :** यात्रा को सार्थक बनाने के लिए विशेषज्ञों की सहायता भी ली जा रही है। जिन उद्योगों और स्थलों को विजिट करेंगे, वहां के प्रबंधक और गाइड विस्तार से जानकारी देंगे। दल के साथ भी विशेषज्ञ रहेंगे, इतिहास के प्रो. डॉ. महेशलाल गर्ग, सुश्री सीमा उपाध्याय, उद्यमिता में तीन माह का प्रशिक्षण प्राप्त डॉ. प्रीति गुलवानिया, निजी क्षेत्र में सेवायें दे चुके श्री राहुल भंडोले, करियर काउंसलर डॉ. मधुसूदन चौबे मार्गदर्शन देंगे।

## निगम अध्यक्ष ने अटल उद्यान में किया पौधारोपण



**सत्ता सुधार ■ उज्जैन**

निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने वार्ड क्रमांक 15 अंतर्गत गीता कॉलोनी मोदी का चोपड़ा अंतर्गत अटल उद्यान में पौधारोपण किया। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष जगदीश पांचाल, मंडल उपाध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव, सावन बजाज आदि उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### रेलवे फाटक पर एक दिन के लिए सड़क यातायात रहेगा बंद

**मुरैना।** उत्तर मध्य रेल द्वारा जिला एवं पुलिस प्रशासन मुरैना को पत्र लिखकर जानकारी दी गई है कि 5 जुलाई से 6 जुलाई तक समपार क्रमांक 452 पर टीपीआर (पी) का कार्य चालू रहेगा, जिस कारण सड़क यातायात 24 घंटे के लिए बंद रहेगा। उत्तर मध्य रेलवे ने जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से पत्र में कहा है कि संबंधित अधिकारियों को उपरोक्त फाटक पर वाहनों का आवागमन बंद करने हेतु उचित निर्देश जारी करें। इस अवधि के दौरान सड़क यातायात गांव दीखतपुरा के पास बने हुये (एलएचएस-453) से परिवर्तित किया जाना प्रस्तावित है।

### दिगंबराचार्य विद्यासागर का दीक्षा समारोह मनाया गया

**मुरैना।** आचार्य श्री विद्यासागर का 58वें दीक्षा दिवस पर सारा विश्व उन्हें याद कर रहा है। आज वह हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनका जीवन चरित्र और उनका बताया ज्ञान आज भी हमारे बीच है। पूज्य गुरुदेव का जीवन चरित्र पढ़ने मात्र से जीवन में बहुत बदलाव आ जाता है। दीक्षा लेकर साधु हो जाना या मुनि हो जाना बहुत आसान है किंतु समस्त शास्त्रों के ज्ञान के बाद व्यक्ति उपाध्याय हो जाता है और कठोर तप करते हुए वह आचार्य पद ग्रहण करता है। ऐसे ही आचार्य हैं विद्यासागर महाराज। आचार्यश्री ने अनुशासन और तप से अपने मन और तन को कुंदन बना रखा था। उनके तपोबल का तेज उनके चेहरे पर निरंतर झलकता रहता था। आचार्य विद्यासागरजी ने धर्म की प्रभावना समाज में फैलाई। उनकी यही प्रभावना देश को अहिंसा के पथ पर ले जाती है। उनकी यह दीक्षा हमेशा समाजवासियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी रहेगी। 58वें दीक्षा दिवस महोत्सव नसियां जी जैन मंदिर में प्रातःकालीन वेला में श्री जिनेंद्र प्रभु का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन के पश्चात चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। हजारों की संख्या में उपस्थित साधर्मी बंधुओं, माता बहिनों, बच्चों ने अष्टद्रव्य से पूज्य आचार्यश्री का पूजन किया।

### पटवारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**मुरैना।** सोमवार को मध्य प्रदेश पटवारी संघ मुरैना के जिला अध्यक्ष गौरीशंकर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम पटवारी की मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सोंपा है तथा शीघ्र ही मांगों का निराकरण करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि भू-अभिलेख का डिजिटाइजेशन हो या प्रधानमंत्री आवास स्वामित्व योजना जैसे कार्य हो। खेद का विषय है कि प्रदेश स्तर पर चाहे वेतमान हो, पदोन्नति हो, स्थानांतरण या अन्य मौलिक अधिकार हो उसका शोषण हुआ है। पटवारी ने ज्ञापन में जो मांगे रखी थी उनमें बताया गया कि पति एवं पत्नि दोनों पटवारी होने पर भी एक जिले में पदस्थापना का लाभ नहीं दिया गया, पति-पत्नी दोनों शासकीय सेवक होकर भी एक ही जिले स्थानांतरित नहीं किया गया, वैवाहिक स्थिति में महिला पटवारियों को उनके ससुराल क्षेत्र के जिलो स्थानांतरित नहीं किया गया, गंभीर रूप से बीमारी से पीड़ित पटवारियों को उनके गृह जिलो में पदस्थापना से वंचित रखा गया।

---

#### बैरियर चौराहे पर दिनदहाड़े अधेड़ की हत्या के प्रयास से कुशवाह समाज में आक्रोश

# हत्या का प्रयास करने वाले 24 घंटे में नहीं पकड़े तो कोतवाली का होगा घेराव

सत्ता सुधार ■ मुरैना

रविवार की दोपहर बैरियर चौराहे पर दिन दहाड़े छेड़छाड़ करने के मामले में वांछित चार आरोपियों द्वारा लड़की के पिता को सड़क पर डालकर बेसबॉल के डंडे से मारपीट कर पत्थर से उसके दोनों पैर कुचलकर हत्या किए जाने के प्रयास मामले में अब कुशवाह समाज एकजुट होकर आंदोलन करने के मूड में आ गया है। कुशवाह समाज के लोगों ने सोमवार को मीडिया के समक्ष कहा है कि 24 घंटे में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो कुशवाह समाज के लोग कोतवाली का घेराव करेंगे। उल्लेखनीय है कि जौरा के कांसपुरा के रहने वाला 50 वर्षीय अधेड़ अपने बेटे के साथ रविवार दोपहर 1 बजे मुरैना से ग्वालियर जाने की तैयारी में थे।



तभी छेड़छाड़ के आरोपी गुढ़ा आसन निवासी आरोपियों ने बैरियर चौराहे पर घेरकर उनपर हमला कर दिया। एक युवक ने उन पर बेसबॉल के डंडे से बेरहमी से प्रहार किए और उसके साथी युवक ने जमीन पर पड़ा पत्थर उठाकर अधेड़ के पैर कुचल दिए। जिससे उनके दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में आरोपी भूरा गुर्जर, धर्मवीर गुर्जर, अनिल गुर्जर, मनोज गुर्जर निवासी गुढ़ा आसन के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

#### छेड़खानी के बाद दोनों पक्षों में हुआ था राजीनामा, लेकिन मारपीट की टशन नहीं भूल पाए आरोपी

जौरा थाना अंतर्गत कांसपुरा गांव में चार-पांच दिन पूर्व आरोपी भूरा गुर्जर एवं रंजीत गुर्जर द्वारा निर्मल कुशवाह 50 वर्ष की बेटी के साथ छेड़खानी कर उसे अपना नंबर देने का प्रयास कर रहे थे, तभी गांव वालों ने देख लिया और दोनों की जमकर मारपीट कर दी। थाना प्रभारी उदयभान सिंह के अनुसार मारपीट में एक युवक को 12 टांके आए थे। उक्त घटना के बाद दोनों पक्ष के बड़े बुजुर्ग द्वारा राजीनामा कर लिया गया, लेकिन मारपीट की टशन भूरा और रंजीत दिमाग में चल रही थी। इसका बदला लेने के लिए वह लगातार निर्मल कुशवाह की लोकेशन ले रहे थे। इसी के चलते रविवार की दोपहर दोनों आरोपी अपने दो साथियों के साथ मुरैना बेरियल चौराहे पर पहुंचे और निर्मल को बीच सड़क पर डालकर बुरी तरह पीटकर हत्या का प्रयास किया। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर लिया गया और घायल अधेड़ व्यक्ति को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

---

# शिवानी और तेज प्रताप ने शिवम को किया आत्महत्या के लिए प्रेरित

#### अपराध से बचने पुलिस को कर रहे गुमराहः पीड़ित पिता

सत्ता सुधार ■ मुरैना

स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुभाष नगर निवासी मृतक शिवम चौहान के पिता द्वारा अप्रैल 2025 से लगातार पुलिस अधिकारियों को शिकायत की जा रही है कि उसके पुत्र की आत्महत्या के लिए उसकी पत्नी शिवानी जिम्मेदार हैं, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई अभी तक नहीं की गई है। इधर शिवानी लगातार अधिकारियों को आवेदन देकर पुलिस को गुमराह कर रही है। पीड़ित पिता ने गत दिवस पुलिस अधीक्षक को फिर से शिकायत देकर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाली पत्नी शिवानी उसकी मां मनोरमा एवं चाचा हरिशंकर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित पिता राम बहादुर सिंह चौहान निवासी पानी की टंकी के पास मंदिर वाली गली सुभाष नगर मुरैना ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया कि उसने अपने बेटे शिवम चौहान की शादी अंबाह निवासी शिवानी के साथ 2 मार्च 2024 को संपन्न की थी। शादी के



बाद शिवम ने अपनी पत्नी को दिल्ली ले जाने के लिए, कई बार कहा, लेकिन वह पढ़ाई का बहाना बनाकर टाल देती और पढ़ाई करने के नाम पर रोज मुरैना से ग्वालियर जाने लगी। शिवम उसका काफी ख्याल रखता था, जब भी मुरैना आता तो शिवानी झगड़ा कर उससे अलग रहने की कोशिश करती। जब पूछता तो कहती मुझे तुम पसंद नहीं हो, मेरी जबरदस्ती शादी कर दी है। शिवानी ने कहा कि वह तेज प्रताप और तेजू से प्यार करती है, उसी के साथ रहेगी। इस संबंध में शिवम ने अपनी सास मनोरमा तथा चाचा हरिशंकर से भी शिकायत की, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। गत 13 अप्रैल की रात पत्नी की बेवफाई से परेशान होकर शिवम ने हजरत निजामुद्दीन रेलवे लाइन पर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। 13 अप्रैल को ही शिवम के साथ नौकरी करने वाले लड़के ने राम बहादुर सिंह के घर फोन किया और बताया कि शिवम नौकरी पर नहीं आया है और ना ही कमरे पर है। 14 अप्रैल की सुबह 8:00 बजे जीआरपी चौकी हजरत निजामुद्दीन द्वारा राम बहादुर के घर सूचना दी गई कि आपके पुत्र का शव रेलवे लाइन पर मिला है। शिवम की मौत की सुनकर परिवार के लोग दौड़कर दिल्ली गए और पीएम के बाद उसके शव को प्राप्त किया। पुलिस द्वारा उसका बैग परिजनों को दिया गया, जिसे खोलकर देखा तो उसमें शिवम का मोबाइल और शिवानी द्वारा तेज प्रताप को लिखा गया पत्र मिला।

मोबाइल चेक किया तो उसमें प्राप्त मैसेज से शिवानी तथा तेज प्रताप की प्रेम कहानी की जानकारी प्राप्त हुई। इस सबसे स्पष्ट होता है कि पत्नी द्वारा किसी और लड़के से प्रेम संबंध रखे जाने तथा लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर शिवम ने आत्महत्या की है। इस मामले में मुरैना पुलिस को कई बार मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की गई, लेकिन कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हुई है। इधर शिवानी एवं उसके परिवार के लोग लगातार झूठे आवेदन देकर पुलिस अधिकारियों को गुमराह कर रहे हैं। पीड़ित पिता रामबहादुर ने पुलिस अधीक्षक से शिवम की मौत के मामले में जांच करवाकर कार्रवाई की मांग की है।

---

# जैन मिष्ठान व डिस्पोजल की दुकान से सवा लाख की चोरी



सत्ता सुधार ■ मुरैना

सिटी कोतवाली के अंतर्गत पुरानी कलेक्ट्रेट सुलभ शौचालय के ठीक सामने गुप्त मंदिर के बाहर स्थित जैन मिष्ठान एवं जैन डिस्पोजल की दुकान का शटर तोड़कर बीती रात्रि अज्ञात चोर सवा लाख रुपए का समान एवं नगदी समेट कर ले गए। सुबह जब दुकान खुली, तब घटना का पता चला, जिसके बाद फरियादी ने कोतवाली पुलिस को आवेदन दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुप्त मंदिर की जगह में संचालित जैन मिष्ठान भंडार संचालक संजीव कुमार जैन एवं जिनेंद्र डिस्पोजल हाउस संचालक अजीत कुमार जैन रविवार की रात की दुकान बंद कर घर चले गए। सोमवार की सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान के शटर टूटे पाए गए। दोनों ने अपनी-अपनी दुकान को देखा तो दो मोबाइल कीमत 20 हजार, 24 हजार नगद, गोदाम से 12 कार्टून डिस्पोजल गिलास, 40 किलो कॉपर एसी की कीमत 70 हजार के अलावा मिठाई की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे भी खोलकर ले गए। दोनों फरियादी ने घटना की सूचना पुलिस को दी, इसके बाद थाने में जाकर आवेदन दिया है।

### अमन सिंह ने असिस्टेंट कमांडर 2024 की परीक्षा में 250 वीं रैंक की प्राप्त

**मुरैना।** यूपीएससी द्वारा आयोजित सीएपीएफअसिस्टेंट कमांडेंट 2024 की परीक्षा में मुरैना निवासी अमन सिंह भदौरिया को ऑल इंडिया रैंक 250 प्राप्त हुई है। उन्होंने बातचीत के दौरान बताया कि वह ग्राम चचिहा के निवासी हैं। वर्तमान में नौकरी में संलग्न होने के कारण तैयारी चुनौती पूर्ण रही थी। बीते वर्ष यूपीएससी सीएपीएफ2023 की परीक्षा में कुछ अंकों से रह गए थे। फौज में अधिकारी बनने के लिए हमने पूर्व में यूपीएससी सीडीएस की परीक्षा लिखित हर बार निकाली।

---

# गोवंश सांड की मौत से आक्रोशित गौ सेवकों ने एक घंटे लगाया जाम

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के जौरा नगर में रविवार की रात एक अज्ञात वाहन चालक ने गोवंश को टक्कर मार कर मौत के घाट उतार दिया, जिससे आक्रोशित गौ सेवकों ने एमएस रोड पर जाम लगा दिया, जो एक घंटे चला। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लग गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा काफी समझाईश के बाद एक घंटे पश्चात जाम को हटवाया गया। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने नगर परिषद अध्यक्ष, सीएमओ के खिलाफमुर्दाबाद के नारे भी लगाए। रविवार की रात 9 बजे एमएस रोड हाईवे पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से गोवंश साड की मौत के बाद एक सैकड़ा गौ सेवक सड़क पर मृत सांड के साथ बैठ गए, जिससे एमएस रोड पर वाहनों का आवागमन बाधित होने लगा। रात 10:00 बजे तक सड़क पर दोनों तरफ2 किलोमीटर लंबी लाइन लग गई। गौ सेवक सीएमओ, अध्यक्ष, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका मुरदाबाद के नारे लगा रहे थे। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची व



काफी देर के प्रयास के बाद गौ सेवकों को आश्वासन देकर जाम हटाने को कहा गया, जिस पर वह मान गए और जाम खोल दिया गया।

### मलेरिया जागरूकता हेतु मौधना जवाहर गांव में लगाया शिविर

**मुरैना।** सिविल हॉस्पिटल जौरा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आर एस सेमिल के मार्गदर्शन में मलेरिया रोग के प्रति जन समुदाय को जागरूक करने हेतु ग्राम मौधना जवाहर एवं मौधना भीकम में मलेरिया जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एमपीएस दीनदयाल शर्मा एवं रामनिवास कुशवाह के द्वारा अपनी स्वास्थ्य टीम में बीच आशीष शर्मा, एएनएम आरती राठौर एवं आशा कार्यकर्ता प्रवेश सिकरवार के साथ गांव में लोगों को मलेरिया, चिकनगुनिया एवं डेंगू के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर टीम के द्वारा गांव में हर घर में दस्तक देकर लोगों से चर्चा की एवं उन्हें मलेरिया रोग से बचाव हेतु जानकारी दी। साथ ही घरों में पानी की टंकियों, कूलर की टंकी एवं अन्य ऐसे स्थान जहां पर जल भराव हो उसकी देख-रेख करने एवं उस पानी को खाली करने एवं टंकियों को सूखने के बाद दोबारा पानी भरने की सलाह दी गई। उन्हें बताया गया कि ज्यादा दिन तक भरे हुए पानी में लार्वा हो सकता है, इसलिए ज्यादा समय तक पानी का भराव ना करें एवं घरों के आसपास साफ-सफाई रखें। रात्रि के समय सोते समय फुल कपड़े पहनकर सोये एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें व बुखार आदि आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर अपने स्वास्थ्य की जांच कराये।

# समन लेकर मुरैना जा रहे पुलिसकर्मी को अज्ञात वाहन ने कुचलकर मौत के घाट उतारा, लगा जाम

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के बानमोर थाना क्षेत्र में तहसील के सामने सोमवार की शाम 5:00 बजे बाइक से मुरैना जा रहे एक पुलिस कर्मचारी को एक अज्ञात ट्रक ने कुचलकर मौत के घाट उतार दिया, जिससे उसका सर पूरी तरह कुचल गया। घटना के बाद लोगों ने हाइवे पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद जाम खुलवाया गया। पुलिस द्वारा अज्ञात ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।



बानमोर थाना प्रभारी अमित सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस कर्मी भीकम सिंह परमार थाना गिजोरा जिला ग्वालियर में पदस्थ है और सोमवार की शाम 5:00 बजे वह बाइक से समन लेकर मुरैना जा रहा था, जैसे ही वह बानमोर तहसील के सामने पहुंचा तो पीछे से आ रहे एक ट्रक ने उसे कुचल दिया, जिससे ट्रक का पहिया उसके सिर पर से निकल गया और उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित फरार हो गया। हादसा देख लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और हाईवे पर जाम लग गया, जिससे दोनों तरफ का यातायात काफी देर तक प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी श्री भदौरिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया गया। पुलिस द्वारा मृतक पुलिस कर्मचारी का शव पीएम के लिए पोस्टमार्टम गृह भिजवाया गया है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

---

#### महिला राजुल के सदस्य द्वारा स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी गई

# भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक-2 की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

सत्ता सुधार ■ मुरैना

भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 2 की प्रथम कार्यकारिणी बैठक जैन मिलन महिला राजुल मुरैना के अतिथ्य और जैन मिलन मुरैना के सहयोग से होटल शेवरेन एम एस रोड मुरैना में आयोजित की गई। इस दौरान रेनू जैन द्वारा महावीर प्रार्थना प्रस्तुत की गई व खुशी के द्वारा मंगलाचरण की प्रस्तुति की गई और महिला राजुल के सदस्य द्वारा स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेन्द्र जैन राष्ट्रीय महामंत्री संगठन, अतिविशिष्ट अतिथि राजेश जैन बंटी राष्ट्रीय प्रचार अध्यक्ष,



अतिवीर बालचंद्र जैन राष्ट्रीय संरक्षक, शीला जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राजेन्द्र जैन मगरोनी, मुकेश जैन पत्रकार शिवपुरी, प्रदीप जैन, अनीता जैन, निर्मल पाटनी, क्षेत्रीय अध्यक्ष महेन्द्र जैन क्षेत्रीय मंत्री कमलेश जैन कार्यक्रम के दीप प्रज्वलन कर्ता अंजली जिनेश जैन अम्बाह, चित्र अनावरणकर्ता अभिषेक जैन टीटू, कार्यक्रम के संयोजक क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिल्पी जैन, क्षेत्रीय उपमंत्री संजय जैन, संयोजक ग्रुप ई लीना जैन, जैन मिलन महिला राजुल की अध्यक्ष आशिमा जैन, मंत्री बबिता जैन, कोषाध्यक्ष निलिमा जैन, जैन मिलन मुरैना से अध्यक्ष वीरेंद्र जैन, मंत्री मनीष जैन, नवनीत जैन सहित भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी, भिण्ड, गोरमी, मेहगांव, पोरसा, अम्बाह, जौरा, सुमावली, शिवपुरी, करैरा, मगरोनी, नरवर, भितरवार, डबरा, ग्वालियर की महिला, पुरुष, युवा और बालिका शाखाओं के अध्यक्ष, मंत्री एवं कोषाध्यक्ष सहित लगभग 400 लोग शामिल हुए। सभी ने अतिथ्य शाखा महिला राजुल मुरैना और सहयोगी शाखा जैन मिलन मुरैना को सफल आयोजन की बधाई और शुभकामनायें दी गई। इस मौके पर जैन मिलन महिला राजुल सीमा, संगीता, रेनू, सुनीता, अंतिम, विमलेश, सोमी, सरिता, भावना, प्रियंका, सविता, शिवानी, शालिनी, वंदना, रेनू, पिंकी, रूबी, जूली, पूनम, नेहा, सोनल, कल्पना, शोभना, सरिता, निशि, नेहा, सुलोचना, दीपेश, सुनील व जैन बालिका शाखा से अध्यक्ष दीक्षा जैन, मंत्री साक्षी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# नदी में नहाने गए दो बालकों की डूबने से दर्दनाक मौत

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के देवगढ़ थाना अंतर्गत इटोरा एवं सेथरी के बीच स्थित नहर में नहाने गए दो बालकों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई द्य एसडीओपी नितिन बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि सूरज पुत्र विशाल सिंह, राजावत, कृष्णा पुत्र वीरपाल परमार दोनों बालक घूमने के लिए निकले और नहर में



जाकर नहाने लगे। यह घटना देर दोपहर की बताई गई है। दोनों बालक के नहाने के लिए नहर में उतरे और डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों को पता चला तो वह उन्हें नहर में तलाशने के लिए प्रयास करने लगे। काफी प्रयास के बाद दोनों बालकों की डेड बॉडी मिल गई। इस दौरान पुलिस को सूचना दी गई पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों बालकों को सब पीएम हेतु भेजे गए। इस घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है। एसडीओपी का कहना है कि शायद दोनों बालक तैरना नहीं जानते थे, इसलिए नहर में डूबने से दोनों की मौत हो गई।

# स्वास्थ्य, पयार्वरण एवं मृदा उर्वरता को बनाए रखने के लिए प्राकृतिक खेती करें: सांसद लोधी

## सांसद लोधी की अध्यक्षता में हिंडोरिया विकासखंड दमोह में एक चौपाल प्राकृतिक खेती के नाम एवं मिनीकिट बीज वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

सत्ता सुधार ■ दमोह



सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी की अध्यक्षता में हिंडोरिया विकासखंड दमोह में चौपाल प्राकृतिक खेती के नाम एवं मिनीकिट बीज वितरण कार्यक्रम का विशाल शिविर आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद श्री लोधी ने कहा स्वास्थ्य, पयार्वरण एवं मृदा उर्वरता को बनाए रखने के लिए किसान बंधु प्राकृतिक खेती करें। उन्होंने कहा देसी गाय के गोवर और गौमूत्र से जीवामृत एवं घन जीवामृत तैयार कर एक देसी गाय से 30 एकड़ तक प्राकृतिक खेती की जाति की जा सकती है जिसमें उत्पादन में कोई प्रभाव नहीं पड़ता, लागत भी काम आती है, उत्पादन उच्च गुणवत्ता के होते हैं तथा पोषण से भरपूर होते हैं जिससे हमारा स्वास्थ्य मृदा का स्वास्थ्य एवं पर्यावरण का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता हैं। उन्होंने कहा मिनीकिट का वितरण हो रहा है, वह उन्नत किस्म का बीज है जिसका उपयोग किसान बंधु परंपरागत बीज को बदलने के लिए उपयोग किया जाए। साथ ही सांसद श्री लोधी ने ड्रोन के उपयोग के बारे में कृषकों को जानकारी दी।

कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि जेएल प्रजापति ने बताया कृषक बंधु डीएपी के स्थान पर डीएपी के विकल्प नैनो डीएपी एन.पी.के.20-20-0-13,12:32-16,16:16:16 आदि उर्वरकों का उपयोग कर सकते हैं। डीएपी का उपयोग बीज उपचार के लिए रूप में 5 एमएल नैनो डीएपी 1 किलो बीज की दर से इस प्रकार एक बोतल नैनो डीएपी 100 किलो बीज के उपचार के लिए पर्याप्त होती है तथा और अधिक अच्छे रिजल्ट के लिए खड़ी फसल में 35 दिन बाद एक बोतल प्रति एकड़ के दर से 5 एमएल प्रति लीटर पानी के मन से छिड़काव करने से परंपरागत दानेदार डीएपी का उपयोग किए बिना अच्छी फसल की पैदावार की जा सकती हैं। उन्होंने कहा मृदा नमूना कब लेना चाहिए और कैसे लेना चाहिए तथा मृदा परीक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार अहिरवार ने कृषकों को समसामयिक विषयों पर जानकारी दी। कृषकों के कृषि से संबंधित प्रश्नों के जबाब दिए तथा ड्रोन के माध्यम से कीटनाशकों खरपतवार नाशकों एवं नैनो उर्वरकों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 1000 से अधिक कृषकों को निःशुल्क बीज मिनीकिट वितरित किए गए।

## ब्रीफ न्यूज

### उपकेन्द्र सुल्तानपुर से संबंधित फीडरों में आज विद्युत प्रदाय अवरूद्ध

**हरदा।** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी द्वारा 132 के.व्ही. उपकेन्द्र हंडिया में अति आवश्यक सुधार कार्य के कारण 1 जुलाई को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक 132 के.व्ही. सुल्तानपुर से निकलने वाले 33 के.व्ही. फीडरों में विद्युत प्रदाय बंद रहेगा। उप महाप्रबन्धक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी हरदा ने बताया कि इस दौरान 33 के.व्ही. फीडर गहाल-मगरधा से जुड़े 33/11 केव्ही उपकेन्द्र गहाल, झाड़पा व मगरधा, 33 के.व्ही. फीडर मुहालकला से जुड़े उपकेन्द्र मुहालकला व खरड़, 33 के.व्ही फीडर सिराली से जुड़े सिराली व सोनपुरा उपकेन्द्र तथा रहटाकला से जुड़े मंडीसेल व रहटाकला उपकेन्द्र में विद्युत प्रदाय बंद रहेगा।

### निराश्रित न छोड़ें- कलेक्टर श्री जैन ने पशुपालकों से की अपील

**हरदा ।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सड़कों एवं रास्तों पर आवारा मवेशियों के विचरण करने से आवागमन अवरुद्ध होता है, साथ ही दुर्घटना का भय भी बना रहता है। इस संबंध मुनादी और प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से गौपालकों को सूचित करें। यदि इसके बाद भी पशुपालकों द्वारा मवेशियों को सड़कों पर छोड़ा जाता है, तो ऐसे निराश्रित मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में बंद किया जाए और इसके बाद गौशाला भेजने की कार्यवाही की जाए। कलेक्टर श्री जैन ने सभी पशुपालकों से अपील की है कि अपने गौवंश व पशुओं को सड़कों पर निराश्रित न छोड़े। इससे आवागमन अवरूद्ध होता है तथा दुर्घटना का भय बना रहता है। उन्होने बताया कि यदि सड़कों पर निराश्रित मवेशी विचरण करते पाये जाते है तो नगर पालिका द्वारा मवेशियों को कांजीहाउस में बंद कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### कलेक्टर श्री जैन ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को हरदा के आदर्श महाविद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होने इस दौरान महाविद्यालय परिसर का भ्रमण कर रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निरीक्षण किया। उन्होने इस दौरान उन्होने जल गंगा संवर्धन अभियान के तालाब का अवलोकन कर सराहना की। उन्होने इस दौरान महाविद्यालय परिसर में खेल परिसर विकसित करने हेतु सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य विजय अग्रवाल ने बताया कि गत वर्ष भी एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत महाविद्यालयीन स्टाफ द्वारा स्वयं के व्यय पर लगभग 700 पौधों का रोपण किया गया था।

# निजी विद्यालयों को मान्यता देने में मनमानी

## संचालकों ने शिक्षा को बनाया व्यवसाय

सत्ता सुधार ■ हरदा





जिले में शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत जारी प्रावधानों की अवहेलना करते हुए लंबे समय से निजी विद्यालय संचालित है फिर भी जांच पड़ताल कराकर उनके खिलाफ किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। मान्यता और स्कूल संचालन के मापदंडों का उल्लंघन किया जा रहा है। बिना ड़ी.एड़.,बी.एड़. वाले शिक्षक पढ़ा रहे हैं, सी.सी.टी.व्ही. कैमरे नहीं लगे हैं। बालक-बालिका के लिए अलग-अलग शौचालय होना चाहिए। दिव्यांगो के लिए रैम्प और अलग से शौचालय निजी विद्यालय संचालन करने वाली समिति के नाम एक से दो एकड़ जमीन होना चाहिए, प्रशिक्षण देकर शैक्षनिक गतिविधियों को प्रभावी बनाने की पहल, वाहन बीमा, कामर्शियल वाहन, चालक-परिचालक, शिक्षक-शिक्षिकाओं का पुलिस वेरीफिकेशन स्वच्छ पेयजल, पीली बस, पीली पट्टी और स्कूल वाहनों को जी.पी.एस. सिस्टम से जोड़ने की पहल होनी चाहिए।

**मापदंडों पर खरे नहीं उतर रहे अधिकांश स्कूल :** निजी स्कूल के संचालक शिक्षा को व्यवसाय बना लिये हैं। कम से कम पैसे में शिक्षक रखे जाते हैं। डी.एड. बी.एड. वालों की अंकसूची लेकर नाम लिख लिया जाता है और काम दूसरों से करवाया जाता है। स्कूल संचालन में गाइडलाइन का उल्लंघन किया जा रहा है। मान्यता की कार्यवाही के दौरान भौतिक सत्यापन कार्यालय में बैठे-बैठे कर दिया जाता है। मान्यता की फाइल में शामिल सभी बिंदुओं के आधार पर भौतिक सत्यापन किया जाये तो मान्यता देने में मनमानी का भी मामला सामने आ सकता है। हरदा, खिड़किया और टिमरनी में करीब 200 से 250 स्कूल हैं। शायद ही ऐसा कोई निजी विद्यालय हो जहां मापदंड के अनुसार स्कूल का संचालन किया जाता हो।


**आटो वेन से ले जा रहे स्कूली बच्चे :** स्कूल के बच्चों को ऑटो और वेन से ले जाया जाता है। क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जाता है। जान से खिलवाड़ करते हुए परिवहन किया जा रहा है। आते-जाते वाहनों को देखते हैं। फिर भी उन पर कार्यवाही नहीं की जा रही है। स्कूल वाहन के संचालन के संबंध में जो दिशा-निर्देश हैं। उसका पालन नहीं किया जा रहा है। बीमा और पीले कलर का वाहन और पीली पट्टी होना चाहिए ड्रायवर, कंडक्टर का पुलिस वेरिफिकेशन होना चाहिए। आर.टी.ओ. और पुलिस मोहकमा के अधिकारी कर्मचारी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**जी.पी.एस. सिस्टम से नहीं जुड़े वाहनः** बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से स्कूल वाहनों को जी.पी.एस. सिस्टम से जोड़ा जाया जाना चाहिए। आदेश है फिर भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। चेकिंग करके कार्यवाही नहीं की जाती है जिसके कारण नियमों की खुले आम अवहेलना की जा रही है।


**बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण नहीं :** निजी विद्यालयों के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण नहीं होता है। इस संबंध में पहल होनी चाहिए। सी.एम.एच.ओ. हरदा को इस संबंध पहल करनी चाहिए । शिविर लगाकर या फिर आर.वी.एस. की टीम को स्वास्थ्य परीक्षण कराकर जरूरत अनुसार बच्चों को चिकित्सा सुविधा देना चाहिए। इस तरह की आवश्यकता लंबे समय से है। फिर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**पर्याप्त भवन नहीं :** कक्षा 1 से 12 तक के विद्यालय में पर्याप्त कक्ष होने चाहिए स्टाफ रूम, शौचालय अलग होना चाहिए। प्रशिक्षण और पुलिस वेरिफिकेशन भी कराया जाना चाहिए इस तरह ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण अन्य जगहों पर बच्चों के साथ कई घटनाएं हो चुकी है। चालक परिचालक भी बच्चों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। इस लिहाज से सावधानी जरूरी है।


### क्या कहते जबाबदार



1. निजी विद्यालय में बच्चों को स्कूल ले जा रहे वाहनों की चेकिंग की जायेगी मापदंड के विपरीत हो रहे वाहनों के संचालन को गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल कराकर सख्त कार्यवाही की जायेगी।
**-राकेश कुमार अहाके, जिला परिवहन अधिकारी, हरदा।**



2. शिक्षकों, शिक्षिकाओं और स्कूल वाहन के चालकों परिचालकों का वेरिफिकेशन करवाया जायेगा।
**-आर.ड़ी. प्रजापति, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, हरदा।**



3. राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत निजी विद्यालयों में पढ रहे बच्चों को स्वास्थ्य परीक्षण कराकर आवश्यकतानुसार चिकित्सा सुविधा प्रदान की जायेगी।
**-डॉ. एच.पी. सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, हरदा।**



4. कक्षा 1 से 8 तक के निजी स्कूलों की मान्यता बी.आर.सी. के निरीक्षण टीप के आधार पर दी जाती है, जिसमें ऑनलाइन फोटो आदि अपलोड किए जाते हैं। जिसको देखकर मान्यता की कार्यवाही पूरी की जाती है ।9 वीं से 12 वीं तक स्कूल की मान्यता संयुक्त संचालक लोक शिक्षण द्वारा दी जाती है ।
**-बलवंत पटेल, जिला परियोजना समन्वयक, शिक्षा विभाग, हरदा**

# अशोक राठौर बने राठौर क्षत्रीय समाज अध्यक्ष



सत्ता सुधार ■ सीहोर

वर्षो पूर्व राठौर समाज कस्बा सीहोर के परम पूज्य स्व.पुण्य आत्माओं एवं वर्तमान में भी अतिवरिष्ठ स्वरूप में समाज के बीच समाज का सतत सहयोग, मार्गदर्शन कर रहे परम सम्माननीय संस्थापकों द्वारा समाज हितैषी दूर दृष्टी से अधिरोपित राठौर समाज कस्बा सीहोर नामक सामाजिक पौधा आज ऐतिहासिक वट वृक्ष का रूप धारण कर अपनी स्वच्छ, उज्जवल, धवल और गौरवशाली छवि के साथ शान से लहलहा रहा है और सीहोर ही नहीं अपितु विशाल हृदय से क्षेत्रीय समाज (भोपाल, आष्टा एवं पड़ोसी क्षेत्र) के साथ भी समन्वय, सहयोग से समाजोत्थान रूपी पुण्य यज्ञ में समय-समय पर सहभागिता की आहुति समपिज़्त करते रहने की परंपरागत भूमिका को भी सहृदय निवाज़्हित करता आ रहा है।

राठौर समाज कस्बा ने अपनी निर्विवाद, निष्पक्ष, निष्कलंक छवि को स्थापित रख पूर्वअध्यक्ष एवं वरिष्ठ, जुझारू, कर्मठ, समर्पित समाजसेवी आत्माराम राठौर के सुपुत्र अशोक राठौर (रंगीला) को सर्वसम्मति से निर्विरोध राठौर समाज कस्बा सीहोर का अध्यक्ष मनोनित किया है। अशोक राठौर के मनोनय पर बधाई एवं शुभकामनाऐं देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्वअध्यक्ष आत्माराम राठौर, मांगीलाल राठौर, शिवप्रसाद राठौर, घासीराम राठौर, रमेश राठौर ,धमेज़्द्र राठौर, मोहनलाल कपिल ट्राली ऑटो पाट्र्स, पूर्वअध्यक्ष सतीश राठौर, नपाध्यक्ष अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर, विवेक राठौर, महेंद्र राठौर, हरि प्रसाद राठौर, हरिनारायण, लखन राठौर, हुकुम सिंह राठौर गोर्लराठौर, हरीश राठौर, राकेश राठौर, महेन्द्र राठौर, प्रहलाद सिंह राठौर, मिश्रीलाल राठौर, महेश राठौर, बद्री प्रसाद राठौर, रामचरण मास्साब, बाबूलाल, डालचंद, आलेख राज, प्रशांत राठौर, बृजमोहन, बलराज, अनोखी लाल, विजय राठौर कुबेरभंडारी गेस्ट हाउस, मनीष, रवि, मुकेश, महेश पप्पू, राजू, विनोद ,मोहन फौजी, मुन्नालाल, राजेंद्र, राजकुमार होटल, प्रेम राठौर, कुलदीप राठौर, कांता राठौर, दीर्नराठौर, जी.एल. महामंत्री भोपाल, अध्यक्ष सहित समस्त कार्यकारिणी एवं समस्त सामाजिक संगठन शामिल हैं।



# नपाध्यक्ष ने मांझी समाज के विशिष्ट जनों और प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

सत्ता सुधार ■ सीहोर

हनुमान फाटक इलाई माता मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर के मुख्य अतिथिय और भाजपा नेता पंकज गुप्ता की विशेष उपस्थिति में मांझी समाज के विशिष्ट जनों और प्रतिभाशाली छत्र-छात्राओं को शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। मांझी आदिवासी समाज संघ माझी पंचायत द्वारा निषाद चौक से मांझी समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश रैकवार मनोहर रैकवार बाबा,बल्ली रायकवार एवं गोविंदा रायकवार उमाशंकर अमर नारो के मार्गदर्शन में विशाल वाहन रैली निकल गई। निशान रैली का समापन इलाई माता मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम में संतोष रायकवार, विजय रायकवार, योगेश रायकवार, राम बाथम, शंकर रायकवार संन्नी रायकवार, सुरेश पंडा, मधु रायकवार, मनोज बाथम, राजेश माझी, गुलाब सिंह रायकवार,लक्ष्मण सिंह रायकवार, आर.डी नाविक, गेंदालाल रायकवार, दीपक बाथम, दीपक माझी ,पवन केवट, जितेंद्र,महेश, रार्ज,प्रकाश, अजय, सागर अनिल ,राकेश, शुभम, हेमंत ,नरेंद्र, गणेश लोकेश खेर्मपवन,शुभम, प्रेम, राधेश्याम, विशाल, विक्की, प्रियांशु, शिबू,जयस ,आशीष, अनिल, विनोद, सूरज, बाबूलाल, चंद्रशेखर, आकाश, मोहन, नीरज रायकवार, खेमराज सनी, अशोक,अजय का महत्व पूर्णसहयोग रहा।

# बीजेपी की तानाशाही और साजिश का सितारा : जीतू पटवारी पर हुई फ़्यूरी फ़ायरिंग की कड़ी निंदा



### कांग्रेस ने प्रेस वार्ता कर मुजफ्फरपुर विरोध, एफआईआर वापसी की मांग की

सत्ता सुधार ■ खंडवा

मध्य प्रदेश कांग्रेस समिति अशोकनगर में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ 26 जून 2025 को फर्जी फर्मों के खिलाफ सख्त शब्दों में निंदा की गई है। यह केवल भाजपा की तानाशाही और तानाशाही को कुचलने की साजिश को उजागर करता है, बल्कि पीडितों की आवाज को प्रभावित करता है और सच्चाई को झूठ के नीचे गिराता है, उनकी घिनौनी रणनीति का जीत-जागता का सबूत है। भाजपा और मोहन यादव सरकार का यह लोकतंत्र पर काला धब्बा है, जिसे मध्य प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करती। कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि 30 जून को सुबह 11.30 बजे गांधी भवन में प्रेस विज्ञप्ति में पूर्व नेता राजनारायण सिंह ने कहा कि कांग्रेस इस जिले के समर्थकों की टिप्पणियों में निंदा करती है और मांग करती है कि इस मामले की स्वतंत्र और वैज्ञानिक जांच हो, जिसमें वकालत के बयान (10 जून 2025 की शिकायत और 26 जून 2025 के शपथ पत्र) की जांच की जाए। यह पता चला कि किस तरह का दबाव डाला गया है। 26 जून 2025 को जीतू के खिलाफ निर्वासन रद्द किया गया।

**पुलिस का दायराः** मुंगावली पुलिस की संदिग्ध भूमिका की जांच हो और अस्थायी दल के दबाव में काम करने वाले अधिकारियों को शामिल किया जाए। प्रेस विज्ञप्ति को दिखाते हुए अजय देवगन ने कहा कि पार्टी की ताकत और प्रभाव के सिद्धांत का स्पष्ट प्रमाण है। 11 जून 2025 को मीडिया में मामला सामने आया और 10 जून 2025 को दावेदारों की याचिका के बाद भी बीजेपी ने उन्हें डराने-धमकाने का विकल्प चुनने के बजाय न्याय की वकालत की। यह प्रश्न यह है कि किसका उत्पादन पर अंतिम मानक क्या था?

**लोकतंत्र का गला घोंटने की साजिशः** यह लोकतंत्र केवल एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की आवाज को कुचलने और लोकतांत्रिक लोकतंत्र को नष्ट करने की साजिश है। भाजपा की यह रणनीति मध्य प्रदेश की जनता को मूर्ख बनाने की कोशिश है।

### विश्वसनीयता को सुरक्षाः सुरक्षा और कानूनी सहायता प्रदान की जाए ताकि वे बिना डरे के

सच्चाई बताएं आप। हमारी मर्जी नहीं मानी गई श्री पटवारी पर बनी इमारतें नहीं हटाई गई तो, प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजनारायण सिंह, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय ओझा, सुनील आर्य, सदाशिव भावरिया, महिला कांग्रेस रचनाकार तिवारी, शहर अध्यक्ष हेमलता पालीवाल, पूर्व जिला प्रवक्ता प्रेमांशु जैन, आर्ष पाठक, शंकर पटेल, राजकुमारवास कथा, विकास व्यास, विनोद यादव, इमरान पिरयानी, प्रीतेश जैन, लोकेंद्र गंगाराडे समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

## डाक्टर वास्तव में भगवान होता है कोरोना के समय दिखा रूप : सांसद राहुल सिंह लोधी

# निस्वार्थ भाव से गांव गांव में चिकित्सक दे रहे सेवायें होना चाहिये सम्मान : मंत्री लखन पटेल

सत्ता सुधार ■ दमोह

अपने जीवन के पचास बर्ष चिकित्सा के क्षेत्र को देने वाले आमजनमानस को स्वास्थ्य लाभ पहुचाने वाले चिकित्सकों को नेशनल इंटीग्रेडेट मेडीकल एसोशिएशन नीमा के द्वारा सम्मानित किया गया। दमोह नगर के निजि होटल में आयोजित स्वर्णिम सम्मान समारोह के अतिथि राज्य मंत्री लखन पटेल,दमोह सांसद राहुल सिंह, विधायक दमोह जयंत मलैया,नीमा के प्रदेशाध्यक्ष डा महेश गुप्ता,प्रांतीय महासचिव डा कल्याण सिंह,आयुष अधिकारी डा.राजकुमार पटेल, आईएमए के जिलाध्यक्ष डा.संजीव सिंघई,डा.विजय सिंह राजपूत,नीमा के जिलाध्यक्ष डा.सी.एल.नेमा,सचिव डा.सुरेन्द्र पटेल,सेवानिवृत आयुष अधिकारी डा.अनिल चैधरी,डा.नवीन दुबे ने भगवान धनंवतरी का पूजनार्चन एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शंख की मधुर ध्वनि के साथ मंचासीन अतिथियों का सम्मान श्रीफल,शाल एवं स्मृति चिंन्ह देकर किया गया।

**50 बर्ष चिकित्सा के तो मंच से उतरे अतिथिः** जिले में चिकित्सा के क्षेत्र में 50 बर्ष से सेवायें देने वाले बरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान करने के लिये मंचासीन अतिथियों ने नीचे उतर कर सम्मान किया। जब चिकित्सकों का सम्मान करने के लिये अतिथि नीचे उतरे और चिकित्सकों को शाल,श्रीफल और सम्मान पत्र प्रदान किया तो एक अलग ही परिदृश्य दिखलायी दे रहा था। उपस्थित चिकित्सकों ने करतल ध्वनि से सम्मान किया एवं आयोजन की प्रशंसा की।

**इनका हुआ सम्मानः** लगातार 50 बर्ष एवं उससे अधिक समय से चिकित्सा के क्षेत्र में सेवाओं को देने वाले चिकित्सकों को सम्मानिति किया गया। जिनमें डा.केदार शिवहरे, डा.अनिल चैधरी,




डा.भरत शिवहरे, डा संतोष गोयल, डा.विजय नेमा, डा.विजय सिंह राजपूत, डा.श्रीपाद् शेन्डेय, डा.प्रदीप शेन्डेय, डा.गोविन्द पाठक, डा.तौफिक खान, डा.एम.एल.नेमा, डा.महेश नेमा, डा.आर.के.सोनी, डा.रसूल खान, डा.सुम्मेर शिखर चंद जैन, डा.पी.एल.साहू, डा.आर.पी.श्रीवास्तव, डा.साबूलाल जैन, डा.गोपाल अयाची, डा.देवेन्द्र विश्वकर्मा.डा.सुरेश चंन्द्र सिंघई, डा.महेन्द्र जैन को शाल श्रीफल एवं मानपत्र प्रदान किया गयां।

**14 चिकित्सक बने जन नेता विधायक निर्वाचित हुये थेः** आयोजन के प्रयोजन के संबध में विस्तार से जानकारी देते हुये नीमा के जिलाध्यक्ष डा.सी.एल.नेमा ने कहा कि 1972 से नेशनल इंटीग्रेडेट मेडीकल एसोशिएशन सक्रियता से जिले में कार्य कर रहा है। प्रति सप्ताह बैठक का आयोजन एवं विभिन्न विषयों को लेकर चिंतन और कार्य योजना बनाने के साथ क्रियांवयन करने की दिशा में कार्य किया जाता है। उन्होने कहा कि सरकार की सभी स्वास्थ्य सेवाओं से जुडी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंवाने की दिशा में कार्य किया जाता है। अनेक निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन गत बर्षो में किये गये है। उन्होने बताया कि चिकित्सक किस प्रकार जन सेवा करता हैं और फिर जन नेता बन जाता है इसका उदाहरण है कि 1994 में 14 चिकित्सक विधायक बने।

**डाक्टर का भगवान का रूप दिखा-सांसद लोधीः** दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने आयोजन की सराहना करते हुये कहा कि बरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान करके अभिभूत हूं। उन्होने कहा कि चिकित्सकों देखने का लोगो का अलग-अलग नजरिया है परन्तु हमारा मानना है कि वह डाक्टर नहीं भगवान है। कोरोना कोविड की महामारी के समाय इन्होने एक बडे भाग को ग्रामों में ही ठीक किया था। अगर ऐसा नहीं होता तो शासकीय चिकित्सालयों में भारी भीड हो जाती। अपने और अपने परिवार की जान की परवाह किये बिना इन डाक्टरों ने लोगों को जीवन दान दिया है। पशुपालन राज्य मंत्री लखन पटेल ने भी चिकित्सकों के कार्य की सराहना करते हुये कहा कि यह गौरव की बात है कि हमको बरिष्ठ चिकित्सकों को सम्मानित करने का मौका मिला। इस अवसर पर बरिष्ठ चिकित्सक डा.केदार शिवहरे ने अपने अनुभव साझा करते हुये अनेक संस्मरण सुनाते हुये उपस्थितों को चिंतन मनन करने मजबूर कर दिया।

# मकरोनिया मे बहेगी शिवभक्ति की गंगा

## डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े द्वारा रूद्र महायज्ञ, पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं शिव महापुराण सत्संग का आयोजन

सत्ता सुधार ■ सागर



उपनगरीय क्षेत्र मकरोनिया में स्थित वैदिक वाटिका में 12 से 14 जुलाई 2025 तक तीन दिवसीय श्री रूद्र महायज्ञ, पार्थिव शिवलिंग निर्माण और शिव महापुराण सत्संग का आयोजन किया जा रहा है सागर सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े द्वारा विश्व और देश कल्याण की भावना को लेकर कराये जा रहे आयोजन का यह चौथा वर्ष है जिसकी शुरूआत 30 जून को पं. केशव गिरी जी महाराज के सानिध्य में सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े द्वारा ध्वज और भूमि पूजन से की गई जिसमें विधिवत गणेश पूजन और अन्य देवताओं का विधिवत पूजन किया गया।यह आयोजन ब्रहम्मलीन संत दद्दा जी के कृपापात्र गृहस्थ संत पं. केशव गिरी जी महाराज के सानिध्य में 11 जुलाई को शाम 4 बजे कलश यात्रा निकाली जायेगी तथा 12 से 14 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रूद्र महायज्ञ तथा शिवमहापुराण सत्संग का आयोजन किया जायेगा।ध्वज और भूमि पूजन कार्यक्रम के पश्चात आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य रूप से समाजसेवी मीना ताई, हरिराम सिंह ठाकुर, सुखदेव मिश्र, डॉ. अनिल तिवारी, शादरा खटीक, न.पा.अ. मिहीलाल अहिरवार सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे, जिसमें पंडित केशव गिरी जी महाराज ने कहा कि एक जन्म के पुण्य से व्यक्ति भगवान के प्रति आस्तिक होता है, सौ जन्मों के पुण्य से व्यक्ति की धर्म करने की लालसा उत्पन्न होती है और जब माता-पिता, पूर्वजों और कई जन्मो के पुण्यों का एकसाथ उदय होता है तब भगवान शिव के पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त होता है, भगवान शिव की महिमा बताते हुए कहा कि वह इतने उदार और करूणा के अवतार है कि जिसने शिव को अपना बनाया वह उन्हीं के हो गए और जिसने जहां बनाया वह वहीं के बन गए, आगे उन्होंने कहा कि जो भक्त भगवान शंकर की भक्ति करता है उसकी भोलेनाथ दशा और दिशा दोनों बदल देते है इसलिए सावन माह के पावन मौके पर सांसद वानखेड़े द्वारा किये जा रहे इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित करें, इस हेतु उन्होंने सभी उपस्थित भक्तजनों से कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने का अनुरोध किया।

डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने ब्रहम्मलीन संत परमपूज्य दद्दा जी को श्रद्दापूर्वक नमन करते हुए कहा कि पं. केशव गिरी जी महाराज के सानिध्य में इस भक्तिरूपी परंपरा को लगातार आगे बढ़ाने का यह चौथा वर्ष है यह आयोजन प्रत्येक धर्मप्रेमी बंधु का आयोजन है इसलिए इस आयोजन को सफल बनाने और हर हर महादेव - घर घर महादेव का संदेश घर-घर तक पहुंचाने की अपील की ताकि हर नागरिक को धर्म लाभ का अवसर प्राप्त हो सके।

# मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला के शुभारंभ विधायक निर्मला सप्रे ने किया



सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग विकास खण्ड-बीना में विधायक निर्मला सप्रे के मुख्य अतिथि में खरीफ बीज वितरण कार्यक्रम रखा गया एवं मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का रिविन काटकर कर विधिवत शुभारंभ किया।निर्मला सप्रे ने कहा मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला से किसान भाइयों को यह ज्ञात हो सकेगा की हमारे खेत में किन तत्वों की कमी है और जो कमी हमें बताई जाएगी उसके अनुसार उसकी पूर्ति करने से हम अच्छी उपज पा सकेंगे। इसके अलावा उन्होंने किसान भाइयों से संवाद की भी किया यदि आपको किसी भी प्रकार की परेशानी आए तो मैं हमेशा आपकी समस्याओं की समाधान के लिए तत्पर रहूंगी।कृषि विकास अधिकारी अवधेश राय ने कृषि से संबंधित किसान भाइयों से चर्चा की और किस तरह से हमें मौसम को देखकर बोनी करना चाहिए यह भी उन्होंने बताया। इस मौके पर उनके साथ उषा दिनेश राय अध्यक्ष जनपद पंचायत बीना,भाजपा की वरिष्ठ नेता रतन यादव, राजेंद्र सेमरखेड़ी सतीश पटेल अजमेर सिंह ठाकुर नटवर शास्त्री भूपेंद्र सिंह लखाहर के अलावा अनेक भाजपा नेता एवं किसान मौजूद रहे।

# हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

**बण्डा(सागर)।** आरोपी गोल्डी राजा उर्फ युवराज पिता गजराज सिंह, धर्मेन्द्र पिता प्रतिपाल सिंह, नरेश पिता हल्कू यादव एवं राजू राजा उर्फ लाखन पिता जाहरसिंह, को हत्या करने पर बंडा न्यायालय आर. एल. शाक्य, अपर सत्र न्यायाधीश बण्डा, जिला सागर के द्वारा आजीवन कारावास एवं कुल 94000/- रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। मामले में शासन की ओर से पैरवी वरिष्ठ एडीपीओ ताहिर खान के द्वारा की गई। अपराध की गंभीरता को देखते हुये शासन द्वारा प्रकरण को चिन्हित एवं जघन्य सनसनीखेज प्रकरणों की श्रेणी में रखा गया था।अभियोजन के अनुसार दिनांक 14.12.17 को फरियादी काशीराम रैकवार ने थाना बरायठा में सूचना दी कि दिनांक 13.12.17 की सुबह 08ः00 बजे के लगभग गांव में यह चर्चा हुई कि गौरेया घाट धसान नदी में अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 22 वर्ष की लाश पड़ी हुई है तो वह भी गौरेया घाट देखने गया। धसान नदी के बीचों बीच नदी का पानी सूखा था, पत्थरों पर एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है। शव के सिर को कोई व्यक्ति पहचान न सके इसलिये शव एवं चेहरे को पत्थरों से कुचल दिया गया है। मृतक काले रंग की जैकेट व नीले रंग का लोवर पहने है जूते पहने है। पहचान में नहीं आ रहा है शव के थोड़ी दूरी पर हरे रंग की टार्च व काले रंग का मोबाईल एवं एक पर्स पड़ा है पीएम रिपोर्ट से ज्ञात हुआ कि मृतक हरदेव की मृत्यु उसके साथ मारपीट होने व गोली मारकर की गई है। उक्त घटना के आधार पर अज्ञात आरोपीगण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में जप्त सामग्री को एफएसएल जांच के लिऐ भेजा गया। विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि मृतक हरदेव को आरोपी गोल्डी का फोन आया उसके बाद वह आरोपी गोल्डी के साथ गया था एवं उसके साथ धर्मेन्द्र, नरेश, राजू राजा भी थे जिन्होने मिलकर हरदेव की हत्या की है विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया।अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर माननीय विचारण न्यायालय द्वारा आरोपीगण गोल्डी राजा उर्फ युवराज पिता गजराज सिंह, धर्मेन्द्र पिता प्रतिपालसिंह, नरेश पिता हल्कू यादव एवं राजू राजा उर्फ लाखन पिता जाहरसिंह, भा.दं.सं. 302 सपठित धारा 34, धारा 302 सहपठित धारा 120 बी, धारा 201 एवं आयुध अधिनियम की धारा 25 (1-बी)ए में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 94000/- रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

# कजली वन मैदान में चल रहे 6 साइड नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट में कल 3 मैच खेले गए



**सागर।** कजली वन मैदान में चल रहे 6 साइड नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट में कल 3 मैच खेले गए जिसमें पहला मैच जूनियर एसएफए अंडर 17 जूनियर एसएफए 2 अंडर 15 के बीच खेला गया।

**दूसरा मैच मन्नत कंस्ट्रक्शन और ताज स्टार के बीच खेला गया:** ये मैच 2-0 से मन्नत कंस्ट्रक्शन द्वारा जीत लिया गया।इसमें मुख्य अतिथि मिश्री चंद गुप्ता जी रहे जिन्होंने ग्राउंड पर जाकर सभी से परिचय प्राप्त कर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया मिश्री चंद गुप्ता ने संबोधित कर के जिला फुटबॉल संघ के सचिव विशाल तोमर से कहा कि आप ऐसे ही टूर्नामेंट कराते रहें जिसमें खिलाड़ियों को बहुत अच्छा मंच मिला और आगे युवा उबर कर आये जिसमें कि हमारे सागर शहर का नाम रोशन हो।रिमझिम बारिश में फुटबॉल प्रेमी और दर्शकों ने मैच का बहुत ही आनंद उठाया मैच के रेफरी सावन खान, रविंदर भाटिया और हेमंत गंगा पाली जी रहे टूर्नामेंट कमेटी के सदस्य अभिषेक सक्सेना, आदित्य अहिरवार,सत्यम भील,हर्ष तोमर अमन तोमर,अक्षत तोमर,समीर खान, हर्ष राठौर,सत्यम पासी,जावेद खान उपस्थित रहे।

# बीए तृतीय वर्ष के 82 विद्यार्थियों को इतिहास में मिले शून्य अंक

### छात्रों ने जताई नाराजगी - विधायक कार्यालय पहुंचे छात्र, पुनः मूल्यांकन की माँग

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)



बीना शासकीय महाविद्यालय (PG कॉलेज) के बीए तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने सोमवार को अपने परीक्षा परिणाम को लेकर गहरी नाराजगी जताई। छात्रों ने आरोप लगाया कि इतिहास विषय में लगभग समस्त छात्रों को शून्य अंक दिए गए हैं, जो पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। इसको लेकर बड़ी संख्या में विद्यार्थी विधायक कार्यालय पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।विद्यार्थियों का कहना है कि उन्होंने परीक्षा में पूरी मेहनत से उत्तर लिखे थे, फिर भी उन्हें शून्य अंक मिले। कुल 86 विद्यार्थियों में से 82 छात्रों को इतिहास विषय में जीरो अंक दिए गए हैं। छात्रों ने इसे तकनीकी त्रुटि बताया और कहा कि ऐसा संभव नहीं है कि इतने विद्यार्थियों के उत्तर पूरी तरह से गलत हों।

**छात्रों की माँग:** विद्यार्थियों ने स्पष्ट रूप से माँग की है कि छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.) द्वारा उनकी उत्तरपुस्तिकाओं की तकनीकी जांच कर पुनर्मूल्यांकन किया जाए और निष्पक्ष परिणाम घोषित किया जाए।

**विधायक प्रतिनिधि से मिले छात्र:** विधायक निर्मला सप्रे की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि श्री वीरेंद्र भदौरिया से मिलकर छात्रों ने ज्ञापन सौंपा। श्री भदौरिया ने छात्रों को आश्वासन दिया कि इस विषय को विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष गंभीरता से उठाया जाएगा तथा उचित जाँच कराकर छात्रों का भविष्य सुरक्षित किया जाएगा।

**छात्रों का आक्रोश और चिंता:** इस निर्णय से छात्रों में भारी निराशा और तनाव देखा गया। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इस विषय को नहीं सुलझाया गया तो उनका शैक्षणिक वर्ष बर्बाद हो सकता है। कुछ छात्रों ने तो यह तक कहा कि वे कोर्ट की शरण लेंगे या विश्वविद्यालय के समक्ष धरना देंगे।

**छात्रों ने यह भी कहा:** हमने उत्तरपुस्तिका में जवाब सही ढंग से लिखे थे। इतने सारे विद्यार्थियों को एक साथ शून्य अंक मिलना कहीं न कहीं गड़बड़ी को दर्शाता है। हम चाहते हैं कि हमारी मेहनत का सही मूल्यांकन हो।

# पूर्व मंत्री पटेल से की सौजन्य भेंट



**हरदा।** ग्राम बारंगा में रविवार को पूर्व राजस्व व कृषि मंत्री कमल पटेल से भाजपा जिला मंत्री ओमप्रकाश चौहान के माध्यम से सौजन्य भेंट की गई। इस भेंट में खिरकिया क्षेत्र के विकास के लिये एक विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर गंगाविशन मुनीम, संतोष यादव, राजू महिवाल, विजय सोमानी(पप्पू सेठ), गुत्तेश्वर मंडल अध्यक्ष विजय सिंह देवड़ा सहीत महामंत्री हेमंत राजपूत आदि उपस्थित रहे। श्री पटेल ने खिरकिया के विकास के लिये हर सम्भव मदद करने का आश्वासन देते हुए कहा कि पहले भी विकास किया है और आगे भी सतत करते रहेंगे।

# लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 32 33 जी 2 वर्ष 2025 -26 का आयोजन भोपाल में सम्पन्न



सत्ता सुधार ■ सागर

लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233G2 वर्ष 2025 -26 का प्रथम स्कूलिंग प्रोग्राम जिज्ञासा 2 का आयोजन कान्हा फन सिटी भोपाल में रीजन 4 ,5 ,6 एवं 7 के लिए आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि लायन प्रवीण वशिष्ठ डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वारा दीप प्रज्वलन राष्ट्रीय गीत एवं ध्वज वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सर्वप्रथम डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रवीण वशिष्ठ द्वारा स्वागत भाषण दिया गया जिसमें पधारे सभी लायन परिवार का धन्यवाद एवं साधुवाद देते हुए मिशन 1.5 को सफल बनाने के संबंध में अपने विचार रखें साथ ही लायन अनिल झा पीडीजी स्कूलिंग कोऑर्डिनेटर लायन महेश मालवीय प्रथम व्हीडीजी लायन पंकज मारु द्वितीय व्हीडीजी लायन कमल भंडारी पीडीजी लायन अचल लिंग्गा सीईओ आई टी लायन दिलीप धारीवाल पीडीजी लायन डॉक्टर प्रकाश सेठ लायन संजय मित्तल ने विस्तृत रूप से लायनबाद के सिद्धांतों एवं सदस्य संख्या वृद्धि एवं बैठकों मैं अधिक संख्या में लायन सदस्य उपस्थित होने के संबंध में अपने-अपने विचार रखें लायन जे पी एस जौहर द्वारा इंटरनेशनल से मिलने वाले पुरस्कार एवं सहयोग राशि के संबंध में विस्तृत रूप से बताया तथा मिशन 1.5 में एक्सपेक्टेशन ,क्लब सक्सेस ,एल सी आई एफ , जी एम टी, जी ई टी आदि पर विचार रखें इस स्कूलिंग प्रोग्राम में लाइंस क्लब सागर से लायन महेश श्रीवास्तव अध्यक्ष लायन सुरेश जैन सचिव लायन मुकेश जैन सचिव लायन संजय जैन एवं लायन प्रेमचंद जैन ने भाग लिया तथा मिशन 1.5 को सफलता पूर्वक लक्ष्य प्रतिशत करने के संबंध में तन मन धन से सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सभी रीजन के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष एवं डिस्ट्रिक्ट के अन्य पदधिकारी उपस्थित थे।

# प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)

शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत्र 2024-25 के कैरियर कैलेंडर के अनुसार वर्षभर की संपन्न गतिविधियों के पुरस्कार वितरित किये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ जन भागीदारी अध्यक्ष सोनाली जितेन्द्र राय ने मां सरस्वती के पूजन अर्चन से किया। वेदिका पाठक बीए तृतीय वर्ष की छात्रा ने स्वरचित सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रश्मि जैन ने स्वागत भाषण दिया एवं समस्त अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। संस्था की प्राचार्य डॉ. चंदा रत्नाकर ने कहा मनुष्य का आभूषण ज्ञान है।

सतत अध्ययनशील रहने की बात कही, सोनाली जितेन्द्र राय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में सार्थक माध्यम है। डॉ. रश्मि जैन ने कहा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं कॅरियर दिशा निर्धारण में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ उपयोगी एवं मील का पत्थर है। जनभागीदारी सदस्य डॉ. नम्रता ताम्रकार ने कहा व्यक्तित्व विकास सतत प्रक्रिया है। विद्यार्थी की जागरूकता पहली प्राथमिकता है। जनभागीदारी सदस्य योगेश चतुर्वेदी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में प्रेरक एवं सार्थक सीढ़ी है। मुस्कान कुशवाहा बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा ने सर्वाधिक सहभागिता एवं विजेता स्थान अर्जित कर सम्मान प्राप्त किया। अतिथियों द्वारा प्रतिभावान छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शरद श्रीवास, योगेश चतुर्वेदी, प्रदीप तिवारी, राजीव जैन सहित जनभागीदारी सदस्यों ने उपस्थित होकर छात्राओं को प्रेरक विचार कहे। कार्यक्रम का संचालन वेदिका पाठक एवं राम ओझा ने संयुक्त रूप से किया। आभार डॉ. रश्मि जैन ने व्यक्त किया।

# गर्भवती महिला और मायके वालों पर ससुराल पक्ष का हमला

### बीना में तलवार और डंडों से किया वार, गर्भपात के लिए दबाव बनाने का आरोप

सत्ता सुधार ■ बीना(सागर)



बीना में हिरनछिपा गांव में एक गर्भवती महिला और उसके मायके पक्ष पर ससुराल वालों ने हमला कर दिया। रविवार दोपहर को हुई इस घटना में तलवार, रॉड और डंडों से हमला किया गया। तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायलों को सागर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पीड़िता दीप्ति लोधी की शादी पांच साल पहले भगवान सिंह लोधी से हुई थी। दीप्ति ने बताया कि उसका पति, सास बबली लोधी और ससुर देवेंद्र लोधी गर्भपात के लिए दबाव बना रहे थे। वे बच्चा नहीं चाहते थे। इसलिए उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।दीप्ति ने यह बात अपने मायके वालों को बताई। उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के डोरना गांव से उसके पिता इंद्रपाल लोधी, मां शोभा लोधी, चाचा सरवन लोधी और एक रिश्तेदार उसे लेने आए थे।मायके वालों के आते ही ससुराल पक्ष ने विवाद शुरू कर दिया। पति भगवान सिंह, सास, ससुर, मामा ससुर हल्के,नंदू राय समेत करीब 10 लोगों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर सभी को पीटा। दीप्ति के चाचा को खुरई रोड पर लोगों के सामने मारा गया।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन

# जल स्तर बढ़ाने में जल गंगा संवर्धन अभियान, महत्वपूर्ण अभियानः कलेक्टर

### खण्डवा में आयोजित समापन कार्यक्रम में वर्चुअली माध्यम से जुड़ा सागर

सत्ता सुधार ■ सागर



जिले का जल स्तर बढ़ाने में जल गंगा संवर्धन अभियान महत्वपूर्ण अभियान साबित होगा उक्त विचार कलेक्टर संदीप जी आर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर व्यक्त किए। इसका मुख्य कार्यक्रम खंडवा में आयोजित किया गया जिसको कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से सीधा सुना एवं देखा गया। कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण अभियान था इसके माध्यम से अनेक जल संरक्षण के कार्य किए गए जिसमें प्राचीन जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने, बावड़ी, कुआ, तालाब निमार्ण, रैनवाटर हार्वेस्टिंग, नालों-नालियों की साफ-सफाई कराई गई एवं जनजागरुकता के लिए चित्रकला, रंगोली, स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता, दीवार लेखन, विद्यालयों में आइइएस की गतिविधियां, श्रमदान आदि की गतिविधियां आयोजित की गई।जिले में तालाबों का सीमांकन कर मुनारे स्थापित किए गए, तालाबों का गहरीकरण किया गया उन्हें अतिक्रमणमुक्त कराया गया। इसी प्रकार नवीन खेत तालाब, कूप रीर्चाज पिट, अमृत सरोवर का कार्य किया गया। कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान में जनप्रतिनिधियों एवं जन समुदाय की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं पुरानी जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने का कार्य किया गया। इस अवसर पर श्रीमती उषा पटैल, अपर्णा यादव, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी सहित मौजूद थे।

## ब्रीफ न्यूज

### गावस्कर की फटकार से आया ऋषभ में बदलाव

**लंदन।** भारतीय क्रिकेट टीम के उपकप्तान ऋषभ पंत ने आईपीएल के खराब प्रदर्शन से उबरकर इंग्लैंड के खिलाफ पहले ही टेस्ट की दोनो पारियों में शतक लगाया है। जिसके बाद से ही उनकी तारीफ हो रही है। ऋषभ में आये इस बदलाव के पीछे उनकी मेहनत और महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर की एक डांट को बताया जा रहा है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान जब ऋषभ लापरवाही से खराब शॉट खेलकर आउट हुए थे तो गावस्कर ने उनको फटकारा था। एक रिपोर्ट के अनुसार मेलबर्न टेस्ट में खराब प्रदर्शन के बाद ऋषभ ने काफी अभ्यास भी किया। उन्होंने यहां तक कि अपना मोबाइल फोन भी बंद कर दिया था। पूर्व स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई ने कहा, उन्होंने दिन-रात बहुत कठिन सत्र किए। जब ??भी वह खाली होते, तो मुझे जिम में ले जाते।

### जिम्बाब्वे के बल्लेबाज बेनेट चोट के कारण बाहर हुए, मास्वारे शामिल

**बुलावायो।** जिम्बाब्वे के सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट चोटिल होने के कारण बुलावायो टेस्ट से बाहर हो गये हैं। बेनेट ने इस मैच में 19 रन बनाए थे। बेनेट मैच के छठे ओवर में क्वेना मफाका की गेंद पर शॉट लगाने का प्रयास कर रहे थे पर गेंद उनके हेलमेट पर जा लगी। इससे अब टेस्ट में आगे नहीं खेल पायेंगे। उनकी जगह प्रिंस मास्वारे को टीम में शामिल किया गया है। इसी के साथ ही प्रिंस टेस्ट क्रिकेट में अपना 10वां मुकाबला खेलेंगे। दक्षिण अफ्रीका ने इस मैच की पहली पारी में 90 ओवर में 9 विकेट पर 418 बरन बनाकर पारी घोषित कर दी थी। इसके बाद घोषित जिम्बाब्वे की शुरुआत खराब रही और उसके बल्लेबाज अताकुदजवानाशे कैटानो खाता भी नहीं खोल पाये जबकि निक वेल्च 4 रन ही बना पाये। को जल्दी ही खो दिया। बेनेट के आउट होने के बाद अनुभवी बल्लेबाज सीन विलियम्स ने 45 और क्रेग एर्विन 24 ने पारी। वहीं पहली पारी में लुआन-ड्रे प्रीटोरियस और कॉर्बिन बॉश के शतक से दक्षिण अफ्रीका ने 400 से अधिक रन बनाकर इस मैच पर अपना शिकंजा कस दिया है।

### भारतीय टीम ने टी20 विश्वकप जीत के एक साल पूरा होने पर केक काटकर जश्न मनाया

**लंदन।** भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप 2024 की जीत के एक साल पूरे होने पर रविवार को यहां एक पार्टी आयोजित की। इसमें केक काटकर जश्न मनाया गया। इस दौरान विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने मजाकिया अंदाज में ऑलराउडर रवींद्र जडेजा की खिंचाई करने का प्रयास किया पर उन्हें करारा जवाब मिला। जडेजा ने कहा कि वह अभी एक फॉर्मेट से रिटायर हुए हैं। टी20 विश्व कप जीतने के बाद जडेजा ने क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारुप से संन्यास ले लिया था। बीसीसीआई ने इस पार्टी का वीडियो भी सोशल मीडिया में पारी किया है। वीडियो में देखने को मिल रहा है कि पहले कोई भी खिलाड़ी केक काटने के लिए आगे नहीं बढ़ रहा था। तभी अर्शदीप सिंह आगे बढ़े तो कहा गया कि बुमराह प्लेयर ऑफ द सीरीज थे।

# यश से पहले भी कई क्रिकेटरों पर लगे हैं रेप के आरोप

एजेंसी ■ मुम्बई

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज यश दयाल पर एक युवती ने शादी का झांसा देकर शारीरिक और मानसिक शोषण के आरोप लगाये हैं। इस युवती का कहना है कि यश पिछले पांच साल से उसके साथ रिलेशनशिप में था पर अब उससे धोखेबाजी कर शादी से इंकार कर रहा है। अब इस मामले की जांच चल रही है। ये पहला मामला नहीं है जब कोई क्रिकेटर इस प्रकार के गंभीर मामले में आरोपी है। इससे पहले भी कई क्रिकेटरों पर मारपीट और धोखेबाजी के आरोप लगते रहे हैं।

**अमित मिश्रा (भारत)**
पूर्व भारतीय लेग स्पिनर अमित मिश्रा को एक महिला के आरोप के बाद बैंगलोर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अमित पर दो



धाराओं में मामला दर्ज किया गया था पर बाद में ये मामला भी दब गया।

**दानुष्का गुणाथिलका (श्रीलंका)**
श्रीलंका के बल्लेबाज दानुष्का गुणाथिलका को टी-20 विश्व कप 2022 के दौरान ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद वह टीम से भी बाहर हो गये थे। गुणाथिलका पर टिंडर डेट के बाद महिला पर उसके घर पर हमला करने का आरोप लगाया गया था।.बाद में वह इस मामले में बरी हो गये थे

**संदीप लामिछाने (नेपाल)**
नेपाल के स्टार स्पिनर संदीप लामिछाने पर साल 2022 में एक नाबालिग लड़की ने बलात्कार का आरोप लगाया था। इस आरोप लगने के बाद वह टीम से बाहर हो गए और उन्हें जेल भी जाना पड़ा था हालांकि बाद में उन्हें जमानत मिल गई।

**मखाया एनतिनी (दक्षिण अफ्रीका)**
साल 1999 की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के लिए खेलने वाले पहले अश्वेत क्रिकेटर और तेज गेंदबाज मखाया एनतिनी पर बलात्कार का आरोप लगाया गया था जिसके लिए उन्हें दोषी भी ठहराया गया। पर बाद में वह बरी कर दिये गये थे।

**रूबेल हुसैन (बांग्लादेश)**
2015 को बांग्लादेश के तेज गेंदबाज रूबेल हुसैन को हिरासत में लिया गया था, क्योंकि उनकी पूर्व प्रेमिका और बांग्लादेशी अभिनेत्री नाजनीन अख्तर हैप्पी ने बलात्कार का मामला दर्ज कराया था पर बाद में अदालत ने रुबेल से मुक्त कर दिया है। रुबेल का कहना था कि नाजनीन उन्हें ब्लैकमेल कर रही थी।

# भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का नाम बदलने से नाराज हैं पूर्व क्रिकेटर फारुख इंजीनियर

## पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि ये फैसला प्रशंसकों को खुश करने के लिए किया गया

एजेंसी ■ बर्मिंघम

पूर्व क्रिकेटर फारुख इंजीनियर ने भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का नाम बदले जाने पर नाराजगी जताया है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि ये फैसला प्रशंसकों को खुश करने के लिए किया गया। ईसीबी ने साल 2007 में भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का नाम पटौदी ट्रॉफी रखा था पर इस बार इसका नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी कर दिया गया। इस फैसले को दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भी सही नहीं माना था। इंजीनियर भी नाम बदलने से सहमत नहीं हैं हालांकि उन्होंने माना है कि सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन की उपलब्धियों पर सवाल नहीं उठाये जा सकते हैं। इंजीनियर ने कहा, 'टाइगर पटौदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त थे। मेरे बहुत अच्छे सहयोगी थे। हमने काफी टेस्ट मैच साथ में खेले। मुझे सबसे ज्यादा खुशी तब हुई जब 2007 में ट्रॉफी का नाम उनके नाम पर रखा गया। उन्होंने कहा, 'एक ओर जहां मैं इस बात से बहुत निराश हूं कि पटौदी का नाम हटा दिया गया। मैं चाहता हूं कि टाइगर का नाम इस ट्रॉफी से जुड़ा रहता लेकिन इसके बजाय सचिन और एंडरसन के नाम पर इस ट्रॉफी का नाम रखने का फैसला किया गया जो खेल के दिग्गज हैं। इंजीनियर ने कहा, 'इसमें पटौदी



पदक की शुरुआत एक अच्छा कदम है। उन्हें इसकी घोषणा शुरू में ही कर देनी चाहिए थी, इससे अधिक विश्वसनीयता होती, लेकिन कम से कम उन्होंने कुछ तो किया। उम्मीद है कि पटौदी पदक के जरिये ये नाम इससे हमेशा जुड़ा रहेगा।

पटौदी परिवार का भारत-इंग्लैंड क्रिकेट से गहरा नाता रहा है। इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर दोनों ने भारत की कप्तानी की थी। इन दोनों ने इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेला। वहीं दूसरी ओर तेंदुलकर टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, जबकि एंडरसन ने तेज गेंदबाज के रूप में पारंपरिक प्रारूप में सबसे अधिक विकेट लिए हैं। इंजीनियर ने कहा, 'तेंदुलकर और एंडरसन की उपलब्धियों पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। इस कहानी के दो पहलू हैं। उन्होंने पदक का नाम पटौदी के नाम पर रखा है जो बहुत सोच-समझकर किया गया फैसला है। उन्होंने कहा, 'यह फैसला पटौदी के मुझे जैसे कई समर्थकों को खुश करने के लिए किया गया लेकिन आप उन्हें ट्रॉफी का नाम सचिन और एंडरसन के नाम पर रखने के लिए दोषी नहीं ठहरा सकते।

### भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में शामिल हुए स्पिनर हरप्रीत

**लंदन।** इंग्लैंड के खिलाफ 2 जुलाई से होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार एजबेस्टन में टीम इंडिया के साथ अभ्यास करते दिखे। भारतीय टीम के पास पहले से ही रविन्द्र जडेजा और कुलदीप यादव जैसे स्पिनर हैं, ऐसे में हरप्रीत के यहां पहुंचने से सभी लोग हैरान रह गये। हरप्रीत भारतीय दल और भारत ए में भी शामिल नहीं थे। उसके बाद भी वह भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में दिखे तो सवाल उठना तया था। वहीं भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर हरप्रीत के भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में पहुंचने का एक वीडियो भी जारी किया है। इसमें हरप्रीत ने कहा है कि वह नये कप्तान शुभमन गिल के कहने पर टीम इंडिया के अभ्यास सत्र में शामिल हुए। बरार ने कहा कि उनकी पत्नी बर्मिंघम के करीब रहती है। जिसके पास वह पहुंचे थे तभी शुभमन ने उन्हें मैसेज कर अभ्यास के लिए बुलाया। बरार के अलावा, चंडीगढ़ के युवा तेज गेंदबाज जगजीत सिंह संधू भी गेस्ट गेंदबाज के रूप में नेट अभ्यास में जुड़े। पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज में भारतीय टीम 1-0 से पीछे हैं। ऐसे में 2 जुलाई से शुरु हो रहे दूसरे टेस्ट के लिए टीम अभ्यास में लगी हुई है। इस मैच में तेज गेंदबाज जसप्रीम बुमराह को आराम देखकर उनकी जगह अर्शदीप सिंह को अवसर मिल सकता है। इसके अलावा शार्दुल ठाकुर की जगह आकाशदीप सिंह को जगह मिलेगी।

# शास्त्री बोले डब्लयूटीसी अब अहमदाबाद में होना चाहिये : शास्त्री



एजेंसी ■ मुम्बई

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि अगला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 (डब्लयूटीसी) फाइनल भारत के अहमदाबाद में होना चाहिये। शास्त्री के अनुसार इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के लिए इंग्लैंड एक आदर्श स्थल है पर मेरा मानना है कि अब जब ये विश्व स्तर पर लोकप्रिय हो गया है तो इसका आयोजन भारत और ऑस्ट्रेलिया के बड़े स्टेडियमों में भी किया जा सकता है। शास्त्री के अनुसार इंग्लैंड ने तीन बार इस टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी कर ली है।

पहला डब्लयूटीसी फाइनल साउथेम्प्टन के रोज बाउल में आयोजित किया गया था, जिसमें न्यूजीलैंड ने भारत को हराया था। इसके बाद के दूसरा फाइनल ओवल में हुआ जहां ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर चैंपियन बना। वहीं तीसरा फाइनल लॉर्ड्स के मैदान पर हुआ जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को हराया। शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि शुरुआत में इसका लॉर्ड्स में आयोजन अच्छा है पर लोकप्रियता और प्रशंसा मिलने के बाद इसे अन्य जगहों पर भी आयोजित किया जा सकता है। मुझे लगता है कि इसके फाइनल के लिए अहमदाबाद स्टेडियम भी अच्छा रहेगा। उन्होंने साथ ही कहा, मूल रूप से, ऐसी जगहें जहां आप भीड़ खींच सकते हैं डब्लयूटीसी फाइनल के लिए अच्छी है लॉर्ड्स 100,000 सीटों वाला स्टेडियम नहीं है। इसलिए चाहे कोई भी टीम खेल रही हो, आपको पता है कि आपको अच्छी भीड़ मिलेगी, इसलिए स्टेडियम बदलना ठीक रहेगा। गौरतलब है कि साल 2031 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल तक की मेजबानी इंग्लैंड के पास है, वहीं भारतीय बोर्ड ने 2027 फाइनल के लिए बोली लगाई थी पर उसे ये नहीं मिली।

### आईसीसी ने इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम पर जुर्माना लगाया

**लंदन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम पर भारत के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया है। इस प्रकार इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम को दोहरा झटका लगा है। इस मैच में उसे भारतीय टीम ने 97 रनों से हराया था। वहीं अब उसपर मैच फीस का 10 फीसदी जुर्माना लगा है। आईसीसी के अनुसार इंग्लैंड की टीम तय समय में पूरे 20 ओवर नहीं फेंक पाई थी। इसी कारण अंतरराष्ट्रीय पैनल की मैच रेफरी हेलेन पैक ने इंग्लैंड टीम पर यह जुर्माना लगाया गया है।

# डब्ल्यूडब्लयूई के स्मैकडाउन शो में बिजली जाने से आई बाधा

एजेंसी ■ रियाद

पहली बार सऊदी अरब में हो रहे डब्ल्यूडब्लयूई के स्मैकडाउन शो के दौरान बिजली गुल होने से बाधा आई है। इससे नेटफ्लिक्स पर लाइव स्ट्रीमिंग भी रुक गयी। शो में तब कोडी रोड्स और रैंडी ऑर्टन का प्रोमो चल रहा था। डब्ल्यूडब्लयूई ने इस परेशानी के लिए दर्शकों से माफी मांगी हालांकि कुछ देर में बिजली बहाल होने से शो फिर शुरु हुआ। बिजली जाने के कारण शो शुरू होने के 10 मिनट बाद ही नेटफ्लिक्स पर लाइव स्ट्रीमिंग भी बंद हो गयी। तब कोडी रोड्स और रैंडी ऑर्टन रिंग में प्रोमो करने जा रहे थे। दोनों रेसलर रिंग में आ चुके थे और प्रशंसक उनका उत्साह बढ़ा रहे थे। ऑर्टन ने बोलना शुरू ही किया था कि स्ट्रीमिंग रुक गयी। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, परशानी नेटफ्लिक्स के कारण नहीं, बल्कि रियाद में बिजली जाने से आई थी। गोरिल्ला पोजीशन या कंट्रोल रूम में बिजली नहीं थी। इसलिए शो को कंट्रोल नहीं कर पा रहा था। गोरिल्ला पोजीशन रेसलिंग में पर्दे के पीछे की जगह को कहते हैं, जहां रेसलर्स और शो के निर्माता अपने प्रदर्शन से ठीक पहले इकट्ठा होते हैं। डब्ल्यूडब्लयूई ने दर्शकों को हुई परेशानी के लिए माफी मांगी है। साथ ही कहा है कि भविष्य में ऐसी परेशानी से बचाव के उपाय किये जाएंगे।

# विंबलडन जीतकर रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम करना चाहते हैं जोकोविच

एजेंसी ■ लंदन


सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच की नजरें इस बार विंबलडन जीतकर रिकार्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम करना है। 38 साल के जोकोविच के बारे में कहा जा रहा है कि वह अपना अंतिम विंबलडन खेल रहे हैं इसलिए भी ये टूर्नामेंट उनके लिए अहम है। वहीं जोकोविच ने कहा, ' कि ये उनका अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट होगा या नहीं अभी इस बारे मे नहीं कहा जा सकता है। साथ ही कहा कि मैं अगले साल फ्रेंच ओपन



या किसी अन्य ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में भाग लूंगा या नहीं, ये भी तय नहीं है। उन्होंने कहा, 'मेरी इच्छा अभी कई और साल तक अभी खेलना है। मैं शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार रहना चाहता हूं और यही मेरा लक्ष्य है पर आगे क्या होगा ये नहीं कहा जा सकता है।

# केशव महाराज दक्षिण अफ्रीका की ओर से 200 विकेट लेने वाले पहले स्पिनर बने

**बुलावायो।** कप्तान केशव महाराज की शानदार गेंदबाज से दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 251 रनों पर समेट दिया। केशव ने अपनी टीम की ओर से सबसे अधिक तीन विकेट लिए। इसी के साथ ही उन्होंने एक अहम रिकार्ड भी अपने नाम कर लिया। केशव अपनी टीम की ओर से टेस्ट क्रिकेट में 200 विकेट लेने वाले पहले स्पिनर बन गये। इस मैच में अफ्रीकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 418 रन बनाये। इस प्रकार उसे पहली पारी के आधार पर 167 रनों की अच्छी खासी बढ़त मिल गयी है। दक्षिण अफ्रीका के लिए इससे पहले 8 गेंदबाजों ने 200 या उससे अधिक विकेट लिये पर वे सभी तेज गेंदबाज थे। महाराज ने 200 विकेट का आंकड़ा क्रेग एर्विन को आउट करके हासिल किया। केशव के अब अब 59 टेस्ट मैच में 202 विकेट हो गये हैं जिसमें 11 बार पांच विकेट और एक बार 10 विकेट शामिल हैं। गौरतब है कि दक्षिण अफ्रीका के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड तेज गेंदबाज डेल स्टेन के नाम है।



## आईसीसी

### हम एक बार फिर आईसीसी खिताब जीतने का प्रयास कर सकते हैं

# एक दिवसीय विश्वकप हारने के बाद कोच पद छोड़ना चाहते थे द्रविड़ : रोहित

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने खुलासा किया है कि 2023 एकदिवसीय विश्वकप में मिली हार से कोच राहुल द्रविड़ भी बेहद निराश थे और उन्होंने कोच पद छोड़ने की पेशकश की थी। रोहित के अनुसार तब मैंने उन्हें कोच बने रहने को मनाया था और कहा था कि छह माह बाद टी20 विश्पकप है जिसमें हम एक बार फिर आईसीसी खिताब जीतने का प्रयास कर सकते हैं। उसके बाद द्रविड़ टी20 विश्वकप तक कोच रहे थे। रोहित ने कहा, द्रविड़ 2023 विश्व कप के बाद पद छोड़ना चाहते थे पर हमने कहा, छह महीने में एक और वर्ल्ड कप है। हम इतनी दूर आ गए हैं। चलो एक और अवसर लेते हैं। वह इसके बाद कोच बने रहने तैयार हो गये, मुझे बहुत खुशी है कि उन्होंने



ऐसा किया। अब उन्हें लगता है कि उन्होंने तब सही फैसला लिया थास। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से, यह भावनात्मक भी था। एक क्रिकेटर के रूप में मेरी पहचान इस प्रारूप से शुरू हुई- 2007 टी20 विश्व कप में। वहीं 17 साल बाद फिर वही ट्राफी उठाना एक शानदार अनुभव था।

उन्होंने साथ ही कहा, बारबाडोस हमेशा मेरी मेरी यादों में रहेगा। यह मेरे क्रिकेट करियर का सबसे गौरवपूर्ण क्षण था। उस ट्रॉफी को उठाना, आईसीसी पुरुष टी20 विश्वकप 2024 का चैंपियन बनना। यह अवास्तविक था। मैंने 2007 के पहले टी20 विश्व कप खेला था और हमने महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी में जीत दर्ज की थी। वहीं 2024 में द्रविड़ के मुख्य कोच रहते इससे जीतना एक सुखद अहसास था। एकदिवसीय विश्वकप 2023 में टीम फाइनल में हार गयी थी, इसलिए भी ये जीत बेहद अहम रही।

### अजहर महमूद पाकिस्तान टेस्ट टीम के नए मुख्य कोच बने

**लाहौर।** पूर्व ऑलराउंडर अजहर महमूद पाकिस्तान की टेस्ट क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच बनाये गये हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अजहर के नाम की घोषणा कर दी है पर कहा है कि वह वह शुरुआत में कार्यवाहक मुख्य कोच रहेंगे। अजहर पिछले काफी समय से पुरुष क्रिकेट टीम के गेंदबाजी और असिस्टेंट कोच रहे हैं। वह अपने मौजूदा अनुबंध के समाप्त होने तक इस पद पर काम करेंगे।


दैनिक सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075



प्रयागराज बवाल के बाद सोमवार की सुबह सांसद चंद्रशेखर वाराणसी पहुंचे। पुलिस द्वारा उन्हें बाबतपुर एयरपोर्ट पर पहुंचाया गया। जहां से वे दिल्ली के लिए रवाना हुए। प्रयागराज में भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद को हाउस अरेस्ट किया गया। इसके बाद सोमवार की सुबह पुलिस द्वारा उन्हें वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डा पर लाया गया। इस दौरान एयरपोर्ट पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था।

### भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने किया संबोधन, बोली-

# पशु चिकित्सा में बेटियों की भागीदारी शुभ संकेत

## 11वें दीक्षांत समारोह में मेधावियों को पदक व उपाधि से किया गया सम्मानित





सत्ता सुधार ■ बरेली

भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि हमारी संस्कृति सभी प्राणियों में ईश्वर की उपस्थिति देखती है। पशु हमारे के लिए साधन और किसानों के लिए बल रहे हैं। उनसे मानव का परिवार को रिश्ता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के 11वें दीक्षांत समारोह में मेधावियों को पदक व उपाधि देकर सम्मानित किया। उन्होंने पशु चिकित्सा क्षेत्र में उपाधि और पदक पाने वाले मेधावियों को बधाई दी। कहा कि इस समारोह में छात्राओं की बड़ी संख्या में देखकर गर्व की अनुभूति होती है। बेटियां अन्य क्षेत्रों की तरह पशु चिकित्सा क्षेत्र में भी आगे रही हैं। यह बहुत ही शुभ संकेत है। राष्ट्रपति ने कहा कि आप सब ने निरीह और बेजुबान पशुओं की चिकित्सा और कल्याण के क्षेत्र को अपने करियर के रूप में चुना है। इस चुनाव के पीछे 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः' की भारतीय सोच का भी योगदान रहा है।



### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

राष्ट्रपति सुबह करीब 9:50 बजे भारतीय वायु सेना के विमान से त्रिशूल एयरबेस पर उतरीं। वहां उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी भी मौजूद रहे। यहां से वह सीधे आईवीआरआई परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार पहुंचीं। दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति ने स्नातक, मास्टर और डॉक्टरेट डिग्री के विद्यार्थियों को अपने हाथ से प्रमाण पत्र व गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया।

### पशु और मानव में एक परिवार का रिश्ता

राष्ट्रपति ने कहा कि 'ईशावास्यम् इदम् सर्वम्' के जीवन मूल्य पर आधारित हमारी संस्कृति, सभी जीव-जंतुओं में ईश्वर की उपस्थिति को देखती है। पशुओं से हमारे देवताओं व ऋषि-मुनियों का संवाद होता है। भगवान के कई अवतार भी इसी विशिष्ट श्रेणी में हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सक या शोधकर्ता के रूप में कार्य करें तो बेजुबान पशुओं के कल्याण की भावना मन में हो। पशु और मानव में एक परिवार का रिश्ता है।

### आईवीआरआई के योगदान को सराहा

उन्होंने कहा कि पशुओं में बीमारियों की रोकथाम में टीकाकरण की अहम भूमिका है। पशु चिकित्सा अनुसंधान में आईवीआरआई से जुड़े वैज्ञानिकों व शोधकर्ताओं का योगदान सराहनीय है। इस संस्थान ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को प्राप्त किया है। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम में अनके टीके यहीं पर विकसित किए गए हैं। यह गर्व की बात है। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि पशु हमारे लिए 'साधन' (परिवहन के लिए) और किसानों के लिए 'बल' रहे हैं। पशु के बिना किसान आगे नहीं बढ़ सकता है। पशु जीवन धन हैं। उनके बिना हम जिंदगी सोच नहीं सकते। राष्ट्रपति ने विलुप्त हो रहे जीव-जंतुओं पर चिंता जताई। कहा कि जब विभिन्न प्राणियों का संवर्धन होगा, तब जैव-विविधता बढ़ेगी और यह धरती तथा मानव जाति खुशहाल होगी। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान जैसी संस्थाओं से अपील है कि वे जैव-विविधता को बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाएं और आदर्श प्रस्तुत करें। प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा कि वैज्ञानिक व चिकित्सकों को चाहिए कि वह गांवों में जाकर धरातल पर पशुओं से संबंधित रोगों के निदान पर काम करें। गांव में किसान व महिलाएं आपको इस बारे में ज्यादा बेहतर तरीके से बताएंगे, तभी आप अच्छा उपचार कर सकेंगे। यह भी कहा कि आप लोग पशु चिकित्सा व शोध के लिए सरकार से आर्थिक मदद ले सकते हैं, ऐसा करके आप कृषि व पशु संरक्षण को बेहतर काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों को मेडल नहीं मिला है, वह निराश न हों और इसके लिए अभी से ज्यादा मेहनत करें।

### राष्ट्रपति ने भी हाथ हिलाकर स्वीकार किया अभिवादन

पहली बार गोरखपुर पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्वागत को लेकर हर जगह उत्साह दिखा। राष्ट्रपति की एक झलक पाने के लिए बच्चे बारिश में डेढ़ घंटे तक भीगते रहे। हवा के झोंकों के साथ आई तेज बारिश भी उनके इरादों को डिगा नहीं सकी। राष्ट्रपति का काफिला गुजरा तो भारत माता के जयकारों से माहौल गूंज उठा। महामहिम ने भी गाड़ी के अंदर से ही हाथ हिलाकर बच्चों का अभिवादन स्वीकार किया। कुनराघाट तिराहे पर पूर्वाह्न 11 बजे ही डस्ट टू क्राउन और नीना थापा इंटर कॉलेज के बच्चे पहुंच गए थे। इनके अलावा भाजपा के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी वहां मौजूद थे।

### नंदानगर में कठघोड़वा नृत्य से राष्ट्रपति का हुआ जोरदार स्वागत

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एयरपोर्ट उतारने के बाद उनका काफिला सर्किट हाउस की तरफ बढ़ा। जैसे ही नंदानगर पुलिस चौकी के सामने से गुजरा। आजमगढ़ की की ओर से राष्ट्रपति का जोरदार स्वागत कठघोड़वा नृत्य से किया गया। कलाकारों के हाथ में व स्थानीय लोगों के हाथों में तिरंगा भी रहा जिससे देशभक्ति का जज्बा चरम पर था। लोग भारत



माता के जयकारे लगा रहे थे। राष्ट्रपति के स्वागत में ढोल,मंजीरा व सिंहा भी बजाते रहे। एक तरफ नृत्य कलाकार कर रहे थे दूसरी तरफ राष्ट्रपति की एक झलक पाने के लिए लोग बारिश में भीगने के बाद भी निगाहे बिछाए खड़े थे। काफिला गुजरने के बाद लोगों ने हाथ हिला कर राष्ट्रपति अभिवादन किया। इस पर गाड़ी के अंदर से भी राष्ट्रपति ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। कुछ ने अपनी जगह पर खड़े होकर फूल भी बरसाए। आजमगढ़ से आई हुई 15 सदस्य टीम का नेतृत्व कर रहे मुन्ना लाल यादव ने कहा कि इस नेत्र को लिल्ली घोड़ी धोबिया नृत्य भी कहा जाता है। इस नृत्य को करके राष्ट्रपति का स्वागत कर हम खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

### पुणे विभाग को मिला 120 करोड़ से अधिक का राजस्व फायदा

# गर्मी में दौड़ी एसटी की किस्मत

शिवानी शर्मा ■ पुणे

महाराष्ट्र राज्य परिवहन की लाल बसें इस बार सिर्फ रास्तों पर ही नहीं, बल्कि मुनाफे की पटरियों पर भी सरपट दौड़ीं। पुणे एसटी विभाग ने अप्रैल और मई 2025 की गर्मी छुट्टियों में 120 करोड़ से अधिक का रिकॉर्ड राजस्व कमाया, जिसमें से 5 करोड़ से अधिक का शुद्ध लाभ दर्ज किया गया। एसटी विभाग ने छुट्टियों के मौसम में यात्रियों की भीड़ को भांपते हुए अतिरिक्त बसें, समयबद्ध सेवाएं, और बेहतर सुविधा प्रबंधन के जरिये यह लाभ अर्जित किया। 129 लाख यात्रियों ने इन दो महीनों में एसटी का सफर किया, जो एक सराहनीय आंकड़ा है।

**मुनाफे की मुख्य वजहें:** यात्रियों के लिए विशेष सुविधा योजना, महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा रियायतें,डिपो स्तर पर बेहतर प्रबंधन,पर्यटन और गृहनगर लौटने वालों की संख्या में वृद्धि विशाल डिपो जैसे स्वारगेट, शिवाजीनगर और वल्लभनगर से राज्य के कोने-कोने तक यात्रियों को जोड़ा गया। मई महीने में अकेले 4 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ, जो अब तक के किसी एक महीने का सर्वाधिक माना जा रहा है।

**क्या कहते हैं अधिकारी?:** पुणे एसटी विभाग के अधिकारियों ने कहा, यह परिणाम योजना, समय प्रबंधन और यात्रियों के भरोसे का प्रमाण है। हम आगे भी जनता को सुलभ, सुरक्षित और समयनिष्ठ सेवाएं देने का प्रयास करते रहेंगे। यह मुनाफा यह भी दर्शाता है कि सार्वजनिक परिवहन सही नीति और दिशा से आत्मनिर्भर बन सकता है।

### पीएमपीएमएल की 51 बसों में महिला कंडक्टरों की नियुक्ति

**पुणे।** पुणे महानगर परिवहन महामंडल लिमिटेड ने अपनी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और समावेशी बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। तेजसविनी योजना के तहत 51 बसों में महिला कंडक्टरों की नियुक्ति की गई है।

तेजसविनी योजना का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और भरोसेमंद यात्रा सुविधा प्रदान करना है। फिलहाल कुल 151 महिला कंडक्टर इस योजना के अंतर्गत पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ रूट्स पर सेवाएं दे रही हैं। इन विशेष बसों का संचालन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक किया जा रहा है- ये समय वह है जब महिला यात्री सबसे अधिक यात्रा करती हैं, जैसे ऑफिस, कॉलेज या बाजार जाते समय।

### राजनीतिक अस्थिरता के कारण सात गांवों का समावेश 10 सालों से अटका

**पुणे।** हिंजवडी, मान, गहूंजे, जांबे, मारुंजी, नेरे और सांगवडे – ये सात गांव 2014 में पुणे महानगरपालिका में शामिल किए जाने के लिए प्रस्तावित किए गए थे। लेकिन पिछले 10 वर्षों से यह निर्णय राजनीतिक अस्थिरता के कारण लटका हुआ है। गांव शहरीकरण की ओर बढ़ चुके हैं, मगर कानूनी रूप से अब भी ग्रामीण क्षेत्र माने जाते हैं। इससे स्थानीय नागरिकों को ना तो ग्रामपंचायत से सुविधाएं मिलती हैं, ना एमपीसी से।

नागरिकों का रोष, स्थानीय लोगों ने कहा- शहर की सीमा में आकर भी हम ग्रामीण जैसी ज़िंदिगी जी रहे हैं। सरकार न निर्णय ले रही है, न योजना बना रही है। अनियोजित विकास और अवैध निर्माण तेजी से बढ़ रहे हैं। ट्रैफिक, जल आपूर्ति, सीवेज, कचरा आदि समस्याएं विकराल रूप ले रही हैं।

# अदबी दरबार : बहुभाषिक कविता का जश्न

सत्ता सुधार ■ पुणे

पुणे की साहित्यिक फिजाओं में फिर गूंजेंगे जज़्बातों से लबरेज़ अल्फ़ाज़। तेजी से लोकप्रिय हो रहे मंच कविता ब्रह्मांड के बैनर तले आगामी शनिवार, 5 जुलाई को अदबी दरबार नामक एक विशेष बहुभाषिक काव्य संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह संध्या शाम 5 बजे से 7 बजे तक विशालनगर स्थित इनिशारी स्टूडियो में आयोजित होगी। इस अद्भुत आयोजन में हिंदी, उर्दू, मराठी और अंग्रेज़ी भाषाओं के चुनिंदा युवा और अनुभवी कवि एक ही मंच पर श्रोताओं से रूबरू होंगे। इसका उद्देश्य कविता को भाषाई बंधनों से परे ले जाकर भावनात्मक एकता और वैचारिक गहराई को उजागर करना है।

**इस अवसर पर कवियों की सूची:**

**उर्दू:** आनंद सिंह, जाव्वाद सय्यद, कमलेश बिस्वास

**हिंदी:** आरोही श्रीवास्तव, सत्यम श्रीवास्तव

**मराठी:** रश्मी मर्डी, शौनक कुलकर्णी

कविता ब्रह्मांड द्वारा कविता ब्रह्मांड यह पहल न सिर्फ़ कविता प्रेमियों के लिए एक संगीतमय अनुभव होगी, बल्कि यह भाषाओं के बीच सेतु बनाते हुए साहित्यिक अभिव्यक्ति को एक नया आयाम भी देगी।

# जेके टायर को निर्माण उत्कृष्टता व सुधार में गोल्ड अवार्ड

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



ग्वालियर अंचल की प्रमुख औद्योगिक इण्डस्ट्रीज जेके टायर ने फिर से देशभर में अपना परचम लहराया है। जेके टायर बानमोर प्लांट ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये देशभर में गोल्ड अवार्ड जीता हैं। यह गोल्ड अवार्ड जेके टायर को विनिर्माण उत्कृष्टता, नवाचार और निरंतर सुधार के लिये दिया गया है। यह गोल्ड अवार्ड गत दिवस जेके टायर बानमोर के मुख्य महाप्रबंधक विजय सिंह ने मुंबई में आईटीसी मराठा में आयोजित समारोह में प्राप्त किया। जेके टायर के मुख्य महाप्रबंधक विजय सिंह ने बताया कि इंटरनेशनल रिसर्च इंस्टीटयूट फार मैन्युफैक्चरिंग संस्था ने जेके टायर को अंर्तराष्ट्रीय विनिर्माण प्रतिस्पर्धा में सर्वोत्तम उत्कृष्टता के लिये चुना है। जेके टायर की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर देशभर से जेके टायर को बधाई संदेश भी मिले हैं।

### पुलिस का एक्शनः डेयरी की आड़ में पशु तस्करी करने वालों पर शिकंजा

**वाराणसी।** वाराणसी जिले की लंका पुलिस ने रमना बजबजा प्लांट के समीप घेराबंदी करके चार पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशांदेही पर 38 गाय, तीन सांड, 17 बछिया को मुक्त कराया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान शुभम भारती निवासी टिकरी चितईपुर, रतन लाल राजभर निवासी खनाव रोहनिया, विजय शंकर यादव ऊर्फ भोला यादव निवासी नेवादा सुंदरपुर और सत्यपाल सिंह निवासी बैरमपुर अहरौरा मिर्जापुर के रूप में हुई। सभी आरोपियों का मुख्य सरगना फरार सुनील यादव निवासी न्यू कॉलोनी ककरमता भेलुपुर का रहने वाले हैं। तस्करी में उपयोग करने वाली टाटा एस गोल्ड एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि डेयरी संचालकों और स्थानीय लोगों से पशुओं को खरीदकर और घूमने वाले पशुओं को पकड़कर डेयरी में रखते हैं। पुलिस से बचने के लिए छोटी गाड़ी से पशुओं को दो- तीन की संख्या में बिहार भेजते हैं।

### भारत गौरव स्पेशल ट्रेन : गोरखपुर से सुबह 150 यात्रियों को लेकर रवाना हुई

**गोरखपुर।** सोमवार की सुबग भारत गौरव ट्रेन 150 यात्रियों को लेकर रवाना हुई। आईआरसीटीसी इन यात्रियों को सात ज्योतिर्लिंग और धार्मिक स्थलों का दर्शन कराएगा। सोमवार को प्लेटफार्म नंबर एक से ट्रेन रवाना हुई। आईआरसीटीसी की तरफ से सभी यात्रियों की स्वागत किया गया। देश के सात ज्योतिर्लिंग और धार्मिक स्थलों का दर्शन कराने के लिए भारत गौरव स्पेशल ट्रेन सोमवार को रवाना हो गई। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन (आईआरसीटीसी) की ओर से चलाई जा रही ट्रेन गोरखपुर से सुबह नौ बजे चली, जो 12 दिनों की यात्रा कराने के बाद ट्रेन 11 जुलाई को लौटेगी। ट्रेन में स्लीपर और एसी श्रेणी के कोच लगाए गए हैं।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक गोपाल श्रीवास्तव, द्वारा मेसर्स डीबी कॉर्प लिमिटेड प्लॉट नं.36 इंडस्ट्रियल एरिया चनाटोरिया सागर (म.प्र.) से मुद्रित एवं तिरुपतिपुरम, अशोक विहार कॉलोनी के पीछे तीली वार्ड सागर, से प्रकाशित। स्थानीय संपादक-संजय कुमार गुप्ता*, मोबाईल न. 9424880832
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, ई मेल- sattasudharbpl@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। 0755-4002626, 4939910